


केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बोले- 31 मार्च से पहले नक्सल का सफाया तय - 12



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा- नीतिगत स्थिरता का सिद्धांत बजट का आधार- 12



अमेरिकी सांसद बोले- ऐसा लगता है जैसे डलास में नहीं आप पाकिस्तान में - 13



उलटफेर से बाल-बाल बचा इंग्लैंड नेपाल को चार रन से हराया - 14


आज का मौसम
19.0° अधिकतम तापमान
10.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.56
सूर्यास्त 05.57

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| हल्द्वानी |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन कृष्ण पक्ष अष्टमी विक्रम संवत 2082

सोमवार, 9 फरवरी 2026, वर्ष 5, अंक 350, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## लोक संस्कृति संवार रहा सेवा संकल्प फाउंडेशन : धामी



**मातृशक्ति का सम्मान :** उत्तरायणी कौथिग महोत्सव में विशिष्ट अतिथि बिशना देवी का सम्मान करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पूर्व सीएम भगत सिंह कोश्यारी एवं सेवा संकल्प फाउंडेशन की फाउंडर ट्रस्टी गीता धामी। ● अमृत विचार

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

- मुख्यमंत्री धामी ने उत्तरायणी कौथिक महोत्सव के समापन कार्यक्रम को किया संबोधित
- लोक संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन में सेवा संकल्प फाउंडेशन की भूमिका को सराहा

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा, हमारी सरकार 'विकल्प रहित संकल्प' के साथ सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। रविवार को परेड ग्राउंड में सेवा संकल्प फाउंडेशन द्वारा आयोजित उत्तरायणी कौथिग महोत्सव के समापन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि, फाउंडेशन द्वारा आयोजित यह महोत्सव उत्तराखंड की समृद्ध लोक-सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत बनाए रखने का सराहनीय प्रयास है।

ऐसे आयोजनों के माध्यम से लोक संस्कृति को एक सूत्र में पिरोकर भावी पीढ़ी तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है। उन्होंने महोत्सव के सफल आयोजन के लिए सेवा संकल्प फाउंडेशन, इसकी संस्थापक गीता धामी एवं समस्त आयोजन समिति को साधुवाद देते हुए कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन राज्य की पहचान को और अधिक सशक्त करते हैं। सीएम ने कहा कि इन आयोजनों के माध्यम से लोक कलाओं, पारंपरिक वेशभूषा, हस्तशिल्प एवं कारीगरी को नजदीक से जानने और समझने का अवसर प्राप्त होता है।

सीएम ने कहा कि जागर, बेड़ा, मांगल, खुदेड़, छोपाटी जैसे लोकगीतों तथा छोलिया, पांडव और झोड़ा-छपेली जैसे लोकनृत्य उत्तराखंड की सांस्कृतिक आत्मा हैं, जिन्हें संरक्षित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने चार दिवसीय आयोजन में लगे स्टॉलों के माध्यम से पारंपरिक हस्तशिल्प, जैविक उत्पादों एवं उत्तराखंडी व्यंजनों के सुंदर प्रदर्शन की भी सराहना की। सेवा संकल्प फाउंडेशन की फाउंडर ट्रस्टी गीता धामी ने कहा कि बीते 4 दिनों से इस महोत्सव के माध्यम से उत्तराखंड की लोक संस्कृति को जीवंत रखने का कार्य किया गया है। इस महोत्सव में उत्तराखंड की समृद्ध लोक संस्कृति, पारंपरिक उत्पाद, जीवनशैली को सुंदर रूप में प्रस्तुत किया गया। इस महोत्सव का शुभारंभ शंखनाद से हुआ था और कार्यक्रम का सफल आयोजन सभी की मेहनत का फल है। कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश ने विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ है। समारोह में पूर्व राज्यपाल, पद्मभूषण भगत सिंह कोश्यारी, बिशना देवी, कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, अध्यक्ष केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड पद्मश्री प्रसून जोशी सहित विधायक एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### संस्कृति का संरक्षण बेहद जरूरी

गीता धामी ने कहा कि आधुनिकता के साथ संस्कृति का संरक्षण भी बेहद जरूरी है। जब तक संस्कृति जीवित है, तब तक हमारी पहचान और सम्मान है। सनातन संस्कृति ही सबसे पुरातन संस्कृति है। उन्होंने सभी से उत्तराखंड के स्थानीय उत्पादों की अधिक से अधिक खरीदारी करने का आह्वान किया, जिससे हम राज्य के अर्थव्यवस्था को बढ़ा सकें और उत्तराखंड को आत्मनिर्भर उत्तराखंड बनाएं।

## ब्रीफ न्यूज

### मैनपुरी में 13 वर्षीय क्रिकेट खिलाड़ी की हार्ट अटैक से मौत

**मैनपुरी।** मैनपुरी जिले के बिछवां थाना क्षेत्र में रविवार को क्रिकेट खेलते समय 13 वर्षीय छात्र विराट सिंह की अचानक मौत हो गई। पुलिस के अनुसार सहारा गांव निवासी सोमेंद्र सिंह का पुत्र विराट मैच खेल रहा था। गेंदबाजी के दौरान उसके हाथ में अचानक तेज दर्द उठा और वह जमीन पर गिरकर तड़पने लगा। कुछ ही देर में वह बेहोश हो गया। उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक तौर पर हृदयाघात की आशंका जताई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। विराट अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था।

### एपस्टीन मामला: ब्रिटेन के पीएम के चीफ ऑफ स्टाफ ने इस्तीफा दिया

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर के चीफ ऑफ स्टाफ ने यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन के साथ संबंधों के बावजूद अमेरिका में ब्रिटेन के राजदूत के रूप में पीटर मैंडेलसन की नियुक्ति को लेकर विवाद के बीच रविवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। प्रधानमंत्री के चीफ ऑफ स्टाफ मॉर्गन मैकस्वीनी ने कहा कि 2024 में मैंडेलसन को अमेरिका में राजदूत नियुक्त करने का निर्णय गलत था और वह स्टॉर्मर को ऐसा करने की सलाह देने के लिए पूरी जिम्मेदारी लेते हैं।

# मलेशिया में मोदी बोले- आतंकवाद पर नहीं चलेंगे दोहरे मापदंड और न कोई समझौता

## प्रधानमंत्री ने कहा-दोनों पक्ष हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता के लिए प्रतिबद्ध

- कई प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए भारत-मलेशिया ने 11 समझौतों पर किए हस्ताक्षर

कुआलालंपुर, एजेंसी

भारत और मलेशिया ने रविवार को व्यापार एवं निवेश, रक्षा, ऊर्जा, उन्नत विनिर्माण तथा सेमीकंडक्टर जैसे उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में अपने संबंधों का विस्तार करने का संकल्प लिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जोर देकर कहा कि दोनों पक्ष हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता के लिए प्रतिबद्ध हैं।

मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के साथ व्यापक वार्ता के बाद मोदी ने आतंकवाद से निपटने के मुद्दे पर भारत के रुख को दोहराते हुए कहा आतंकवाद पर हमारा संदेश स्पष्ट है, कोई दोहरा मापदंड नहीं, कोई समझौता नहीं। दोनों पक्षों ने सेमीकंडक्टर क्षेत्र में गहन सहभागिता के लिए एक रूपरेखा समझौते सहित कई प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए कुल 11 समझौतों और दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए। मोदी शनिवार को कुआलालंपुर पहुंचे। मोदी और इब्राहिम दोनों ने व्यापार निस्तारण के लिए स्थानीय मुद्राओं - भारतीय रुपया और मलेशियाई रिंगिट के उपयोग को बढ़ावा देने के प्रयासों की सराहना की। मोदी ने भारत-मलेशिया संबंधों को विशेष बताते हुए कहा, हम रणनीतिक विश्वास के माध्यम से आर्थिक परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त करेंगे। उन्होंने मीडिया में जारी अपने बयान में कहा, हम समुद्री पड़ोसी हैं। सदियों से दोनों देशों के लोगों के बीच गहरे और स्नेहपूर्ण संबंध रहे हैं। मोदी ने मलेशिया में भारतीय वाणिज्य दूतावास स्थापित करने के भारत के निर्णय की भी घोषणा की। अपने संबोधन में इब्राहिम ने भारत की आर्थिक वृद्धि का उल्लेख किया और कहा कि अगर उनका देश भारत के साथ सहयोग के और अधिक तरीके एवं अवसर तलाश सके तो उसे बहुत लाभ होगा। उन्होंने कहा, यह (भारत की आर्थिक वृद्धि) अंतर्राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था और व्यापार के क्षेत्र में एक शानदार उन्नति है। उन्होंने द्विपक्षीय व्यापार के लिए स्थानीय मुद्राओं का उपयोग करने के निर्णय को उल्लेखनीय बताया। वार्ता के दौरान मलेशिया ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार के बाद भारत की स्थायी सदस्यता के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया। सुरक्षा क्षेत्र में सहयोग के बारे में विस्तार से बताते हुए मोदी ने कहा कि आतंकवाद विरोधी अभियान, खुफिया जानकारी साझा करने और समुद्री सुरक्षा में सहयोग को मजबूत किया जाएगा, साथ ही दोनों पक्ष रक्षा संबंधों को और आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा, एआई और डिजिटल प्रौद्योगिकियों के साथ-साथ हम सेमीकंडक्टर, स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में साझेदारी को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि सीईओ फोरम में हुई चर्चाओं ने व्यापार और निवेश के नए अवसर खोले हैं। मोदी ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र पर भारत के रुख और इस क्षेत्र में 10 देशों के समूह वाले आसियान (दक्षिणपूर्व एशियाई देशों का संघ) की केंद्रीय भूमिका पर भारत के दृढ़ विचारों का उल्लेख किया। (संबंधित देश-विदेश पर)



समझौता ज्ञापनों के आदान-प्रदान के दौरान मोदी और उनके समकक्ष अनवर इब्राहिम।

### विकास के इंजन के रूप में उभर रहा हिंद-प्रशांत

प्रधानमंत्री ने कहा, हिंद-प्रशांत क्षेत्र विश्व के विकास के इंजन के रूप में उभर रहा है। भारत आसियान के साथ मिलकर पूरे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में विकास, शांति और स्थिरता के लिए प्रतिबद्ध है। मलेशिया जैसे मित्र देशों के सहयोग से भारत आसियान के साथ अपने संबंधों को और अधिक विस्तारित करेगा। हम इस बात से सहमत हैं कि आसियान-भारत व्यापार समझौते (आईटीआईजीए) की समीक्षा शीघ्रता से पूरी की जानी चाहिए। मोदी ने कहा कि उन्होंने और इब्राहिम ने क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर भी सार्थक चर्चा की। उन्होंने कहा, वैश्विक अस्थिरता के इस माहौल में भारत और मलेशिया के बीच बढ़ती मित्रता दोनों देशों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, हम इस बात से सहमत हैं कि आज की चुनौतियों का सामना करने के लिए वैश्विक संस्थानों में सुधार आवश्यक है। हम शांति के सभी प्रयासों का समर्थन करना जारी रखेंगे और आतंकवाद पर हमारा संदेश स्पष्ट है कोई दोहरा मापदंड नहीं, कोई समझौता नहीं।

## अगर संघ कहेगा तो पद छोड़ने के लिए तैयार हूं : भागवत

मुंबई, एजेंसी

- आरएसएस के शताब्दी समारोह में संघ प्रमुख ने किया संवाद
- कहा- संगठन ने उनसे उनकी उम्र के बावजूद काम जारी रखने को कहा




आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि अगर संघ उन्हें पद से हटने के लिए कहेगा तो वह इस्तीफा दे देंगे और इस संगठन ने ही उनसे उनकी उम्र के बावजूद काम जारी रखने के लिए कहा है। भागवत ने यह भी कहा कि संघ का नेतृत्व करने वाला व्यक्ति हमेशा एक हिंदू ही होगा, चाहे उसकी जाति कुछ भी हो और शीर्ष पद सबसे योग्य उम्मीदवार को ही दिया जाएगा।

उन्होंने कहा, आरएसएस प्रमुख के पद के लिए कोई चुनाव नहीं होता। क्षेत्रीय और मंडल प्रमुख ही संघ प्रमुख की नियुक्ति करते हैं। वह आरएसएस शताब्दी समारोह में उपस्थित लोगों के साथ एक संवादात्मक सत्र के दौरान प्रश्नों का उत्तर दे रहे थे।

उन्होंने कहा, मैंने 75 वर्ष पूरे कर लिए और मैंने आरएसएस को इसकी सूचना भी दे दी थी, लेकिन संगठन ने मुझसे काम जारी रखने को कहा। जब भी आरएसएस मुझसे पद छोड़ने को कहेगा, मैं पद छोड़ दूंगा लेकिन काम से सेवानिवृत्ति कभी नहीं होगी। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि आरएसएस प्रमुख को हिंदू होना चाहिए चाहे उसकी जाति कोई भी हो।

### जाति का अस्तित्व अब राजनीतिक उद्देश्यों,

**मुंबई।** भागवत ने कहा कि जाति का अस्तित्व अब काफी हद तक स्वार्थी हितों और राजनीतिक उद्देश्यों के लिए है, क्योंकि इसका पारंपरिक व्यवसाय आधारित आधार लुप्त हो गया है। भागवत ने जाति आधारित संघर्षों से निपटने के लिए संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया। कहा कि नेता जाति के नाम पर वोट मांगते हैं, क्योंकि जातिगत पहचान समाज में गहराई से समाई हुई है। उन्होंने कहा, नेता विचारधारा से नहीं, बल्कि चुनावी हितों से प्रेरित होते हैं। जाति का अस्तित्व अब स्वार्थी हितों और राजनीतिक उद्देश्यों के लिए है, क्योंकि जाति का पारंपरिक व्यवसाय आधारित आधार बहुत पहले ही लुप्त हो चुका है।

## कार्बेट के जंगलों से निकल हाईवे पर आया हाथियों का परिवार



उत्तराखंड के राम नगर में सड़क पर आया हाथियों का झुंड।

संवाददाता, रामनगर

- लोगों ने इस अदभुत नजारे को कैमरे में किया कैद, कुछ देर तक सड़क पर वाहनों के पहियों की थमी रही रफ्तार

**अमृत विचार :** नैनीताल के कार्बेट से लगे जंगलों से अचानक हाथियों का झुंड नेशनल हाईवे पर दिखाई दिया। इससे जहां दोनों ओर वाहनों की रफ्तार थम गई। लोगों ने वन्य प्राणियों के इस दृश्य को अपने कैमरों कैद करने का मौका भी नहीं छोड़ा। यह दृश्य रामनगर से करीब चार किलोमीटर आगे रिंगोड़ा कॉर्बेट से लगे वन क्षेत्र से निकलते दिखाई दिया। इस झुंड में वयस्क हाथियों के साथ-साथ उनके बच्चे भी शामिल थे।

अचानक सड़क पर हाथियों को देखकर हाईवे के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात कुछ समय के लिए पूरी तरह ठप हो गया। गजराजों को गुजरते देख मौके पर मौजूद वाहन चालकों और पर्यटकों ने संयम और समझदारी का परिचय दिया। किसी भी व्यक्ति ने हाथियों को परेशान करने की कोशिश नहीं की और सभी ने अपने वाहन रोककर शांतिपूर्वक इंतजार किया। हाथियों का झुंड पूरी सतर्कता के साथ सड़क पार करता रहा, जबकि मादा हाथी बच्चों की सुरक्षा में आगे-पीछे चलती नजर आईं। यह दृश्य देखने वालों के लिए किसी जंगल सफारी से कम नहीं था। कुछ मिनटों बाद जब हाथियों का पूरा झुंड सुरक्षित रूप से सड़क पार कर जंगल की दूसरी ओर चला गया, तब जाकर यातायात सुचारु किया गया। इसके बाद हाईवे पर वाहनों की आवाजाही सामान्य हो सकी। दिन के उजाले में इस तरह हाथियों का सड़क पर आना लोगों के लिए अनोखा अनुभव रहा। हाईवे से गुजर रहे कई पर्यटकों ने कहा कि वे कॉर्बेट पार्क के अंदर हाथियों और अन्य वन्यजीवों को देखने के लिए सफारी बुक कराते हैं, लेकिन आज तो यह नजारा सड़क पर खुद ही उतर आया।

## पहली बार रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में पहुंचा उत्तराखंड

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड की रणजी टीम ने इतिहास रच दिया है। जमशेदपुर के कीनन स्टेडियम में खेले गए क्वार्टर फाइनल मुकाबले में झारखंड को एक पारी और 6 रन से करारी शिकस्त देकर उत्तराखंड ने पहली बार सेमीफाइनल का टिकट पक्का कर लिया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पहली बार रणजी खेलने जा रही उत्तराखंड टीम को बधाई दी है। इस ऐतिहासिक जीत के नायक हल्द्वानी के स्पिन गेंदबाज मयंक मिश्रा रहे, जिन्होंने अपनी घातक गेंदबाजी से झारखंड के बल्लेबाजों को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए उत्तराखंड ने 371 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया। जवाब में झारखंड की टीम उत्तराखंड की सधी हुई गेंदबाजी के सामने टिक नहीं सकी। (विस्तृत प्रदेश पेज पर)

## पीएनबी के पांच अधिकारियों पर मुकदमा दर्ज

- नोएडा के एक होटल व्यापारी की 60 करोड़ की संपत्ति हड़पने की थी साजिश अदालत के आदेश के बाद हुआ मुकदमा

**नोएडा।** नोएडा-सेक्टर 49 में पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के पांच अधिकारियों के खिलाफ 60 करोड़ रुपये की संपत्ति को हड़पने की साजिश रचने का मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि एक होटल व्यापारी की याचिका पर अदालत के आदेश के बाद यह मुकदमा दर्ज किया गया।

थाना सेक्टर 49 के प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार भारद्वाज ने बताया कि शनिवार रात को नोएडा सेक्टर-47 निवासी होटल कारोबारी अनिल बब्बर (66) की शिकायत पर बैंक के क्षेत्रीय प्रमुख रविंद्र कुमार पांडे, क्षेत्रीय प्रबंधक प्रिया रंजन, शाखा प्रबंधक नरेंद्र सिंह बिष्ट, जोनल हेड एसएन दुबे और एमसीसी हेड मनीष कश्यप के खिलाफ धोखाधड़ी और साजिश रचने की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। शिकायतकर्ता के मुताबिक, उसने 2013 में हरिद्वार स्थित पीएनबी की एक शाखा से होटल खरीदने और संचालन के लिए 9.5 करोड़ रुपये का 'टर्म लोन' लिया था और उस समय नौ प्रतिशत की वार्षिक ब्याज दर तय हुई थी। उन्होंने 2016 तक 13 करोड़ बैंक को चुका दिया लेकिन हैरानी तब हुई, जब बैंक ने अचानक ब्याज दर नौ से बढ़ाकर 15% कर दी और उन पर पांच करोड़ का अतिरिक्त बकाया दिखा दिया। पीड़ित ने बताया कि उनके होटल की वर्तमान बाजार कीमत 60 करोड़ है लेकिन अधिकारियों ने संपत्ति का मूल्यांकन केवल 23 करोड़ रुपये दिखाया। सरफेसी एक्ट की आड़ में 60 करोड़ की संपत्ति को अपने किसी चहेते के नाम पर केवल 20 करोड़ रुपये में नीलाम करने की तैयारी कर रहे हैं।

साक्षात्कार | वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने कहा- समझौते में कृषि और घरेलू उद्योगों के लिए पर्याप्त सुरक्षा उपाय शामिल

# किसानों की मदद करेगा अमेरिका से व्यापार समझौता : गोयल

नई दिल्ली, एजेंसी



वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को कहा कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौते में किसानों और घरेलू उद्योग के हितों की रक्षा के लिए पर्याप्त सुरक्षा उपाय किए गए हैं। गोयल ने कहा कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौता अंततः हमारे किसानों की मदद करेगा।

गोयल ने कहा कि भारतीय किसान पहले से ही 50-55 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य के कृषि और मछली उत्पादों का निर्यात कर रहे हैं। भारतीय सामानों को अमेरिकी बाजार में प्रतिस्पर्धात्मक लाभ मिलेगा क्योंकि उन पर 18 प्रतिशत शुल्क लगेगा, जबकि प्रतिस्पर्धी देशों जैसे चीन पर 35 प्रतिशत तक शुल्क लगता है और अन्य देशों पर 19 प्रतिशत से अधिक शुल्क लागू है। उन्होंने एक साक्षात्कार में यूरोपीय संघ के मुक्त व्यापार समझौते का उदाहरण देते हुए कहा कि भारत- यूरोपीय संघ व्यापार समझौते से संबंधित बड़ी संख्या में दस्तावेजों के साथ वह मंत्रिमंडल में गए थे। उन्होंने कहा, अभी कई मुद्दे हैं जिन्हें शामिल किया जाना बाकी है। यह दोनों पक्षों के लिए लागू होता है। मुझे यकीन है कि अगर हम उनके बाजार में बहुत अधिक उत्पाद भेजेंगे तो अमेरिका भी अपने हितों की रक्षा करना चाहेग। यह किसी भी बातचीत का सामान्य परिणाम है। उन्होंने कहा, यह अभी प्रक्रिया में है। सुरक्षा उपाय हमेशा मौजूद रहते हैं। यदि कोई यह बताने की कोशिश कर रहा है कि यह दो-पृष्ठीय संयुक्त बयान में शामिल नहीं है, तो वह लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रहा है। अभी भी कई बातों में स्पष्टता की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत और अमेरिका दोनों ही कुछ विशिष्ट उत्पादों को लेकर संवेदनशील हैं और उन उत्पादों के लिए दोनों पक्षों ने सुरक्षा उपाय रखे हैं। उन्होंने कहा, हमने इन सभी की सुरक्षा सुनिश्चित कर ली है।

### गोयल बोले- सीमित कृषि आयात होगा अगर कुछ देंगे नहीं तो लेंगे कैसे

गोयल ने यह भी बताया कि भारत ने डेयरी उत्पादों, आनुवंशिक रूप से संशोधित उत्पादों, मांस, मुर्गी पालन, सोया मील और मक्का पर किसी भी प्रकार की शुल्क छूट नहीं दी है। उन्होंने कहा कि हालांकि कुछ दालें और फलियां हैं, जिन्हें भारत आयात करता है, और उनके लिए हमने सीमित रूप में बाजार पहुंच प्रदान की है। उन्होंने कहा, अंतत :, यह लेनदेन का मामला होना चाहिए। इसलिए, अगर मैं कुछ नहीं दूंगा तो मैं अमेरिका में अपने किसानों के लिए बाजार कैसे खोलूंगा।

### सभी हितधारकों में सबसे बड़ा ग्राहक उसे सस्ता मिले तो हर्ज क्या

मंत्री ने कहा कि भारत ने अपने क्षेत्रों को बहुत ही सुनियोजित तरीके से खोला है। सूखे मेवों के बारे में उन्होंने कहा कि भारत लगभग साढ़े तीन अरब डॉलर के सूखे मेवे आयात कर रहा है और उसमें से एक अरब डॉलर पहले ही अमेरिका से आ रहा है। उन्होंने कहा, अगर यह अमेरिका से आता है तो मुझे कोई आपत्ति नहीं है। इससे उपभोक्ताओं को लाभ होता है। वैसे भी, सभी हितधारकों में सबसे बड़ा हितधारक ग्राहक है, यानी 1.4 अरब भारतीय। यदि उन्हें कुछ सस्ता मिलता है तो इसमें क्या हर्ज है।

## स्टेट ब्रीफ

### कुलपति प्रो. रावत को मिला राष्ट्रीय सम्मान

**नैनीताल :** कुमाऊं विवि, नैनीताल के कुलपति प्रो. (कर्नल) दीवान एस रावत को देश के उच्च शिक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए 'आउटस्टैंडिंग वाइस चांसलर ऑफ इंडिया' के राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान इंडिया एजुकेशन नेटवर्क द्वारा आयोजित 15वें इंडिया एजुकेशन समिट एवं अवॉड्र्स-2026 के दौरान नई दिल्ली में प्रदान किया गया। इंडिया एजुकेशन नेटवर्क शिक्षा नेतृत्व, अकादमिक नवाचार और संस्थागत विकास को बढ़ावा देने वाली एक प्रतिष्ठित संस्था है। प्रो. रावत को कुमाऊं विश्वविद्यालय में किए गए प्रशासनिक सुधारों, अकादमिक सुदृढ़ीकरण, शोध को प्रोत्साहन और डिजिटल व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सम्मानित किया गया। उनके नेतृत्व में विश्वविद्यालय ने गुणवत्ता आधारित शिक्षा, शोध एवं नवाचार के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। कुलपति रावत ने कहा कि आज डिग्री पर्याप्त नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों को व्यावहारिक कौशल, नवाचार जरूरी है।


लोहाघाट उपजिला अस्पताल में राजकीय पॉलीटेक्निक की छात्रा के साथ परिजन।

### केमिकल की गैस से बीमार शिक्षिका सहित तीन छात्राओं का उपचार जारी

**लोहाघाट :** छमनिया चौड़ स्थित राजकीय पालीटेक्निक में ऐसीटिल क्लोराइड केमिकल गिरने से बेहोश शिक्षिका और तीन छात्राओं का उपचार जारी है। अन्य छात्राओं को छुट्टी दे दी गई है। राजकीय पालीटेक्निक में शनिवार को फार्मेसी प्रथम वर्ष की छात्राएं लैब में प्रैक्टिकल करने के दौरान केमिकल गिर गया था गैस की चपेट में आ गई थी। जिसके बाद संस्थान ने सभी छात्राओं और शिक्षिका को बेहोशी की हालत में उप जिला अस्पताल लोहाघाट उपचार के लिए पहुंचाया। रविवार को उपचार कर रहे डा. मोहम्मद अजीम ने बताया कि शिक्षिका शैलजा, छात्रा काजल, कामाख्या और गुंजन को सांस लेने में दिक्कतें आ रही हैं। जिन्हें अभी अस्पताल में रखा गया है। अन्य छात्राओं को छुट्टी दे दी गई है। इधर चिकित्सा अधीक्षक डा. विराज राठी ने बताया कि छात्राओं को एसीटल क्लोराइड की गैस से बेहोशी आई थी। बताया कि यह रसायन पानी या नमी के संपर्क में आते ही हाइड्रोक्लोरिक एसिड और एसिटिक एसिड बनाता है, जिससे जलन और टिशू डैमेज होता है।

### पीढ़ियों तक लड़कियां असहजता में जीने को रहीं मजबूर, सुप्रीम कोर्ट का फैसला बना उम्मीद की किरण

# मासिक धर्म अब अधिकार, न भय और न शर्म की बात

रीता मटियाली हल्द्वानी

**अमृत विचार:** मासिक धर्म से जुड़ी स्वच्छता और स्वास्थ्य सुविधाओं को मूल अधिकार के दायरे में शामिल करने के सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले ने वर्षों से चली आ रही सामाजिक चुप्पी पर सीधा सवाल भी खड़ा किया है। यह फैसला केवल सुविधाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि उस सोच को बदलने की कोशिश है, जिसने पीढ़ियों तक लड़कियों को डर, शर्म और असहजता में जीने को मजबूर किया।

जनवरी माह में आए इस फैसले ने कई महिलाओं को अपने बीते अनुभवों की ओर लौटा दिया। स्कूल के वे दिन, जब माहवारी के दौरान लड़कियां खेल के मैदान या कक्षा से दूर, बरामदों के किसी कोने में चुपचाप बैठी रहती थीं। तबीयत खराब होने का बहाना बनाना आम था, लेकिन असली वजह कोई नहीं जानता था या शायद जानना नहीं चाहता था।

सैनिटरी पैड जैसी बुनियादी सुविधा का अभाव, कपड़ों पर दाग लगने का डर और विषय पर खुलकर बात करने की मनाही ने मासिक धर्म को एक प्राकृतिक प्रक्रिया की बजाय शर्म और भय से जोड़ दिया। यह स्थिति केवल पहाड़ी या ग्रामीण क्षेत्रों तक सीमित नहीं थी, बल्कि शहरों में भी सैनिटरी पैड को छुपाकर दिया जाना आम बात थी।

यूनिसेफ और सरकारी अध्ययनों के अनुसार, आज भी देश में लगभग 20 से 25 प्रतिशत किशोरियां माहवारी के दौरान स्कूल नहीं जा पातीं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण यह बताता है कि ग्रामीणऔर पहाड़ी क्षेत्रों में बड़ी संख्या में महिलाएं अब भी सुरक्षित मासिक स्वच्छता साधनों से वंचित हैं। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट का यह कहना कि माहवारी से जुड़ी स्वच्छता और स्वास्थ्य सुविधाएं जीवन और गरिमा के अधिकार का हिस्सा हैं, एक ऐतिहासिक और संवेदनशील पहल मानी जा रही है। यह फैसला आने वाली पीढ़ियों के लिए उम्मीद की किरण है ताकि किसी लड़की की शिक्षा, स्वास्थ्य और आत्मसम्मान पर माहवारी का बोझ न पड़े।

#### गांवों में आज भी दिखता है माहवारी को लेकर भेदभाव

मिलनसार सामाजिक एवं सांस्कृतिक समिति की अध्यक्ष उर्मिला मेहरा बताती हैं कि गांवों में माहवारी के दौरान महिलाओं के साथ आज भी भेदभाव किया जाता है। उन्होंने कहा, मैंने स्वयं देखा है कि माहवारी के दौरान महिलाओं को अलग बैठाया जाता है और तीन दिन तक नहाने तक की मनाही होती है। हमने लोगों को समझाया कि अगर अलग बैठाना है तो साफ-सुथरी और सम्मानजनक व्यवस्था होनी चाहिए। सरकार सैनिटरी पैड बांट रही है, यह अच्छा कदम है, लेकिन जब तक महिलाओं, बालिकाओं और पुरुषों को जागरूक नहीं किया जाएगा, तब तक इसका पूरा लाभ नहीं मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि घरों में पुरुषों को भी संवेदनशील बनाना जरूरी है, ताकि बेटियां और बहनें माहवारी से जुड़ी समस्याओं पर खुलकर बात कर सकें और जरूरत पड़ने पर डॉक्टर तक पहुंच सकें।


अमृत मंथन

#### महिला डिग्री कॉलेज में उपलब्ध हैं सैनिटरी पैड

महिला डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ. ऋतुराज पंत ने बताया कि कॉलेज में छात्राओं और अन्य महिलाओं के लिए सैनिटरी पैड की व्यवस्था की गई है। एक सामाजिक संस्था के सहयोग से कॉलेज में सैनिटरी पैड उपलब्ध कराए जा रहे हैं, ताकि छात्राओं को किसी तरह की असुविधा न हो। यह प्रयास महिलाओं के स्वास्थ्य और आत्मसम्मान से जुड़ा है।

# जीत की संभावना वाले को ही प्रत्याशी बनाएगी भाजपा

## 2027 के विस चुनाव की तैयारियां तेज, 14 को प्रदेश कोर कमेटी की पहली बैठक

प्रमुख संवाददाता, देहरादून


प्रदेश मुख्यालय में पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता ग्रहण करते विपक्षी नेता।

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन ने मिशन 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियां तेज कर दी हैं। पार्टी के प्रदेश मुखिया महेंद्र भट्ट ने रविवार को स्पष्ट किया कि विधानसभा टिकट के लिए उसी प्रत्याशी का चयन होगा, जिसकी जीत की संभावना होगी।

पार्टी मुख्यालय में मीडिया से बातचीत में अध्यक्ष भट्ट ने कहा कि नई संगठनात्मक रचना के बाद भाजपा प्रदेश कोर कमेटी की पहली बैठक 14 फरवरी को पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के नेतृत्व में होने जा रही है, जिसमें पार्टी के वर्तमान और भविष्य में शुरू होने वाले कार्यक्रमों की कार्ययोजना तैयार होगी। इसमें संगठन की गतिविधियों के साथ किस तरह केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियां को भी समाहित किया जाए, इस पर चर्चा होगी। साथ ही, चुनावी वर्ष को देखते हुए, जनता के मध्य डबल इंजन सरकार के कार्यों को पहुंचाने हेतु विधानसभा स्तर पर विकास रथ चलाए जाने भी प्रस्तावित हैं। उनके संदर्भ में रूपरेखा तैयार करने और जिम्मेदारियां निश्चित करने पर भी अंतिम विमर्श किया जाएगा। इसी तरह 2027 के चुनाव से पहले किन मुद्दों और किस तरह जनता के मध्य पार्टी अपनी बात पहुंचनी है, उसकी रणनीतिक तैयारियों को भी फाइनल किया जाना है।

एक सवाल पर उन्होंने स्पष्ट किया, जीत की संभावना ही प्रत्याशी चयन का आधार बनने वाली है लिहाजा सभी विधायकों एवं अन्य नेताओं को निर्देश दिए गए हैं कि वह स्वयं को राजनीतिक रूप से अपनी विधानसभा में ही केंद्रित करें जिसके तहत सभी को प्रयास करने हैं कि सरकार के काम और संगठन की सक्रियता अपने अपने क्षेत्र में अधिक हो ताकि जीत की संभावनाएं पहले से ज्यादा प्रबल हों। इस संबंध में जो 2 राज्य और 2 केंद्र, कुल 4 सर्वे में से 1 सर्वे की रिपोर्ट हमारे सामने है जिसमें हम पहले से अधिक सीटें जीतने की स्थिति में नजर आ रहे हैं। इससे अलग सर्वे रिपोर्ट के अन्य आधार पर सभी जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों को जानकारी दी जा रही है और सुधार की अपेक्षा की गई है। कुल मिलाकर, प्रत्याशी चयन का आधार जीत की संभावना ही होने वाला है।

## कई विपक्षी नेताओं ने थामा भाजपा का दामन

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** प्रदेश भाजपा के सदस्यता अभियान के दूसरे चरण में 12 विधानसभा क्षेत्रों से विपक्षी नेताओं, जनप्रतिनिधियों और काफी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ताओं ने रविवार को भाजपा का दामन थाम लिया।

प्रदेश मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट, प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान की मौजूदगी में नगर पालिका अध्यक्ष, ब्लॉक प्रमुख पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, पार्षद, सभासद आदि जनप्रतिधियों ने अपने समर्थकों के साथ पार्टी के विचारों में विश्वास व्यक्त किया। सभी नवांगतुक सदस्यों का पार्टी का पटका और फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पौड़ी, चमोली, उत्तरकाशी, पुरोला, कर्णप्रयाग, थराली, घनसाली, ऋषिकेश, हरिद्वार, रुड़की, राजपुर और कोटद्वार विधानसभा क्षेत्र से काफी संख्या में जनप्रतिनिधियों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

प्रदेश अध्यक्ष भट्ट ने पार्टी में शामिल होने सभी लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि हम सब विकसित भारत के लक्ष्य को पाने के लिए एकजुट हो रहे हैं। इतनी बड़ी संख्या में अलग-अलग विधानसभाओं के सैकड़ों लोगों का पार्टी विचारधारा और डबल इंजन की सरकार की उपलब्धियां में भरोसा जताना दर्शाता है कि प्रदेश की जनता भाजपा पर पूर्ण भरोसा करती है। साथ ही कटाक्ष किया कि जो लोग झूठ और भ्रम की राजनीति कर रहे हैं, उन्हें यहां की तस्वीर देखनी चाहिए कि किस तरह सकारात्मक राजनीति से भी विपक्षियों का भी विश्वास जीता जा सकता है। क्योंकि पार्टी में बड़ी संख्या कांग्रेस, यूकेडी, बसपा से लोग आ रहे हैं।


जीत के बाद उत्तराखंड की क्रिकेट टीम। ● अमृत विचार

## रणजी टॉफी के सेमीफाइनल में पहली बार पहुंचा उत्तराखंड

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** उत्तराखंड की रणजी टीम ने इतिहास रच दिया है। जमशेदपुर के कीनन स्टेडियम में खेले गए क्वार्टर फाइनल मुकाबले में झारखंड को एक पारी और 6 रन से करारी शिकस्त देकर उत्तराखंड ने पहली बार सेमीफाइनल का टिकट पक्का कर लिया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पहली बार रणजी खेलने जा रही उत्तराखंड टीम को बधाई दी है।

इस ऐतिहासिक जीत के नायक हल्द्वानी के स्पिन गेंदबाज मयंक मिश्रा रहे, जिन्होंने अपनी घातक गेंदबाजी से झारखंड के बल्लेबाजों को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए उत्तराखंड ने 371 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया। टीम के लिए सुचित जे (70), कप्तान कुणाल चंदेला (68) और अवनीश सुदा (64) ने शानदार अर्धशतकीय पारियां खेलीं। इसके अलावा अभय नेगी ने 46 और विकेटकीपर बल्लेबाज सौरभ रावत ने 32 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया। जवाब में झारखंड की टीम उत्तराखंड की सधी हुई गेंदबाजी के सामने टिक नहीं सकी। पहली पारी में पूरी टीम 235 रन ही बना सकी, जबकि दूसरी पारी में तो महज 130 रनों पर ही ढेर हो गई। हल्द्वानी निवासी मयंक मिश्रा ने पूरे मैच में शानदार खेल दिखाया।

## भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया

**भीमताल :** ग्राम पंचायत जंगलिया गांव के तोक बूढ़ा धूरा देवी तथा गुरु गोरखनाथ मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

गौरतलब है कि गत दिनों क्षेत्र में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था, जिसके बाद ग्राम पंचायत के विभिन्न मंदिरों में नियमित रूप से पूजा-पाठ और धार्मिक अनुष्ठान किए जा रहे हैं। इसी क्रम में यह भंडारा आयोजित किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। भंडारे के दौरान क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना रहा।

श्रद्धालुओं ने मंदिर में दर्शन-पूजन कर भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया और आयोजकों के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम के सफल आयोजन में ग्रामवासियों और समिति सदस्यों का विशेष योगदान रहा। यहां पूर्व विधायक दान सिंह भंडारी, ब्लॉक प्रमुख केडी रूबाली, दुग्ध संघ अध्यक्ष मुकेश बोरा आदि मौजूद रहे।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने खटीमा भ्रमण के दूसरे दिन रविवार को कैंप कार्यालय लोहियाहेड व हेलीपेड में जनप्रतिनिधियों व जनता से मुलाकात कर जनसमस्याएं सुनी तथा समस्याओं का समाधान करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।


कार्बेट टाइगर रिजर्व की ढेला रेंज में हाथी की फोटो लेते युवक।

## फोटो ले रहे बाइक सवारों को जंगली हाथी ने दौड़ाया

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचारः** कार्बेट टाइगर रिजर्व की ढेला रेंज में वन्यजीवों के साथ लापरवाही का एक गंभीर मामला सामने आया है। सड़क पर निकले एक जंगली हाथी को दो बाइक सवार युवकों ने फोटो खींचने और छेड़छाड़ कर परेशान किया, जिससे गुस्साए हाथी ने उन्हें दौड़ा लिया। यह घटना सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है।

जानकारी के अनुसार, ढेला रेंज क्षेत्र में जंगल से निकलकर एक हाथी कुछ देर के लिए सड़क पर खड़ा हो गया था। इसी दौरान वहां से गुजर रहे दो युवक बाइक रोककर हाथी के पास पहुंच गए और मोबाइल से फोटो लेने लगे। उन्होंने हाथी को बार-बार परेशान किया। वहां मौजूद अन्य लोगों ने युवकों को ऐसा न करने की सलाह दी, लेकिन उन्होंने बात नहीं मानी। इसके बाद हाथी अचानक भड़क गया और चिंघाड़ते हुए दोनों के पीछे दौड़ पड़ा। युवक किसी तरह बाइक से भागकर अपनी जान बचाने में सफल रहे। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और हाथी को सुरक्षित जंगल की ओर भेज दिया। एसडीओ अमित ग्वासिकोटी ने बताया कि दोनों युवक मौके से फरार हो चुके थे। मामले की जांच की जा रही है और बाइक सवारों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। वन्यजीव प्रेमियों और पर्यावरण संगठनों ने इस घटना की कड़ी निंदा की है।

## वीकेंड पर पर्यटकों से गुलजार रहा नैनीताल

**नैनीताल:** सरोवर नगरी नैनीताल एक बार फिर पर्यटकों की आमद से गुलजार रही। रविवार को वीकेंड के चलते विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में सैलानी नैनीताल पहुंचे, जिससे शहर सहित आसपास के पर्यटन स्थलों पर खासा रौनक देखने को मिली।

पर्यटकों की बढ़ती संख्या से पर्यटन कारोबारियों के चेहरे खिले नजर आए। सैलानियों ने स्नो व्यू, हिमालय दर्शन, चिड़ियाघर, केव गार्डन, बॉटनिकल गार्डन, वाटर फॉल, हनुमानगढ़ी और सरिताताल का भ्रमण किया। इन स्थलों पर दिनभर पर्यटकों की आवाजाही बनी रही। मॉल रोड पर भी सैलानियों की भीड़ देखी गई। नौकायन का आनंद लेने वालों का पूरे दिन तांता लगा रहा। शाम के समय सूर्यास्त देखने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक हनुमानगढ़ी पहुंचे। इसके अलावा पंगोट, मुक्तेश्वर, रामगढ़, भीमताल, सातताल, कैंची धाम और भवाली में भी पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी दर्ज की गई। पर्यटन से जुड़े होटल, रेस्टोरेंट, टैक्सी और दुकानदारों की आय में वृद्धि होने से कारोबार में तेजी आई है। पर्यटकों ने नैनीताल के सुहावने मौसम का भरपूर आनंद लिया।

## धामी ने बल्ले पर आजमाया हाथ, युवाओं में भरा रोमांच

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री धामी ने खटीमा के बिरिया मझोला इलाके में आयोजित ग्रामीण क्रिकेट टूर्नामेंट में प्रतिभाग कर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। इस मौके पर सीएम धामी ने खुद भी बल्ले पर हाथ आजमाया और युवा खिलाड़ियों को रोमांचित किया। दरअसल, यह प्रतियोगिता नशे की रोकथाम और जागरूकता को लेकर आयोजित की गई थी।

इससे पहले मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी चंपावत दौरे से शनिवार शाम को अपने गृह क्षेत्र खटीमा पहुंचे थे। देर शाम खटीमा महाविद्यालय में आयोजित विंटर कार्निवाल में भी वह बतौर मुख्य अतिथि शामिल रहे। महाविद्यालय के छात्र संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सीएम ने छात्र संघ को उनके कार्यकाल शुभकामनाएं दी। पहली बार आयोजित हो रहे विंटर कार्निवाल को छात्र संघ का शानदार प्रयास बताया। इसी कार्यक्रम के बाद सीएम धामी ने खटीमा के बिरिया मझोला में नशे के प्रति जागरूकता को लेकर आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल की शुरुआत की। इस दौरान सीएम धामी ने कहा कि, सरकार खेलों के विकास को लेकर लगातार काम कर रही है। राज्य सरकार ने पिछले साल सफल राष्ट्रीय खेलों का प्रदेश में आयोजन किया था।


बल्लेबाजी करते सीएम पुष्कर सिंह धामी।

**8 प्रमुख शहरों में सरकार बना रही खेल अकादमी :** प्रदेश के 8 प्रमुख शहरों में सरकार आठ खेल अकादमी बना रही है। जिसमें एक हजार एथलीट को तैयार किया जाएगा। वहीं सरकार ने नई खेल नीति के जरिए प्रदेश की खेल प्रतिभाओं को आगे लाने का काम शुरू कर दिया है। सामान्य परिवार का बच्चा अपनी खेल प्रतिभा होने के बावजूद खेलने से वंचित नहीं रहेगा। युवाओं को खेलों के क्षेत्र में आगे बढ़ाने का कार्य किया जाएगा।

## अंकिता प्रकरण को लेकर की गई महापंचायत, पांच प्रस्ताव पारित

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** अंकिता प्रकरण में रविवार को आयोजित महापंचायत में पांच प्रस्ताव पारित किए गए। महापंचायत में कांग्रेस समेत इंडिया गठबंधन के घटक दलों, राज्य आंदोलनकारियों, सामाजिक और जन संगठनों से जुड़े लोगों के अलावा अंकिता के माता-पिता ने भी प्रतिभाग किया। साथ ही, राष्ट्रपति को अंकिता हत्याकांड की जांच को लेकर मांग पत्र भेजा गया।

महापंचायत में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि, इस मामले में अंकिता के माता-पिता के होने के बावजूद किसी तीसरे की तहरीर पर मुकदमा और सीबीआई जांच होना सवाल खड़े करता है। जब तक इस प्रकरण के सभी दोषियों का खुलासा नहीं होता और उन पर वैधानिक तौर पर कार्यवाही नहीं होती, यह आंदोलन चलता रहेगा। सपा के राष्ट्रीय सचिव डॉ. सत्यनारायण सचान ने आरोप लगाया कि सरकार अंकिता मामले की सीबीआई जांच एक पर्यावरणविद की तहरीर को आधार बनाकर करवा रही है जबकि सीबीआई जांच उस व्यक्ति की तहरीर के आधार पर नहीं बल्कि अंकिता के माता-पिता की तहरीर के आधार पर सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में होनी चाहिए। भाकपा माले के राज्य सचिव इंद्रेश मैखुरी ने आरोप लगाया कि अब 3 साल बाद भी इस मामले में विलंबित जांच की जा रही है। उन्होंने जांच सीबीआई से सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में कराने की मांग की। अंकिता न्याय यात्रा संयुक्त संघर्ष मंच के सदस्य मोहित डिमरी ने कहा कि, अंकिता प्रकरण में पर्यावरणविद की शिकायत पर जांच हो रही है इसलिए हम सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में इसकी सीबीआई से जांच चाहते हैं। कांग्रेस महापंचायतपरेड ग्राउंड में आयोजित महापंचायत में कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप, एआईसीसी सदस्य राजपाल बिष्ट, सुरेंद्र कुमार, कांग्रेस की वरिष्ठ प्रवक्ता गरिमा दसौनीआदि रहे।


महापंचायत में बोलते पूर्व सीएम हरीश रावत।

### कार्रवाई के बाद राजनीति करना दुर्भाग्यपूर्णः भट्ट

**देहरादून :** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने महापंचायत पर दिए बयान में इसे पूरी तरह से मुद्दों और संख्या की दृष्टि से फ्लॉप करार दिया। उन्होंने कहा कि जिन मुद्दों को लेकर सरकार पीड़ित परिवार की भावना अनुसार कार्रवाई कर चुकी है उस पर राजनीति करना दुर्भाग्यपूर्ण है। प्रदेश की जनता ने देखा कि सामाजिक आंदोलन की आड़ में किस तरह वहां राजनीतिक पार्टी के झंडों में होड़ मची थी। वहीं, आम लोगों की भागीदारी पर बात करें तो सामान्य जनता ने इससे पूरी तरह दूरी बनाई हुई थी। पंचायत में जितने लोगो ने शिरकत की उससे कई अधिक विपक्षी लोग तो रविवार को भाजपा में शामिल होने पार्टी मुख्यालय पहुंचे थे। भट्ट ने कहा कि, जनता विपक्ष की चुनावी राजनैतिक प्रपंच को अच्छी तरह देख समझ रही है और 27 के चुनाव में फिर से करारा सबक सिखाएगी।

## सिटी ब्रीफ

### डीएम ने दी परीक्षार्थियों को शुभकामनाएं

**हल्द्वानी :** आगामी बोर्ड परीक्षाओं को लेकर जिला अधिकारी ललित मोहन रयाल ने परीक्षार्थियों को अग्रिम शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने परीक्षार्थियों और उनके अभिभावकों से परीक्षा के मद्देनजर संयम, धैर्य और सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखने की अपील की है। संदेश में कहा कि परीक्षा जीवन की यात्रा का एक महत्वपूर्ण पड़ाव अवश्य है, लेकिन इसे भय, तनाव अथवा असहनीय दबाव का कारण नहीं बनने दिया जाना चाहिए।

### पूर्व सैनिकों ने दी महापौर को बधाई

**हल्द्वानी :** महापौर गजराज बिष्ट को एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण करने पर पूर्व सैनिकों ने बधाई दी और पुष्प गुच्छ दिया। इसको लेकर रविवार को कमलुवागांजा रोड स्थित एक बैंक्वेट हॉल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर सेवानिवृत्त कैप्टन सोबन सिंह भड़, रि. डीआईजी भगत सिंह टोलिया, डायरेक्टर उपनल कर्नल आलोक पांडे, डिप्टी कमांडेंट डीएस बोहरा, डिप्टी डायरेक्टर (खेल) सुरेश पांडे, पूर्व सैनिक लीग अध्यक्ष लेफ्टिनेंट कर्नल बीएस रौतेला, कैप्टन दया किशन जोशी, डीएस खर्कवाल रहे।

### गौला खनन में लगे 19 ट्रकों की बैटरियां चोरी

**हल्द्वानी :** चोरों ने गौला खनन में लगे 19 ट्रकों की बैटिरयों से हाथ साफ कर दिया। ट्रक स्वामी शहजाद अली और अबरार ने बताया कि शनिवार रात गौला नदी में खड़े ट्रकों से बैटरियां चोरी कर दी गई हैं। कुछ दिनों पहले भी वाहनों की बैटरी चुराई थी। जिसकी शिकायत पुलिस को दी गई थी। पीड़ितों ने कहा कि नशेड़ी ही वाहनों से बैटरियां चुराते हैं। एसएचओ डीएस फर्त्याल ने कहा कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### चोरगलिया पुलिस ने पकड़ा शराब तस्कर

**हल्द्वानी :** चोरगलिया पुलिस ने तस्कर को शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, चोरगलिया में नंदौर नदी के पश्चिमी छोर जंगल से लखमीर सिंह पुत्र प्रीतम सिंह निवासी ध्यानपुर नानकमत्ता जिला उधम सिंह नगर को 165 पाउच कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया गया है।

शहर के चौराहों पर फिर दिखने लगे कटोरा थामे नन्हें हाथ, आसान कमाई की लत ही नहीं अभिभावकों की बेरुखी व बेबसी

# ऑपरेशन चला पर इन बच्चों के चेहरों पर नहीं आई स्माइल

- अमृत मंथन: भिक्षा की 'माया' से दरकिनार 'शिक्षा'

पवन सिंह कुंवर, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** शहर की चमचमाती सड़कों और व्यस्त ट्रैफिक सिग्नलों पर आज भी बचपन सिसकता नजर आ रहा है। जिस उम्र में बच्चों के हाथों में कलम और कंधों पर स्कूल का बस्ता होना चाहिए, उस उम्र में तमाम बच्चे ऐसे भी हैं जो यातायात के शोर के बीच भीख मांगते दिखाई दे रहे हैं। पुलिस और प्रशासन के अथक प्रयासों के बावजूद, भिक्षावृत्ति की यह ''माया'' शिक्षा की राह में सबसे बड़ी रुकावट बनकर खड़ी है।



कालूसिद्ध मंदिर और कालाढूंगी स्टैंड पर भिक्षा मांगते बच्चे। ● अमृत विचार

शहर के प्रमुख चौराहों, बाजारों, बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन के पास इन बच्चों का जमावड़ा आम बात है। चौंकाने वाली बात यह है कि पुलिस-प्रशासन समय-समय पर अभियान चलाकर इन बच्चों को रेस्क्यू करता है और स्कूलों तक पहुंचाने का प्रयास भी करता है। लेकिन कुछ ही दिनों बाद ये बच्चे फिर उन्हीं चौराहों पर हाथ फैलाए नजर आते हैं। स्थानीय नागरिकों और यात्रियों के लिए भी यह स्थिति परेशानी का सबब बन गई है। भिक्षावृत्ति से होने वाली आसान कमाई ने बच्चों और उनके परिजनों के मन में शिक्षा के प्रति अरुचि पैदा कर दी है। अभिभावकों की लापरवाही उन्हें इस दलदल में धकेल रही है। बाहर से आए प्रवासी परिवारों के बच्चे इस काम में बड़ी संख्या में संलिप्त हैं।

### दलदल में धकेला जा रहा बचपन

"इस पूरी समस्या में सबसे दुखद पहलू अभिभावकों की भूमिका है। गरीबी का हवाला देकर बच्चों को भीख मांगने के दलदल में धकेलने वाले माता-पिता उनकी सुरक्षा और शिक्षा को लेकर पूरी तरह बेरुखी बरत रहे हैं। प्रशासन और पुलिस की ओर से शिक्षा और दाखिले की सुविधा देने के बावजूद, परिजनों का सहयोग न मिलना इस सामाजिक बुराई को जड़ से खत्म करने में सबसे बड़ी बाधा है।

**- मनोज जोशी**, पार्षद

"हमारी ओर से समय-समय पर ''ऑपरेशन स्माइल'' चलाया जाता है, जिसके तहत हमने पूर्व में कई बच्चों को रेस्क्यू कर उनका स्कूलों में दाखिला करवाया है। जो बच्चे स्कूल नहीं जा रहे हैं, उसमें उनके परिवार के लोगों की बड़ी कमी है। यदि हमारे पास कोई शिकायत आती है तो तुरंत कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, यदि बच्चे फिर से भीख मांगते पाए गए, तो उनके माता-पिता के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**-अमित कुमार**, सीओ हल्द्वानी



हाथियों की आवाजाही की प्रतीक फोटो।

# कॉरिडोर में रेता-बजरी के ढेर से हाथी हो रहे परेशान

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** हल्दूचौड़ और बिंदुखत्ता के बीच नदी किनारे करीब 2.5 किलोमीटर लंबे हाथी कॉरिडोर में लगभग चार लाख घन मीटर रेता-बजरी (आरबीएम) के ढेर जमा हो गए हैं। यह कॉरिडोर कार्बेट-राजाजी से नेपाल तक आने-जाने वाले हाथियों का प्रमुख मार्ग माना जाता है, लेकिन आरबीएम के जमाव के चलते हाथियों की आवाजाही प्रभावित हो रही है।

कॉरिडोर में नदी का प्राकृतिक बहाव अवरुद्ध हो गया है, जिससे आसपास के छह से अधिक गांवों में कृषि भूमि का भू-कटाव तेज हो गया है। ग्रामीण लंबे समय से इस समस्या को लेकर प्रशासन और शासन के सामने अपनी बात रख रहे हैं। ग्रामीणों की शिकायतों के बाद शासन के निर्देश पर पिछले साल मई में वन निगम समेत छह विभागों की संयुक्त टीम ने क्षेत्र का सर्वे किया था। सर्वे रिपोर्ट में गौला नदी को चैनलाइज करने और कॉरिडोर से आरबीएम हटाने का स्पष्ट प्रस्ताव रखा गया था। यह रिपोर्ट शासन को सौंपे हुए एक साल से अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि कॉरिडोर से आरबीएम हटाकर नदी को वैज्ञानिक तरीके से चैनलाइज किया जाए तो हाथियों का आवागमन सुरक्षित और आसान होगा। इससे हर साल किसानों को होने वाले नुकसान पर भी रोक लग सकेगी। वन अधिकारियों का कहना है कि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो हाथियों के मार्ग में और अधिक रुकावटें आएंगी, जिससे मानव-वन्यजीव संघर्ष बढ़ने की आशंका है। हाथी कॉरिडोर से रेत-बजरी हटाने अथवा चैनलाइजेशन कार्य के लिए पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से अनुमति लेना अनिवार्य है। अनुमति मिलने के बाद ही आगे की कार्रवाई पर निर्णय हो सकेगा। विशेषज्ञों के अनुसार इससे जैव-विविधता संरक्षण के साथ-साथ स्थानीय किसानों और वन्यजीवों दोनों को लाभ मिलेगा।

"करीब एक साल पहले हाथी कॉरिडोर क्षेत्र में वन निगम समेत छह विभागों ने संयुक्त सर्वे किया था। इसकी रिपोर्ट शासन को भेज दी गई है। मामले में केंद्र सरकार से अनुमति मिलनी है, उसके बाद ही कोई कार्रवाई संभव है।

**-धीरेश बिष्ट**, डीएलएम, वन निगम

### इन विभागों ने किया था सर्वे

हाथी कॉरिडोर में आरबीएम से हो रही परेशानी को देखते हुए शासन के निर्देश पर वन निगम, वन विभाग, सिंचाई विभाग, राजस्व विभाग, खान विभाग और जियोलॉजिकल सर्वे की संयुक्त टीम ने क्षेत्र का सर्वे किया था। सर्वे रिपोर्ट शासन को भेजी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

# गुलाबी फरवरी में भी हो रहा ठंड का अहसास, कोहरा बढ़ा रहा मुसीबत

## शहर के साथ ही तराई क्षेत्र में सामान्य से कम चल रहा है पारा, पहाड़ों में खिली धूप

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** भाबर में फरवरी का मौसम गुलाबी मौसम होता है। इस बार फरवरी में अभी तक सुबह के समय कोहरा देखने को मिल रहा है। जिस वजह से सुबह के समय लोगों को कड़ाके की ठंड का अहसास हो रहा है। हालांकि रविवार की सुबह काफी हल्का कोहरा था। दिन के समय गुनगुनी धूप निकल रही है।

मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के अनुसार हल्द्वानी में रविवार को दिन का तापमान 22 डिग्री दर्ज किया गया तो रात को पारा 8.6 डिग्री रहा। अधिकतम तापमान सामान्य से कम है। तीन फरवरी से ऐसा ही मौसम बना हुआ है और भाबर में सुबह के समय लग रहे कोहरे की वजह से दिन के समय भी हल्की ठंडक है और अधिकतम तापमान सामान्य से कम चल रहा है। मौसम विज्ञानियों के अनुसार विगत दिनों उत्तराखंड में हुई बारिश और बर्फबारी की वजह से ऐसा मौसम बना हुआ है। अगर आने वाले दिनों में बारिश नहीं हुई तो एक सप्ताह बाद तापमान में उछाल आना शुरू हो जाएगा।



नैनीताल में धूप खिलने से मौसम बना है सुहावना। ● अमृत विचार

### तीन फरवरी से अभी तक का अधिकतम तापमान

| दिनांक | सामान्य | वास्तविक | दिनांक | सामान्य | वास्तविक |
|---|---|---|---|---|---|
| 3.2.26 | 22.2 | 18.0 डिग्री | 6.2.26 | 23.0 | 19.4 डिग्री |
| 4.2.26 | 22.2 | 21.8 डिग्री | 7.2.26 | 23.0 | 21.8 डिग्री |
| 5.2.26 | 23.0 | 20.4 डिग्री | 8.2.26 | 23.0 | 22.0 डिग्री |

(स्रोत-मौसम विज्ञान केंद्र, देहरादून)

**नैनीताल जिले में सामान्य से ज्यादा बारिश:** नैनीताल जिले में एक जनवरी से अभी तक सामान्य से ज्यादा बारिश हुई है। सामान्य तौर पर इन दिनों 48.2 मिमी बारिश दर्ज की जाती है जबकि वास्तव में 59.8 मिमी बारिश हो चुकी है। यह सामान्य से 24 प्रतिशत ज्यादा बारिश है।

### नैनीताल में 21 डिग्री पहुंचा तापमान

**नैनीताल :** सरोवर नगरी में तापमान रविवार को 21 डिग्री सेल्सियस जा पहुंचा है। जिस कारण दिन के समय धूप में बैठना असहनीय हो गया। नगर में सुबह शाम की ठंड बरकरार है। नगर में मौसम का मिजाज बेहद सुहावना रहा। चटक धूप पूरे दिन खिली रही। हालाकि हल्के बादल भी पूरे दिन असमान में छाए रहे। मगर तापमान में असर नहीं डाल सके। गर्माहट का एहसास पूरे दिन बना रहा। मगर नगर में शाम की ठंड बनी हुई है। इधर जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 20 व न्यूनतम नौ डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। आद्रता अधिकतम अधिकतम आद्रता 80 व न्यूनतम 50 प्रतिशत रही।

### युवती का अपहरण, शादी से इंकार पर फोड़ दिया सिर

**हल्द्वानी :** बनभूलपुरा थानाक्षेत्र से अपहरण का मामला सामने आया है। घर से सामान खरीदने निकली एक युवती का शोहदे ने अपहरण कर लिया और उसे गौला रोखड़ ले गया। वह युवती पर शादी का दबाव बनाने लगा और जब युवती ने मना किया तो शोहदे ने उसका सिर फोड़ दिया।

किसी तरह जान बचाकर घर पहुंची पीड़िता ने आपबीती सुनाई तो परिजनों ने पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपहरण समेत अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले में जवाहर नगर निवासी महिला ने बनभूलपुरा पुलिस को बताया कि उसकी पोती पर इलाके में रहने वाले अन्ना नाम के युवक की बुरी नजर थी। उनकी पोती जब भी घर से बाहर निकलती, वह छेड़छाड़ और अश्लील इशारे करता। आरोप है कि बीती शनिवार को उनकी पोती दुकान से सामान लेने के लिए घर से निकली थी। तभी पहले से घात लगाए बैठा अन्ना उसे जबरन अपने साथ गौला रोखड़ ले गया। उसने युवती से शादी की बात कही, लेकिन जब युवती ने मना किया तो नाराज आरोपी ने उसका सिर फोड़ दिया।

# नशे में इस्तेमाल होने वाली दवा बेचने पर दो को 12 साल की कैद

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** मेडिकल स्टोर और क्लीनिक की आड़ में हल्द्वानी के दो लोगों को न्यायालय ने 12 साल के कारावास और 1.20 लाख रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है।

बनभूलपुरा में मेडिकल स्टोर और अवैध क्लीनिक के नाम पर नशे में प्रयुक्त होने वाली दवाओं को बेचने का काम चल रहा था। औषधि नियंत्रक विभाग ने छापेमारी की और मामले का खुलासा किया। हल्द्वानी निवासी दो आरोपी मो. अफसर और मो. अजीम अली पर मुकदमा भी दर्ज किया गया। न्यायालय ने दोनों को ही एनडीपीएस एक्ट में दोषी माना है और दोनों को ही 12-12 साल के कारावास की सजा सुनाई है। इसके अलावा दोनों की दोषी को 1.20-1.20 लाख रुपये का जुर्माना भी भरना होगा। ड्रग कंट्रोलर विभाग ने बताया कि उनके क्षेत्र में नशे में प्रयुक्त होने वाली दवाओं को लेकर अभियान जारी है। कहा कि कुछ दवाओं के इस्तेमाल से नींद, हल्की बेहोशी आना जैसे साइड इफेक्ट होते हैं। ये दवाएं डॉक्टर के पर्चे पर ही उपलब्ध होती हैं लेकिन कुछ लोग इनका इस्तेमाल नशे के लिए करते हैं और कुछ लोग इन दवाओं के अवैध स्टॉक को रखकर बिना किसी डॉक्टरी पर्चे के ही ऊंचे दामों पर बेचते हैं। इसी तरह ड्रग कंट्रोलर विभाग ने दवाओं के एक अवैध स्टॉक को भी पकड़ा था। जिसमें ऐसी दवाएं थीं जिनका अवैध स्टॉक और अवैध बिक्री एनडीपीएस एक्ट के तहत कानूनी जुर्म है। जनवरी माह में इसी अपराध में हल्द्वानी निवासी साजिया व अर्शी को भी 12-12 साल का कठोर कारावास व 1.20-1.20 लाख रुपये के जुर्माने से दंडित किया गया था।



"दवाओं के अवैध भंडारण पर पूरी तरह रोक है। साथ ही दवाओं को डॉक्टर के पर्चे ही बेचें। खासतौर से ऐसी दवाएं जिनका इस्तेमाल नशे में भी किया जा सकता है, उनका वितरण पूरी तरह से मानकों पर हो अन्यथा कार्रवाई की जाएगी।

**-मीनाक्षी बिष्ट**, ड्रग कंट्रोलर, नैनीताल



# 1.5 करोड़ से बनाया जाएगा फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** शहर की स्वच्छता व्यवस्था को सुधारने के लिए जल निगम ने बड़ा कदम उठाया है। जिन क्षेत्रों में अभी सीवर लाइन नहीं बिछी है, वहां सेप्टिक टैंकों की गंदगी के सुरक्षित निस्तारण के लिए फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट बनाया जाएगा। कोटद्वार की एक कंपनी को इस प्रोजेक्ट का जिम्मा सौंपा गया है।

1.5 करोड़ की लागत और 9 महीने का समय करीब 1.5 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस प्लांट के लिए विभाग और कंपनी के बीच जल्द ही अनुबंध (एग्रीमेंट) की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। अनुबंध की शर्तों के अनुसार, कंपनी को 9 महीने के भीतर निर्माण कार्य पूरा कर प्लांट को चालू करना होगा। इसका निर्माण एफएसटीपी परिसर के भीतर ही किया जाएगा। टैंकरों से आने वाली गंदगी का होगा वैज्ञानिक निस्तारण इस प्लांट की क्षमता 20 केएलडी (20 हजार लीटर प्रतिदिन) है। यह प्लांट उन इलाकों के लिए वरदान साबित होगा जहां सीवर लाइन नहीं है। अब तक टैंकरों से निकलने वाली गंदगी से प्रदूषण फैलता था, लेकिन अब सीवर वेस्ट को ट्रीट करने में सक्षम होगा।

"शहर में सीवर लाइनों से अछूते क्षेत्रों के लिए यह फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट बेहद महत्वपूर्ण साबित होगा। कोटद्वार की कंपनी के साथ अनुबंध की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। हमारा लक्ष्य 9 महीने के भीतर इसका निर्माण पूरा कर टैंकरों से होने वाले प्रदूषण को रोकना और शहर की स्वच्छता रैंकिंग को बेहतर बनाना है। **-एके कटारिया**, अधिशासी अभियंता, जल निगम

# जिसे मिली जांच उसने जेब भरी अब मंत्री की शरण में धनंजय गिरी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** करोड़ों की जमीन धोखाधड़ी का आरोपी जालसाज धनंजय गिरी देखते-देखते मजदूर से धन्ना सेठ गया। जालसाजी से जुटाई काली कमाई के एवज में उस पर मुकदमे पर मुकदमे होते रहे और पुलिस सिर्फ कागजों का पेट भरती रही। आलम यह हो गया कि धनंजय की जांच हाथ में लेने के लिए लोग आतुर दिखने लगे। लिहाजा, जिसे जांच मिली उसने सिर्फ कागजों का पेट और अपनी जेब भरी। नतीजा धनंजय गिरी हाथ से निकल गया और अब पता लगा कि धनंजय एक मंत्री की शरण में पहुंच चुका है।



सुभाषनगर आवास विकास निवासी धनंजय गिरी की शुरुआती जिंदगी में जद्दोजहद थी, लेकिन देखते-देखते वह न सिर्फ धन कुबेर बन गया, बल्कि अधिकारी और राजनीतिक गलियारों में भी उसने अपनी पैठ बना ली। यही वजह है कि एक के बाद एक उस पर 9 मुकदमे दर्ज हुए, लेकिन पुलिस उसे कभी गिरफ्तार नहीं कर पाई या कभी गिरफ्तार करना ही नहीं चाहा। पिछले वर्ष शहर की एक बेशकीमती विवादित प्रॉपर्टी से चर्चा में आया। पुलिस ने एक बार फिर कागजों का पेट भरना शुरू किया, लेकिन गिरफ्तारी के प्रयास नहीं किए। जिसके बाद धनंजय के खिलाफ प्रशासन सख्त हो गया और एसआईटी जांच बैठा दी गई। दो दिन पहले तक भोटियापड़ाव चौकी प्रभारी रहे अनिल कुमार को मामले की जांच मिली थी। आईजी रिद्धिम अग्रवाल ने अनिल को धनंजय की गिरफ्तारी के लिए एक माह का वक्त दिया था, लेकिन नतीजा पहले जैसा निकला। आईजी के मुताबिक, अनिल ने धनंजय से सांठ-गांठ कर ली। इससे नाराज आईजी ने एसआई अनिल कुमार को सस्पेंड कर दिया। इधर, सूत्रों से खबर है कि धनंजय एक मंत्री के संपर्क में है और नोएडा में है। आईजी रिद्धिम अग्रवाल का कहना है कि धनंजय कहीं भी हो, उसे सलाखों के पीछे पहुंचाया जाएगा।

सराहनीय

उप कारागार हल्द्वानी में उत्तराखंड मुक्त विवि ने खोला विशेष अध्ययन केंद्र, कैदियों के लिए सुनहरा मौका

# सलाखों के पीछे जलेगी ज्ञान की लौ, कैदी लेंगे उच्च शिक्षा

संवाददाता, हल्द्वानी

- विशेष जागरुकता कार्यक्रम में बताया ओपन एंड डिस्टेंस एजुकेशन की महत्ता

**अमृत विचार :** अब जेल की सलाखों के बीच ज्ञान की लौ जलेगी। जेल में बंद कैदी भी उच्च शिक्षा ले सकेंगे। उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय की नई पहल के तहत जेल की चहारदीवारी के भीतर रहकर ही कैदी पढ़ाई कर सकेंगे।

उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय ने हल्द्वानी क्षेत्रीय केंद्र के अंतर्गत उप कारागार हल्द्वानी में विशेष अध्ययन केंद्र की स्थापना की है। विवि की ओर से रविवार को उप कारागार में विशेष जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रो. गिरिजा पांडे ने ओपन एंड डिस्टेंस एजुकेशन की महत्ता बताते हुए कहा कि यूओयू प्रदेश के सुदूर और वंचित क्षेत्रों तक उच्च शिक्षा पहुंचाने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि शिक्षा से कोई भी व्यक्ति वंचित न रहे, इसी उद्देश्य से अब जेल में बंद कैदियों तक भी उच्च शिक्षा पहुंचाई जा रही है।





हल्द्वानी उप कारागार में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद विवि के क्षेत्रीय निदेशक प्रो. गिरिजा पांडे, जेल अधीक्षक प्रमोद कुमार व अन्य।

इस पहल से कैदियों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आएगा और वे समाज की मुख्यधारा से जुड़कर बाहर आने के बाद अपने जीवन को नई दिशा दे सकेंगे। डिप्टी जेलर अमित कुमार ने कहा कि शिक्षा प्राप्त करना हर व्यक्ति का मौलिक अधिकार है।

उपेक्षित वर्ग तक उच्च शिक्षा पहुंचाना बड़ी चुनौती है। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए विवि प्रशासन का धन्यवाद किया। रचित बाउंटियल डिप्टी जेलर ने भी कहा कि विवि की इस पहल से कैदियों को शिक्षा का लाभ मिलेगा, जिससे वे एक सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ सकेंगे।

प्रो. एमएम जोशी ने विवि में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों की जानकारी देते हुए कहा कि यूओयू समाज के वंचित, उपेक्षित और विशेष आवश्यकता वाले वर्गों तक उच्च शिक्षा की अलख जगाने के लिए प्रतिबद्ध है। सहायक क्षेत्रीय निदेशक रेखा बिष्ट ने बताया कि इस विशेष अध्ययन केंद्र के माध्यम से जेल में बंद कैदियों को विवि के विभिन्न पाठ्यक्रमों में निशुल्क प्रवेश दे रहे हैं।

विवि नए-नए क्षेत्रों में अध्ययन केंद्र स्थापित कर उच्च शिक्षा को सभी के लिए सुलभ बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रहा है। इस मौके पर यूओयू के निदेशक, क्षेत्रीय सेवाएं प्रो. गिरिजा पांडे, उपनिदेशक प्रो. एमएम जोशी, सहायक क्षेत्रीय निदेशक रेखा बिष्ट, जेल अधीक्षक प्रमोद कुमार, उप कारागार से नीलम धामी सहित विश्वविद्यालय एवं कारागार प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### 1176 परीक्षार्थियों ने छोड़ी सीटेट परीक्षा

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** शहर में रविवार को केंद्रीय शिक्षक पात्रता (सीटेट) परीक्षा हुई। शहर के 11 परीक्षा केंद्रों में परीक्षा संपन्न हुई। परीक्षा के लिए कुल 8874 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, जिनमें से 7698 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 1176 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी।

परीक्षा पहली पाली सुबह 9 बजे से 12 बजे तक चली, जिसमें 4503 अभ्यर्थी उपस्थित रहे, जबकि 717 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। वहीं, दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक चली दूसरी पाली में 3195 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 459 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल नहीं हुए।

शहर में यूनिवर्सल स्कूल, गुरुकुल इंटरनेशनल, आर्यमान बिड़ला स्कूल, डीएवी, नैनी वैली स्कूल सहित कुल 11 परीक्षा केंद्रों पर सीटैट परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।



वैलेंटाइन वीक में प्रपोज डे का प्रतीकात्मक दृश्य। ● अमृत विचार

### वैलेंटाइन वीक में प्रपोज डे ने बढ़ाई बाजारों की रौनक

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** वैलेंटाइन वीक के दूसरे दिन रविवार को 'प्रपोज डे' पर हल्द्वानी शहर पूरी तरह प्यार के रंग में रंगा नजर आया। फूलों की मांग शहर के मुख्य बाजारों और चौराहे के आसपास की फूलों की दुकानों पर सुबह से ही भीड़ रही। फूल विक्रेता राहुल सिंह ने बताया कि लाल गुलाब की मांग इतनी अधिक रही कि कई दुकानों पर दोपहर 3 बजे ही स्टॉक खत्म हो गया। सामान्य दिनों में 20-30 रुपये में बिकने वाला एक गुलाब आज 50 से 80 रुपये तक बिका। हालांकि, युवाओं ने सिर्फ फूलों तक ही खुद को सीमित नहीं रखा, बाजारों में पर्सनलाइज्ड रिंग्स, कार्ड्स और चॉकलेट्स की भी खरीदारी की। नैनीताल रोड स्थित विभिन्न कैफे आकर्षण का मुख्य केंद्र रहे, जहां रेस्टोरेंट्स ने कपल्स के लिए स्पेशल 'कैंडल लाइट डिनर' और 'डेकोरेशन पैकेज' ऑफर किए थे। कई कपल्स एक-दूसरे के साथ समय बिताते नजर आए। वहीं इंस्टाग्राम और फेसबुक पर युवाओं ने खास लोकेशन टैग्स के साथ अपनी तस्वीरें और रील साझा कीं। कई लोगों ने अपने प्रपोजल मोमेंट्स को ऑनलाइन यादगार बनाया।

अमृत विचार

हल्द्वानी, सोमवार, 9 फरवरी 2026

नैनीताल

## सिटी ब्रीफ

### शराब तस्कर गिरफ्तार 103 पाउच बरामद

**रामनगर।** पुलिस ने बाइक से अवैध शराब की तस्करी कर रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। कोतवाल सुशील कुमार ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने मधुवन अंडरपास, पीरुमदारा क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए बलदेव सिंह पुत्र काला सिंह, निवासी ग्राम थारी को रंगे हाथों पकड़ लिया। आरोपी मोटरसाइकिल में ढोकर शराब की तस्करी कर रहा था। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से अवैध शराब के 103 पाउच बरामद किए गए। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि वह क्षेत्र में अवैध बिक्री की फिराक में था। पुलिस आरोपी के आपराधिक रिकॉर्ड और संभावित नेटवर्क की जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि अवैध शराब की तस्करी नहीं होने दी जाएगी।

### यूरोप और मध्य एशिया से सर्दियों के मौसम में भारत आते हैं प्रवासी पक्षी कॉमन शेलडक, पक्षी प्रेमी उत्साहित

# तुमड़िया जलाशय में सात साल बाद दिखा कॉमन शेलडक

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** कॉर्बेट लैंडस्केप क्षेत्र में करीब सात वर्षों बाद एक बार फिर दुर्लभ प्रवासी पक्षी कॉमन शेलडक दिखाई दिया है। यह महत्वपूर्ण अवलोकन इसी वर्ष जनवरी माह में तुमडिया जलाशय में किया गया, जो तराई क्षेत्र का प्रमुख जल स्रोत होने के साथ-साथ हर वर्ष अनेक प्रवासी पक्षियों का आश्रय स्थल बनता है।

यह पक्षी मैगपाई कॉर्बेट द्वारा आयोजित जलपक्षी निगरानी कार्यक्रम के दौरान देखा गया। कॉमन शेलडक को रुडी शेलडक के बड़े झुंड के साथ जलाशय के किनारे भोजन करते और विश्राम करते हुए पाया गया। इसके सफेद शरीर, गहरे हरे रंग के सिर और लाल चोंच के आधार पर पहचान की पुष्टि की गई, साथ ही इसके चित्र भी लिए गए। गौरतलब है कि कॉमन शेलडक एक प्रवासी पक्षी है, जो यूरोप और मध्य एशिया से सर्दियों के मौसम में भारत आता है। इससे पूर्व भी कॉर्बेट क्षेत्र में इसकी उपस्थिति दर्ज की गई थी, लेकिन बीते कई वर्षों से इसे यहां नहीं देखा गया था।



तुमड़िया जलाशय में विचरण करते प्रवासी पक्षी। ● अमृत विचार

- तराई का प्रमुख जल स्रोत होने के साथ ही प्रवासी पक्षियों का आश्रय स्थल भी है तुमड़िया जलाशय

कार्यक्रम के दौरान टीम को अन्य दुर्लभ पक्षियों के भी दर्शन हुए। इनमें शॉर्ट-ईयर्ड आउल (छोटे कान वाला उल्लू) का दिखना तथा इंडियन स्पॉट-बिल्ड डक का इस मौसम में अपने बच्चों के साथ प्रजनन करते हुए देखा जाना शामिल है, जो इस अवधि में सामान्यतः दुर्लभ माना जाता है। अवलोकन करने वाली टीम का मानना है कि ये दृश्य तुमडिया जलाशय के पारिस्थितिक महत्व को दर्शाते हैं और यहां प्रवासी पक्षियों के संरक्षण व निरंतर निगरानी की आवश्यकता को रेखांकित करते हैं।

इस अवलोकन टीम में दीपांकर खुल्बे, राहुल रौतेला, शिखा पांडेय, अनंत एरिक्सन, समीक्षा मनराल, दीपक पांडे, जेसन कुटिन्हों, सागर बाल्मीकि, शुभम फुलारा और जागृता भट्ट शामिल रहे।

# सड़क के डामरीकरण को 3.63 करोड़ की स्वीकृति

संवाददाता, धानाचूली

**अमृत विचार:** भीमताल विधानसभा क्षेत्र के धारी ब्लॉक अंतर्गत कुलोरी से पोखरी–नौगुनिया मोटर मार्ग के सुधारीकरण एवं डामरीकरण कार्य के लिए 3 करोड़ 63 लाख रुपये की स्वीकृति मिल गई है। इस स्वीकृति से क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है।

क्षेत्रीय विधायक राम सिंह कैड़ा ने बताया कि लंबे समय से इस मार्ग पर डामरीकरण न होने के कारण ग्रामीणों, किसानों और स्थानीय लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। विशेषकर बरसात के मौसम में किसानों को अपने कृषि उत्पाद हल्द्वानी तक पहुंचाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों की लगातार मांग को देखते हुए इस मोटर मार्ग को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना फेस–4 के अंतर्गत प्रस्तावित किया गया था, जिसके बाद इसे स्वीकृति मिली।

विधायक कैड़ा ने बताया कि मार्ग के डामरीकरण और सुधारीकरण के लिए निर्धारित धनराशि स्वीकृत हो चुकी है तथा टेंडर प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है। शीघ्र ही निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा, जिससे क्षेत्रवासियों को बेहतर और सुरक्षित सड़क सुविधा उपलब्ध होगी।

# धर्म-संस्कार और राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया

### चोरगलिया में विराट हिंदू सम्मेलन संपन्न, कई युवाओं को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया

संवाददाता, चोरगलिया

**अमृत विचार:** सिंचाई विभाग के विश्रामगृह में सकल हिंदू समाज चोरगलिया द्वारा आयोजित एकदिवसीय विराट हिंदू सम्मेलन भव्य रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ संघ के जिला प्रचारक जितेंद्र भाई एवं कथा वाचक भास्करानंद शास्त्री ने दीप प्रज्वलित कर किया।

भाजपा मंडल अध्यक्ष पान सिंह मेवाड़ी, खंड कार्यवाह विक्रम बिष्ट, महामंत्री नवीन जोशी, प्रकाश बेलवाल, कमल दुर्गापाल व गजेंद्र टम्टा ने मुख्य अतिथियों का स्मृति चिन्ह व शाल ओढ़ाकर स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत जीडीजेएम कॉन्वेंट स्कूल के बच्चों द्वारा कुमाऊनी गीत 'मोहन सर पहाड़' पर सुंदर नृत्य से हुई। अपने संबोधन में जिला प्रचारक जितेंद्र भाई ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ देश के प्रत्येक गांव में शाखाओं के माध्यम से समाज को संगठित कर रहा है। संघ जाति-भेद नहीं मानता और हर व्यक्ति को पहले हिंदू मानता है। कहा कि वर्तमान में संघ देशभर में डेढ़ लाख से अधिक सेवा कार्यक्रम संचालित कर रहा है। उन्होंने "कहो गर्व से हम हिंदू हैं, हिंदुस्तान हमारा है" का नारा भी दिया।




चोरगलिया में सम्मेलन के दौरान नृत्य प्रस्तुत करतीं जीडीजेएम पब्लिक स्कूल की छात्राएं। ● अमृत विचार

मुख्य वक्ता भास्करानंद शास्त्री ने युवाओं से नशे से दूर रहने और सनातन धर्म के संस्कारों को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ और संस्कारी समाज ही मजबूत राष्ट्र की नींव होता है। कार्यक्रम का संचालन सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य ने किया। सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चों ने छोलिया नृत्य और हेरीटेज कॉन्वेंट स्कूल के विद्यार्थियों ने 'है नंदा है गोरा' गीत पर आकर्षक प्रस्तुति दी। इस अवसर पर विष्णु पाल, आनंद तिवारी, मनोज आर्या, कमल टम्टा सहित कई युवाओं को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व प्रधान नेत्र सिंह बिष्ट, मुकेश परगांई, दीपक चौसली, आशु बुगनी, मनमोहन गारगोटी, प्रधान राजेंद्र जागी आदि उपस्थित रहे।



रातीघाट में विराट हिन्दू सम्मेलन में मौजूद महिलाएं। ● अमृत विचार

### रातीघाट में विराट हिन्दू सम्मेलन आयोजित

**भवाली :** रातीघाट गरमपानी में विराट हिन्दू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। खंड संचालक ने कहा कि यह सम्मेलन केवल आयोजन नहीं, बल्कि हिन्दू समाज को एक सूत्र में पिरोने का अभियान है, जिसका उद्देश्य आत्मगौरव, संस्कार, राष्ट्रप्रेम और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करना है। उन्होंने युवाओं से संस्कृति और राष्ट्रहित को प्राथमिकता देने का आह्वान किया।

वक्ताओं ने समाज को संगठित रखने, कुरीतियों से दूर रहने और युवाओं को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करने पर बल दिया। कार्यक्रम में धार्मिक, सांस्कृतिक व राष्ट्रवादी विचार प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर समाज के धर्मरक्षकों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि सोमवारी महाराज, शीलनिधि त्रिपाठी, विधायक सरिता आर्या सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। आगामी 22 फरवरी 2026 को भवाली में अगला सम्मेलन होगा।




रामनगर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते महाप्रबंधक एवं मंडल रेल प्रबंधक। ● अमृत विचार

# रेलवे महाप्रबंधक ने किया रामनगर स्टेशन का निरीक्षण, दिए दिशा-निर्देश

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक उदय बोरवणकर ने रविवार को रामनगर रेलवे स्टेशन एवं कोच केयर सेंटर का उच्चस्तरीय संरक्षा एवं विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कर्मचारियों से ड्यूटी के दौरान पूरी सजगता, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक इज्जतनगर सुश्री वीणा सिन्हा, अपर मंडल रेल प्रबंधक मनोज कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। महाप्रबंधक ने कोच केयर सेंटर में उपलब्ध सीबीसी गेज बॉक्स, पोल व्हील सिम्युलेटर, बफर हाइट गेज, थ्री प्वाइंटर व्हील, अल्ट्रासोनिक थिकनेस गेज सहित अन्य आधुनिक उपकरणों की कार्यप्रणाली की जानकारी ली और उनके रखरखाव को लेकर अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने फिटर रूम, मशीन रूम, स्क्रैप रूम, बायो टॉयलेट लैब, मैकेनाइज्ड क्लीनिंग यूनिट एवं वाशिंग पिट का भी निरीक्षण किया। इस दौरान जल संरक्षण पर विशेष जोर देते हुए पानी की खपत कम करने के निर्देश दिए। साथ ही कर्मचारियों से संरक्षा मानकों के पालन को लेकर संवाद किया।

महाप्रबंधक ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित हो रहे रामनगर स्टेशन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने प्रतीक्षालय, दिव्यांग सुविधा केंद्र, आरक्षण भवन, प्लेटफार्म, लाइटिंग और पार्किंग सहित अन्य सुविधाओं की समीक्षा कर दिशा-निर्देश दिए। कहा कि स्टेशन का आधुनिकीकरण कर यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को और बेहतर बनाएगा।

# मजबूत शिक्षा कानून की मांग को लेकर रामनगर से शुरू होगा 'शिक्षा सत्याग्रह'

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** लखनपुर स्पोर्ट्स क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान उत्तराखंड में मजबूत शिक्षा अधिनियम और अखिल भारतीय शिक्षा कानून लागू करने की मांग को लेकर शांतिपूर्ण 'शिक्षा सत्याग्रह' शुरू करने की घोषणा की गई। आयोजकों ने कहा कि आंदोलन का उद्देश्य राज्य की शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए सशक्त, पारदर्शी व प्रभावी कानून को लागू कराना है।

वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा को किसी भी स्थिति में व्यवसाय नहीं बनने दिया जाएगा, बल्कि इसे प्रत्येक नागरिक का मूल अधिकार बनाए रखना ही इस आंदोलन का मुख्य लक्ष्य है। आंदोलन के माध्यम से अभिभावकों, छात्रों, शिक्षकों और शिक्षा से जुड़े सभी हितधारकों के लिए समान रूप से लागू होने वाले सख्त शिक्षा कानून की मांग की जा रही है। आयोजकों ने बताया कि शिक्षा सत्याग्रह की शुरुआत रामनगर से होगी और इसके अगले चरणों में यह आंदोलन नैनीताल, अल्मोड़ा सहित अन्य क्षेत्रों में भी आयोजित किया जाएगा। आयोजक दीप पांडे ने कहा कि वर्तमान समय में निजी स्कूलों की मनमानी को रोकने के लिए ठोस कानून की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड में केयरन–मेयर–हिल्टन एक्ट जैसा शिक्षा अधिनियम पहले से मौजूद है, लेकिन इसे प्रभावी रूप से लागू नहीं किया गया है। इस दौरान राज्य आंदोलनकारी प्रभात ध्यानी, पीसी तिवारी, आसिफ, मनमोहन अग्रवाल, लालमणि, किरण आर्या, पैन सिंह नेगी और मुकुल रहे।




अभियान की तैयारी में जुटे शिक्षा सत्याग्रह के आयोजक। ● अमृत विचार

### वैज्ञानिक प्रशिक्षण से सशक्त होंगे पशुपालक

**धानाचूली:** भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) मुक्तेश्वर व बी.एक.आई.एफ. रिसर्च फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में पर्वतीय क्षेत्रों में वैज्ञानिक विधि से बकरी एवं लघु गौ पालन इकाई विकास पर 5–7 फरवरी तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इसमें चंपावत जनपद के 12 किसानों ने भाग लिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संयुक्त निदेशक डॉ. यशपाल सिंह मलिक ने की। प्रशिक्षण में किसानों को पोषण, स्वास्थ्य, आवास व्यवस्था, रोग प्रबंधन सहित आधुनिक पशुधन प्रबंधन तकनीकों की जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने व्याख्यान दिए तथा किसानों को प्रयोगात्मक गौ समूह व बकरी फार्म का भ्रमण भी कराया। मुख्य समन्वयक डॉ. आशुतोष फुलार रहे, जबकि सह-समन्वयक डॉ. नीतिश सिंह खडायत व डॉ. अमोल गुरव थे।

# अब वन कर्मी करेंगे सोलर फेंसिंग का रखरखाव

- वन्यजीव प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित कार्यशाला में दी गई तकनीकी जानकारी

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में वन कर्मियों की सुरक्षा को मजबूत बनाने तथा सोलर फेंसिंग प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से वन्यजीव प्रशिक्षण केंद्र में एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्र के निदेशक अमित कुमार ग्वासीकोटी ने किया। उन्होंने कहा कि सोलर फेंसिंग वन्यजीवों से कर्मचारियों की सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण साधन है, जिसका नियमित और सही रखरखाव अत्यंत आवश्यक है। कहा कि सोलर फेसिंग होने से कर्मचारियों को जंगली जानवरों के हमलों से बचाया जा सकता है। ऐसे में इसकी निगरानी जरूरी है। कार्यशाला में कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के अंतर्गत विभिन्न चौकियों एवं परिसरों में स्थापित सोलर फेंसिंग की उपयोगिता, संचालन एवं सुरक्षा से संबंधित पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।



वन कर्मियों को संबोधित करते वन्यजीव प्रशिक्षण केंद्र के निदेशक अमित ग्वासीकोटी।

निदेशक ग्वासीकोटी ने प्रतिभागी वन कर्मियों से उनके कार्य क्षेत्रों में लगी फेंसिंग की वर्तमान स्थिति की जानकारी प्राप्त की और उन्हें समय-समय पर निरीक्षण करने की सलाह दी। तकनीकी सत्र में केएस सॉल्यूशन, रामनगर के संदीप नारंग एवं एस.के. नारंग ने सोलर फेंसिंग की स्थापना प्रक्रिया, वायर, पोल, कॉर्नर पोल, अर्थिंग सिस्टम, टूटे इंसुलेटर, ढीली तारों की मरम्मत, सोलर पैनल की सफाई, बैटरी मेंटेनेंस तथा फेंस लाइन की नियमित सफाई जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि छोटी तकनीकी समस्याओं को वन कर्मी स्वयं ठीक कर सकते हैं, जिससे समय और संसाधनों की बचत होगी।

कार्यशाला में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि सोलर फेंसिंग का नियमित रखरखाव वन्यजीवों और कर्मचारियों के बीच होने वाले टकराव की घटनाओं को कम करने में सहायक होगा और इससे कार्यस्थलों पर सुरक्षा भी बढ़ेगी। द्वितीय सत्र में धारा चौकी पर स्थापित सोलर फेंसिंग का प्रत्यक्ष निरीक्षण कराया गया, जहां प्रतिभागियों को मरम्मत एवं रखरखाव की प्रक्रिया को व्यावहारिक रूप से समझाया गया। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद सभी वन कर्मी अपने-अपने क्षेत्रों में स्वयं सोलर फेंसिंग के रखरखाव के लिए उत्साहित नजर आए। कार्यशाला में नंदकिशोर रूबाली, इंद्र सिंह बिष्ट, नवीन चंद्र पपनै, महेश जोशी, रक्षित पांडेय, ललित मेहरा सहित कुल 47 अधिकारी एवं कर्मचारी रहे।

आस्था

### महाशिवरात्रि पर लगेगा मंदिर में विशाल मेला, हजारों श्रद्धालु पहुंचेंगे

# छोटा कैलाश में शिवरात्रि मेले की तैयारी जोरों पर

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार:** शिवरात्रि मेले की तैयारियां छोटा कैलाश (आदि कैलाश) मंदिर परिसर में तेज गति से चल रही हैं और अब अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु मेले में भाग लेने पहुंचते हैं, जिसे देखते हुए मंदिर समिति और आदि कैलाश विकास समिति द्वारा व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया जा रहा है।

मंदिर समिति के कोषाध्यक्ष त्रिलोचन पलड़िया और आदि कैलाश विकास समिति के अध्यक्ष उमेश पलड़िया ने बताया कि मंदिर परिसर में रंग-रोगन का कार्य पूरा कर लिया गया है। पिछली आपदा में क्षतिग्रस्त हुए मार्ग की मरम्मत इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाकर की जा रही है, ताकि श्रद्धालुओं को आने-जाने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने बताया कि बिजली आपूर्ति को सुचारु रखने के लिए बिजली विभाग द्वारा 65 किलोवाट का नया ट्रांसफार्मर लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। वहीं जिला पंचायत की ओर से मार्ग में सजावटी मालाएं लगाने का कार्य भी तेजी से किया जा रहा है, जिससे मेले का माहौल और आकर्षक बने। दोनों पदाधिकारियों ने बताया कि मंदिर और आसपास के क्षेत्रों में झाड़ी कटान का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। इससे सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ श्रद्धालुओं को सुगम मार्ग उपलब्ध होगा। इसके साथ ही आदि कैलाश विकास समिति द्वारा पानी की व्यवस्था के लिए पंप लगाए जा रहे हैं, जिन्हें दो दिनों के भीतर चालू कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि मेले के दौरान श्रद्धालुओं को हर समय स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना समिति की जिम्मेदारी होती है, जिसे इस वर्ष भी पूरी तत्परता से निभाया जाएगा। पानी की व्यवस्था की जिम्मेदारी पुनः आदि कैलाश विकास समिति को सौंपी गई है।



आदि कैलाश मंदिर छोटा कैलाश। ● अमृत विचार

शिवरात्रि मेले को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। प्रशासन, मंदिर समिति और स्थानीय लोग मिलकर इसे सफल बनाने में जुटे हैं, ताकि श्रद्धालु सुरक्षित और सुखद वातावरण में भगवान शिव के दर्शन कर सकें। तैयारियों में एडवोकेट जीत सिंह संभल, पूरन पलडिया, हेम पलडिया, चंदन आदि जुटे हैं।

### पूर्व प्रधानाचार्य के निधन पर शोक

**भीमताल :** ग्राम पंचायत जंगलिया गांव निवासी पूर्व प्रधानाचार्य खीम सिंह पडियार का बीमारी के चलते निधन हो गया। वे लगभग 79 वर्ष के थे। उनके निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। वे अपने पीछे दो पुत्र और एक पुत्री को छोड़ गए हैं।

खीम सिंह पडियार ने गांधी स्मारक विद्यालय से ही शिक्षा प्राप्त की और बाद में उसी विद्यालय में नियुक्त होकर सेवा दी। उन्होंने लंबे समय तक शिक्षा के क्षेत्र में सेवाएं प्रदान कीं और वहीं से सेवा निवृत्त हुए। वे एक सरल, कर्तव्यनिष्ठ और अनुशासित शिक्षक के रूप में जाने जाते थे। उनके निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक का माहौल बन गया। शिक्षा जगत सहित सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने उनके योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# बम-बम भोले के जयकारों के साथ गंगा जल लेने रवाना हुए कांवड़िये

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार:** नगर के प्राचीन शिव मंदिर से रविवार को 17 कांवड़ियों का जत्था हरिद्वार के लिए रवाना हुआ। इसके साथ ही क्षेत्र में शिवरात्रि पर्व को लेकर कांवड़ यात्रा का शुभारंभ हो गया।

कालाढूंगी और कोटाबाग क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से भगवान शिव के भक्त पवित्र गंगाजल लाने के लिए प्रस्थान कर रहे हैं। रविवार सुबह प्राचीन शिव मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में कांवड़िये एकत्र हुए। विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद बम-बम भोले के जयकारों के साथ श्रद्धालुओं ने हरिद्वार के लिए यात्रा प्रारंभ की। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता मयंक गुप्ता ने कांवड़ियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया और उन्हें शुभकामनाएं दीं।



कांवड़ियों को रवाना करते सामाजिक कार्यकर्ता मयंक गुप्ता। ● अमृत विचार

कांवड़ यात्रा पर रवाना होने वाले भक्तों में गुरु पाल भोले, हेमंत भोले, आयुष मित्तल भोले, ध्रुव भोले, अनुज भोले, मनीष भोले, रवि भोले, अंकित भोले, नन्नू भोले, खुशाल भोले, नीरज भोले, पुरान भोले, रोहित भोले, करण भोले, राम पाल भोले, मुकेश भोले एवं कमलेश भोले शामिल हैं।

क्षेत्र में कांवड़ यात्रा को लेकर भक्तिमय वातावरण बना हुआ है और जगह-जगह 'बम-बम भोले' के जयकारे गूंज रहे हैं।

सिटी ब्रीफ

### एबीवीपी ने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की

**हल्द्वानी :** कुमाऊं संभाग कार्यालय में रविवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) जिला समिति की बैठक आयोजित की गई। इसमें संगठन के आगामी कार्यक्रमों की समीक्षा और भावी रणनीति पर मंथन किया गया। बैठक में प्रांत उपाध्यक्ष डॉ. डिगर फर्खाण, विभाग संगठन मंत्री कैलाश सिंह बिष्ट और जिला संयोजक धीरज गड़ाकोटी ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया।

### छोटी मुखानी में सुंदरकांड का आयोजन

**हल्द्वानी :** छोटी मुखानी में सुंदरकांड का आयोजन हुआ। सुंदरकांड के दौरान भक्तों ने श्रद्धा भाव से पाठ का गायन किया। इसके बाद भंडारे का भी आयोजन हुआ। कार्यक्रम में बीपी जोशी, खिल्लू, यजुवेंद्र सिंह, अतुल कांडपाल, नवीन पांडे आदि रहे।

## 80 हजार की आबादी पर ही खोल सकते हैं सीएचसी सेंटर, पर्वतीय क्षेत्रों में गांव दूर-दूर बसे हैं, मानक पूरे करना संभव नहीं

# आबादी का मानक है ज्यादा, पहाड़ में सीएचसी खोलने में बाधा

नरेन्द्र देव सिंह, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** नैनीताल जिले के पर्वतीय क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की राह में आबादी का मानक बड़ी बाधा बनकर सामने आ रहा है। कम और बिखरी हुई आबादी के कारण दुर्गम पहाड़ी इलाकों में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) खोलना मुश्किल हो रहा है। इस गंभीर समस्या की वजह से पहाड़ों में स्वास्थ्य सेवाओं को अपग्रेड करने में मुश्किल आती है।

वर्तमान व्यवस्था के तहत लगभग 80 हजार की आबादी होने पर ही सीएचसी की स्वीकृति दी जाती है, जबकि पर्वतीय क्षेत्रों में गांव दूर-दूर बसे हैं और आबादी छोटे-छोटे समूहों में फैली हुई है। ऐसे में पहाड़ों में इस मानक को पूरा करना व्यावहारिक रूप से संभव नहीं हो पा रहा है। नतीजतन अधिकांश पर्वतीय इलाकों में केवल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) ही संचालित किए जा रहे हैं।

पीएचसी में स्वास्थ्य सेवाएं केवल कुछ ही घंटे की होती है। यहां पर ओपीडी सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक ही संचालित होती है। इसके बाद आकस्मिक स्थिति में मरीजों को या तो इंतजार करना पड़ता है या फिर कई किलोमीटर दूर स्थित मैदानी क्षेत्रों के अस्पतालों का रुख करना पड़ता है। इसके विपरीत सीएचसी में 24 घंटे स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध रहती हैं, साथ ही प्रसव, आपातकालीन उपचार, जांच सुविधाएं और विशेषज्ञ डॉक्टरों की सेवाएं भी मिलती हैं।



पर्वतीय क्षेत्रों में 80 हजार की आबादी पर ही सीएचसी सेंटर खोलने के मानक हैं। फिर भी हम शासन में सीएचसी सेंटर खोलने के प्रस्ताव भेजते रहते हैं। हालांकि आबादी के मानक को भी देखा जाता है।
**-डॉ. एचसी पंत**, सीएमओ, नैनीताल



सीएससी को सभी मानकों के अनुरूप सुविधाओं से परिपूर्ण किया जाना जरूरी है। वर्तमान में छोटे-छोटे रोगों के लिए भी ये रेफरल सेंटर बनकर रह गए हैं। सरकार को पहाड़ की भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए मानकों में ढिलाई देकर हर विकासखण्ड में सीएससी खोलने चाहिए।
**-मोहन सिंह कार्की**, सुनकिया



पहाड़ों में सीएससी रेफरल सेंटर बन गए हैं, जिसके कारण लोग इलाज के लिए हल्द्वानी व अन्य शहरों की ओर पलायन कर रहे हैं। स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली से हर वर्ग परेशान है। आम जनता के हित में सरकार को मानकों में ढिलाई देनी होगी।
**-बची सिंह बिष्ट**, सोशल वर्कर, सूपी



पहाड़ों में खुले अधिकांश पीएससी व सीएससी रेफरल सेंटर बनकर रह गए हैं। सीटी स्कैन सहित अन्य आधुनिक सुविधाओं से इन्हें जोड़ना होगा, तभी लोगों की असमय हो रही मौतों पर लगाम लग सकेगी। **— आनंद सिंह**, किसान, धारी



सीएससी खोलने के लिए 80 हजार आबादी का मानक पहाड़ के लिए अव्यावहारिक है। स्वास्थ्य मंत्री व सरकार इसके लिए जिम्मेदार है, सरकार को भौगोलिक स्थिति के अनुसार मानकों में बदलाव कर पहाड़ों को स्वास्थ्य सुविधाओं से लैस करना होगा, तभी रेफरल सेंटर की स्थिति खत्म होगी।
**-हरीश पनेरू**, राज्य आंदोलनकारी व कांग्रेस नेता।

### अल्ट्रासाउंड सेवा सप्ताह में एक बार

पहाड़ों में रेडियोलॉजिस्ट की कमी सामने आ रही है। पहाड़ी क्षेत्रों जैसे धारी, गरमपानी आदि में सप्ताह में एक ही बार अल्ट्रासाउंड सेवा हो पाती है। एक एनजीओ की मोबाइल वैन माह की एक से 11 तारीख तक नैनीताल जिले के पर्वतीय क्षेत्रों में अल्ट्रासाउंड करने जाती है लेकिन यह भी पर्याप्त नहीं हो पाता है।

### कुछ ही स्थानों पर सीएचसी सेंटर

नैनीताल जिले के पर्वतीय क्षेत्रों में बेतालघाट, गरमपानी, ओखलकांडा, रामगढ़, भीमताल में सीएचसी सेवा है। इसके अलावा धारी में सीएचसी सेवा नहीं है। पहाड़ों में दिक्कत इस बात है कि एक जगह से दूसरे जगह तक जाने में समय लगता है पर्वतीय क्षेत्रों में खुले अधिकांश पीएचसी में केवल एमबीबीएस डॉक्टर ही तैनात हैं। सर्जन, स्त्री रोग विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ और अन्य विशेषज्ञ डॉक्टरों की अनुपस्थिति के कारण गंभीर रोगियों का स्थानीय स्तर पर इलाज संभव नहीं हो पाता।

### कौशलम कार्यक्रम में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**हल्द्वानीः** राजकीय इंटर कॉलेज बबियाड़ में कौशलम ग्रैंड फिनाले का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने रचनात्मकता, कौशल और नवाचार का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने स्थानीय उपज व उपलब्ध संसाधनों का उपयोग कर कई उपयोगी एवं कलात्मक उत्पाद तैयार कर प्रदर्शनी में प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम प्रभारी रश्मि गहतोड़ी के निर्देशन में विद्यार्थियों ने प्रदर्शनी में मेजपोश, थालपोश, कालीन, ऐपण कला, तोरण, आकर्षक पेंटिंग, पिरूल से बनी टोकरियां, पहाड़ी पिसी लूण, मालू के पत्तों से बने दोने-थाल, धूप सामग्री तथा तिमिर का मंचन विशेष रूप से दर्शकों का ध्यान आकर्षित करता रहा। प्रदर्शनी में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों से उनके द्वारा बनाए उत्पादों की प्रक्रिया, उपयोगिता और बाजार संभावनाओं से संबंधित प्रश्न पूछे, जिनका बच्चों ने आत्मविश्वास के साथ उत्तर दिया।

# पानी बिल की वसूली को घर-घर पहुंचे कर्मी

## जल संस्थान ने इंदिरा नगर और आजाद नगर में चलाया डोर-टू-डोर वसूली अभियान, तीन कनेक्शन काटे

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** जल संस्थान ने लंबे समय से पानी का बिल डकार कर बैठे उपभोक्ताओं के खिलाफ कार्रवाई करनी शुरू कर दी है। रविवार को जल संस्थान और राजस्व वसूली टीम ने संयुक्त रूप से वार्ड संख्या 25 के अंतर्गत इंदिरा नगर और बनभूलपुरा के आजाद नगर क्षेत्र में 'डोर-टू-डोर' छापेमारी और वसूली अभियान चलाया।

इस दौरान कार्रवाई करते हुए टीम ने तीन कनेक्शन काटे और अब इन उपभोक्ताओं को ब्लैकलिस्ट करने की तैयारी की जा रही है। अभियान के दौरान टीम ने पाया कि कई उपभोक्ता लंबे समय से पेयजल का उपयोग तो कर रहे हैं, लेकिन बिल जमा करने में रुचि नहीं दिखा रहे। रविवार को चले इस अभियान में टीम केवल 19,200 रुपये की ही नकद वसूली कर सकी, जबकि बकाया का आंकड़ा करोड़ों में है। विभाग ने ऐसे 19 बड़े बकायादारों को नोटिस जारी किए हैं, जिन पर 40 हजार रुपये से लेकर डेढ़ लाख रुपये तक का बिल लंबित है। जल संस्थान के अधिशासी अभियंता आरएस लोशाली ने बताया कि विभाग ने सभी बड़े बकायादारों की सूची तैयार कर ली है। यदि जल्द ही बिलों का भुगतान नहीं किया गया तो कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जाएगी। रविवार को चलाए गए इस अभियान में सहायक अभियंता रविंद्र कुमार, जेई भुवन भट्ट, संदीप बिष्ट, राजाराम, निखिल पंत, अर्जुन नेगी सहित विभागीय कार्मचारी मौजूद रहे।



आजाद नगर क्षेत्र में डोर-टू-डोर छापेमारी व बकाया की वसूली करती जल संस्थान की टीम।



बिजली लाइनों को ठीक करते कर्मचारी।

### गौलापार में साढ़े छह घंटे बिजली गुल, आज रानीबाग क्षेत्र में रहेगा संकट

**हल्द्वानी :** ऊर्जा निगम की ओर से लाइनों के आधुनिकीकरण और रखरखाव के नाम पर की जा रही बिजली कटौती से जनता की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। रविवार को गौलापार क्षेत्र में साढ़े छह घंटे की लंबी कटौती ने स्थानीय निवासियों को परेशान किया। अब सोमवार को रानीबाग फीडर से जुड़े क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। दानीबंगर फीडर से ठप रही सप्लाई रविवार को 33/11 केवी उपसंस्थान गौलापार के दानीबंगर फीडर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में सुबह 9 :30 बजे से शाम 4 :00 बजे तक बिजली गुल रही। सुबह से ही बिजली न होने के कारण उपभोक्ताओं के घरेलू कामकाज पूरी तरह ठप पड़ गए। सबसे अधिक समस्या पानी की रही, नलकूप न चलने के कारण क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति भी प्रभावित रही, जिससे लोगों को पानी के लिए परेशान होना पड़ा। ऊर्जा निगम के अनुसार, लाइनों को दुरुस्त करने का यह अभियान सोमवार को भी जारी रहेगा। आज 33/11 केवी उपसंस्थान एचएमटी रानीबाग फीडर से जुड़े क्षेत्रों में सुबह 9 :30 बजे से शाम 4 :00 बजे तक बिजली बंद रहेगी। इस दौरान संबंधित क्षेत्रों में सुदृढ़ीकरण का कार्य किया जाएगा। ऊर्जा निगम के ईई प्रदीप कुमार ने बताया कि लाइनों के सुदृढ़ीकरण और भविष्य में बेहतर आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए यह रखरखाव कार्य अनिवार्य है। उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि वे इस कार्य में सहयोग करें ताकि मरम्मत का काम समय पर पूरा किया जा सके।

# आईआरएडी प्रणाली से किया सड़क हादसों का विश्लेषण, दिया प्रशिक्षण

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** आरटीओ कार्यालय में परिवहन विभाग के वर्दीधारियों के लिए संयुक्त प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण सत्र की अध्यक्षता आरटीओ प्रवर्तन एवं सड़क सुरक्षा अरविंद पांडे ने की।

प्रशिक्षण के दौरान इंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डाटाबेस (आईआरएडी) और ई- डिटेल्ड एक्सीडेंट रिपोर्ट (ईडीएआर) प्रणाली के माध्यम से सड़क दुर्घटनाओं का विश्लेषण किया गया। इसमें दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों के साथ-साथ उनके प्रभावी रोकथाम के उपायों की जानकारी दी। इस दौरान धर्मेंद्र सिंह मेहता, डीआरएम आईआरएडी, एनआईसी नैनीताल ने उपस्थित परिवहन विभाग के संभागीय निरीक्षक अजय कुमार गुप्ता, विनोद गुंज्याल से आईआरएडी पोर्टल में आ रही व्यावहारिक समस्याओं की जानकारी ली। निरीक्षकों ने समस्याओं को लेकर सॉफ्टवेयर में जरूरी संशोधन के लिए एनआईसी से पत्राचार किए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया। ट्रेनिंग फॉर ट्रेनर्स कार्यक्रम के अंतर्गत विमल पांडे, आरटीओ प्रवर्तन पौड़ी ने परिवहन विभाग के उपनिरीक्षक, सहायक उपनिरीक्षक और परिवहन आरक्षियों को स्कूलों और आम जनता के बीच सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने को लेकर प्रशिक्षण दिया।

इस दौरान आरटीओ प्रवर्तन अरविंद पांडे ने सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण का लाभ उठाते हुए स्कूलों, सार्वजनिक स्थानों, टैक्सी यूनियन, बस यूनियनों सहित अन्य स्थानों में सड़क सुरक्षा संबंधी जागरूकता अभियान चलाए जाने के लिए कहा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में परिवहन कर अधिकारी अपराजिता पांडे, पवन कुमार, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी श्याम सिंह लटवाल, आरसी पंवार, परिवहन उपनिरीक्षक गिरीश कांडपाल, परिवहन उपनिरीक्षक नंदन सहित परिवहन विभाग के सभी सहायक परिवहन निरीक्षक, परिवहन चालक व आरक्षी उपस्थित रहे।




परिवहन विभाग के वर्दी धारियों के लिए आयोजित प्रशिक्षण में मौजूद आरटीओ व अन्य।

# फ्रॉड के आरोपी ढाका ने मांगी रिहाई आज की जाएगी जमानत पर सुनवाई

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- **ईवीसीएल लीग फ्रॉड में पुलिस की पैरवी पर निर्भर होगी जमानत**
- **अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की कोर्ट में लगाई है जमानत अर्जी**



ढाका। (फाइल)

**अमृत विचार :** ईवीसीएल लीग फ्रॉड का आयोजक विकास ढाका सलाखों के पीछे है और अब वह रिहाई के इंतजाम में लगा है। उसने अपने वकील के जरिये कोर्ट में जमानत अर्जी लगाई है। 9 फरवरी को अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जमानत अर्जी पर सुनवाई करेंगे। अब यह पुलिस पर निर्भर करता है कि कोर्ट में उनकी आख्या ढाका को जेल से रिहाई दिलाती है या फिर उसे सलाखों के पीछे ही दिन गुजारने होंगे।

इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स को सेक्टर ए नोएडा उत्तर प्रदेश निवासी विकास ढाका पुत्र यशवीर सिंह ढाका ने ईवीसीएल टी-20 लीग के लिए चुना था। जालसाजी के लिए उसने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर हरभजन सिंह और इरफान पठान सरीखे चेहरों को अपना पोस्टर ब्वॉय बनाया। टी-20 लीग पहले ही दिन से संदिग्ध थी। 3 फरवरी से शुरू होने वाली लीग से ठीक पहले 2 फरवरी को अचानक विकास ने अपने सबसे बड़े फाइनेंस प्रमोद सिंह की मौत की कहानी गढ़ी तो जालसाजी की तस्वीर साफ हो गई, लेकिन तब तक वह लाखों रुपए अंदर कर चुका था।

उसके भागने से पहले ही पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ पूर्व विधायक नारायण पाल और यूपी वॉरियर्स की टीम खरीदने वाले हेमंत शर्मा की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया। पिछले तीन दिनों से वह जेल में बंद है। उसने अपने अधिवक्ता के जरिये गिरफ्तारी ठीक बाद कोर्ट में जमानत अर्जी लगाई। मामले में कोर्ट ने पुलिस से दो दिनों के भीतर आख्या मांगी। अब इस पर 9 फरवरी को अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की कोर्ट में सुनवाई है।

# रोडवेज कार्मिकों को दो माह से वेतन के लाले, प्रदर्शन किया

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** उत्तराखंड परिवहन निगम की माली हालत यह हो गई है कि वह अपने कर्मचारियों को वेतन तक नहीं दे पा रहा है। निगम के कर्मचारियों को दो माह से वेतन नहीं मिला है। दिसंबर और जनवरी माह का वेतन अब तक नहीं मिलने से आक्रोशित उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद (ट्रैफिक शाखा) के कर्मचारियों ने रविवार को रोडवेज स्टेशन परिसर में बांहों में काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कर्मचारियों ने हाथों में पोस्टर लेकर निगम प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए लंबित वेतन का तत्काल भुगतान किए जाने की मांग उठाई। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि कर्मचारियों को दो माह का वेतन शीघ्र दिया जाए और भविष्य में भी प्रत्येक माह की 7 तारीख तक वेतन का भुगतान अनिवार्य किया जाए। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं की गई, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि यह विरोध प्रदर्शन आगे भी जारी रहेगा। उल्लेखनीय है कि रोडवेज कर्मचारियों को लंबे समय से वेतन का अनियमित भुगतान किया जा रहा है। कई बार विरोध प्रदर्शन और ज्ञापन देने के बावजूद वेतन का भुगतान समय पर नहीं किया जा रहा है। जबकि कर्मचारी नियमित रूप से अपनी सेवाएं दे रहे हैं। विरोध प्रदर्शन करने वालों में जगदीश कांडपाल (क्षेत्रीय अध्यक्ष), उमेश चंद्र जोशी (क्षेत्रीय मंत्री), सुरेंद्र सिंह रावत (शाखा अध्यक्ष), कौशल जोशी (संयुक्त मंत्री), मोहन सिंह बोरा, रमेश कपिल, गगन जोशी, राजीव भट्ट, केएन तिवारी, किशन सिंह, चंदन डंगवाल, शबाब अली, राकेश सिंह, इंदर कुमार, देवेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।



हल्द्वानी रोडवेज स्टेशन में काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन करते कर्मचारी।

### सीवर लाइन ऊंचाई पर डाले जाने से लोगों में आक्रोश

**हल्द्वानी :** दमुवाढूंगा के वार्ड नंबर 36 में सरदार की कोठी से देवनगर कॉलोनी तक सीवर लाइन डालने का काम शुरू हो गया है। लोगों का आरोप है कि सीवर लाइन को ऊंचाई पर डाला जा रहा है जिससे कई लोगों को सीवर लाइन का कनेक्शन ही नहीं मिल पाएगा। इधर आक्रोशित लोगों ने काम भी रुकवा दिया है। इस जगह सीवर लाइन डालने वाली कंपनी ने देवनगर कॉलोनी में लाइन को डालने के लिए सड़क को खोद दिया है। इसके बाद वह आगे की तरफ सड़क को खोदने के लिए पहुंचे। स्थानीय लोगों ने बताया कि उन्होंने सीवर लाइन डालने वालों से पूछा कि आप लोग इतनी ऊंचाई पर खोदाई करके सीवर लाइन डालोगे तो लोगों को कनेक्शन कैसे मिलेगा। इस पर कंपनी की ओर से बताया गया कि जिन लोगों के घर ऊंचाई पर हैं उनको ही कनेक्शन मिलेगा। इंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि कई लोगों के घर गहराई में है। इसलिए हमने मांग रखी कि सबको ही सीवर लाइन का कनेक्शन मिल सके इसलिए लाइन को गहराई में डाला जाए। काफी बहस होने के बाद काम को रुकवा दिया गया है। अनिल धानक ने बताया कि सीवर लाइन डाली जाए तो इस तरह से डाली जाए कि सबको उसका लाभ मिल पाए। केवल खानापूर्ति करना सही नहीं है। लोगों ने बताया कि इस मामले में उच्चाधिकारियों संपर्क किया जाएगा और लोगों की समस्या से अवगत कराया जाएगा। विरोध जताने वालों मे जगत सिंह पंवार, तेजपाल सिंह, बबली, धर्मेंद्र आदि भी रहे।

रंगोत्सव

## ऊंचापुल स्थित में उत्तराखंड महिला जागृति एवं कल्याण संस्था ने बैठकी होली महोत्सव व प्रतियोगिता का आयोजन किया

# 'तुम सिद्धि करो महाराज' के साथ बैठकी होली का आगाज

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** कुमाऊं की सांस्कृतिक विरासत 'बैठकी होली' का आगाज शहर में शुरू हो गया है। रविवार को ऊंचापुल स्थित एक बैंकट हॉल में उत्तराखंड महिला जागृति एवं कल्याण संस्था की ओर से बैठकी होली महोत्सव और प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जोगेंद्र रौतेला व बेला तोलिया ने दीप जलाकर किया।

महोत्सव में कुल 15 टीमों ने प्रतिभाग किया, जिन्होंने पारंपरिक होली गीतों से समां बांध दिया। ऊंचापुल की टीम ने 'तुम सिद्धि करो महाराज' गाकर विघ्नहर्ता गणेश की वंदना की और कुमाऊंनी लोक संस्कृति की झलक पेश की। विशेष रूप से कुमाऊं की प्रसिद्ध 'भिटौली' परंपरा को स्वांग (नाटिका) के माध्यम से मंच पर जीवंत किया गया।

वहीं, निनाद संगीत विद्यालय कठघरिया के नन्हे बच्चों का होली गायन पूरे कार्यक्रम में विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। स्वांग के जरिए दिया सामाजिक संदेश कार्यक्रम की खासियत यह रही कि महिलाओं ने केवल गीत ही नहीं गाए, बल्कि स्वांग के माध्यम से समाज को जागरूक भी किया।

प्रतियोगिता के परिणाम कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच टीम शिव शक्ति ने प्रथम स्थान हासिल किया। कालिका कॉलोनी की टीम द्वितीय और नैनी जागृति (नैनीताल) की टीम तृतीय स्थान पर रही। आयोजक रेनू जोशी ने बताया कि इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के माध्यम से नई पीढ़ी तक अपनी कला और संस्कृति को पहुंचाना है। कार्यक्रम में छवि कांडपाल बोरा, पूनम जोशी, कमला नेगी, हेमा दरम्वाल, डॉ. मनीषा पंत, जया कर्नाटक, आभा भट्ट, प्रमोद पंत, और मनोज जोशी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।




ऊंचा पुल स्थित रामलीला मैदान में आयोजित होली महोत्सव में महिला होली गायन प्रतियोगिता में प्रतिभाग करतीं महिलाएं।

### नशे पर किया प्रहार

गौरी महेश्वरी टीम (डहेरिया) ने 'जमुना तट राम खेलें होरी' गीत के साथ अपनी प्रस्तुति दी और मार्मिक स्वांग के जरिए दिखाया कि कैसे नई पीढ़ी नशे की चपेट में आ रही है। उन्होंने सभी से नशीले पदार्थों के सेवन से बचने की मार्मिक अपील की।

### योग का दिया संदेश

जय माता दी टीम (कमलुवागांजा) ने 'होली आई रे कन्हाई' गीत पर थिरकने के साथ ही 'करो योग, रहो निरोग' का संदेश दिया। उन्होंने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए योग के महत्व को बखूबी समझाया।

### एमआईईटी में एआई पर दी उपयोगी जानकारी

**हल्द्वानी :** एमआईईटी में भारतीय शिक्षण मंडल के सहयोग से आयोजित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं इनोवेशन सिंपोजियम का समापन हुआ। मुख्य अतिथि वोडाफोन इंडिया के पूर्व वाइस प्रेसिडेंट सुदीप पंत ने विद्यार्थियों को नवाचार में हितधारकों पर ध्यान देने की जरूरत बताई।

शोधपत्र सत्र में शोधार्थियों ने एआई के कृषि, स्वास्थ्य और कॉरपोरेट क्षेत्रों में एप्लीकेशंस पर शोधपत्र प्रस्तुत किए। जिसमें हेमा नेगी को बेस्ट पेपर प्रेजेंटेशन पुरस्कार दिया गया। एआई इनोवेशन चैलेंज में एमआईईटी कुमाऊं के विशाल एंड टीम ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। विजेताओं को पुरस्कार व प्रमाण पत्र दिए गए। यहां डॉ. चेतन नेगी, डॉ. आशुतोष भट्ट, , एमआईईटी के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. बीएस बिष्ट, निदेशक डॉ. तरुण कुमार, डॉ. कमल रावत आदि रहे।

# सर्वसम्मति से पारित हुआ झाड़ी कटान का प्रस्ताव

बैठक

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार:** ग्राम पंचायत जंगलिया गांव में सपना आजीविका ग्राम संगठन की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में महिलाओं द्वारा लेन-देन और आय-व्यय पर विस्तृत चर्चा की गई तथा पूर्व में लिए गए ऋण की धनराशि जमा की गई।

ग्राम प्रधान राधा कुल्याल ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए सभी सदस्यों से नियमित बैठक में भाग लेने और समय पर धनराशि जमा करने की अपील की। इस दौरान महिलाओं ने जंगलों और रास्तों के किनारे उगी झाड़ियों को काटने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया। महिलाओं ने बताया कि झाड़ियों के कारण जंगली जानवरों का खतरा बना रहता है। उन्होंने वन विभाग से सरकारी भवनों, स्कूलों और जंगल क्षेत्रों में झाड़ी कटान कराने की मांग की। साथ ही ग्राम पंचायत में कम से कम 50 सोलर लाइट लगाने का प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पारित किया गया।

ग्राम प्रधान ने बताया कि यह समस्या सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम में भी उठाई गई थी, लेकिन अब तक समाधान नहीं हो सका है। कहा कि अधिकारियों को ग्रामीण समस्याओं को गंभीरता से लेना चाहिए। बैठक में मीना कुल्याल, रमा देवी, मुन्नी देवी, सरिता पलड़िया, कमला देवी, लीला कुल्याल, रेखा पलड़िया, मंजू रावत, उमा देवी, तुलसी पोखरिया, मीना देवी सहित संगठन की पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

अमृत विचार
हल्द्वानी, सोमवार, 9 फरवरी 2026
रुद्रपुर

## सिटी ब्रीफ

### दो बार प्रधान रहे रामचंद्र का 110 वर्ष की उम्र में निधन


रामचंद्र (फाइल फोटो)।

**खटीमा :** विकासखंड की ग्रामसभा भगचूरी बंडिया के दो बार ग्राम प्रधान रहे रामचंद्र कुशवाहा का रविवार को निधन हो गया। वह 110 वर्ष के थे। पूर्व प्रधान कुशवाहा के निवास स्थान भगचुरी में शोक संवेदना व्यक्त करने वालों की भीड़ लगी रही। उनका अंतिम संस्कार सोमवार सुबह 10 बजे नौसर घाट पर किया जाएगा। उनके निधन पर जिपं अध्यक्ष अजय मौर्या, प्रधान सोमनाथ मौर्य, दीपक मौर्य, जेके पब्लिक स्कूल प्रबंधक अजय मौर्या, सतीश मौर्य, जोगेंद्र मौर्य ने शोक व्यक्त किया है।

### क्विज में प्रियांशु, आकुल, कार्तिक व अनुराग विजेता

**काशीपुर :** राजकीय पॉलिटेक्निक की एनएसएस यूनिट-दो एवं यूनिट-तीन की ओर से क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रविवार को चौथे दिन को ग्राम धनौरी में आयोजित क्विज में प्रियांशु नेगी, आकुल, कार्तिक, अनुराग विजेता रहे। बौद्धिक सत्र में स्वयंसेवियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस दौरान राजकीय पॉलीटेक्निक टिहरी के समन्वयक डॉ. ओमपाल सिंह ने स्वयंसेवियों को समाज के निर्माण में एनएसएस का महत्व बताया। कार्यक्रम अधिकारी मनमोहन, आसमा रहे।

### गूलरभोज में श्मशान घाट के सौंदर्यीकरण का शिलान्यास

**गूलरभोज :** नगर पंचायत अध्यक्ष सतीश चुग ने गूलरभोज के कोपा में 78 लाख रुपए की लागत से बनने वाले श्मशान घाट के सौंदर्यकरण निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। अध्यक्ष सतीश चुग ने कहा कि गूलरभोज क्षेत्र के विकास के लिए धन की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी और हर संभव प्रयास किए जाएंगे। बलराम मंडल, इंदर सिंह राठौड़, मनोज देवराड़ी, भूपेंद्र आर्य, नरेश कुमार, गोविंद राजभर, चरण सिंह, ईश्वरी डोगरा, गोविंद सिंह, लखविंदर सिंह लक्खा रहे।

### नाबालिग बेटी को बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप

**बाजपुर :** पुलिस चौकी बरहैनी के अंतर्गत एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि उनकी 17 वर्षीय पुत्री को जसपुर डैम निवासी युवक बीते 5 फरवरी की देर रात बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था। परिजनों के खोजबीन करने की भनक लगते ही आरोपी लड़की को नानकमत्ता छोड़कर फरार हो गया। पीड़ित ने बताया कि आरोपी ने उसकी पुत्री के साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट और संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

# बजट देश के समग्र विकास का रोडमैप : भट्ट

## बजट केवल आंकड़ों का लेखा-जोखा नहीं बल्कि किसान, युवा, महिला व मध्यम वर्ग को सशक्त करने वाला बजट है

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** सांसद अजय भट्ट ने केंद्रीय बजट की बारीकियों को साझा करते हुए इसे देश के समग्र विकास और कायाकल्प का रोडमैप बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट केवल आंकड़ों का लेखा-जोखा नहीं, बल्कि किसान, युवा, महिला और मध्यम वर्ग को सशक्त बनाने वाला दूरदर्शी विजन प्रस्तुत करता है।

रविवार को भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान सांसद भट्ट ने आंकड़ों के साथ केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। उन्होंने कहा कि भारत आज खाद्यान्न उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। देश में 35 करोड़ टन से अधिक का रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन हुआ है और भारत चावल उत्पादन में विश्व का सबसे बड़ा देश बन चुका है। इसके अलावा दूध और मछली उत्पादन में भी भारत अग्रणी देशों की सूची में शामिल है।

सांसद ने मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत आज दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल निर्माता देश है। चालू वित्तीय वर्ष के केवल पांच महीनों में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक का स्मार्टफोन निर्यात होना आत्मनिर्भर भारत की सफलता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के बुनियादी ढांचे को मजबूत और आधुनिक बनाने के लिए 50 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया गया है। इस निवेश से न केवल परिवहन व्यवस्था सुदृढ़ हुई है, बल्कि युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित हुए हैं। सांसद भट्ट ने बताया कि मुद्रा योजना के माध्यम से 38 लाख करोड़ रुपये का ऋण छोटे उद्यमियों को उपलब्ध कराया गया, जिससे 12 करोड़ से अधिक लोगों को स्वरोजगार मिला। उन्होंने कहा कि भारत का स्टार्टअप इकोसिस्टम दुनिया में तीसरे स्थान पर पहुंच चुका है, जहां 50 हजार से अधिक स्टार्टअप में लाखों युवाओं को रोजगार मिल रहा है। वंदे भारत ट्रेनों का विस्तार और चिनाब ब्रिज जैसे विश्वस्तरीय इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट देश की बदलती तस्वीर को दर्शाते हैं।

**ये रहे मौजूदः** भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, विधायक शिव अरोरा, महापौर विकास शर्मा, जिला महामंत्री तरुण दत्ता, जिला उपाध्यक्ष अमित नारंग, दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता, पूर्व मेयर रामपाल, नेत्रपाल मौर्य, अनुभव चौधरी, रश्मि रस्तोगी, विजय पाल सिंह तोमर, मोर सिंह, सुरेंद्र चौधरी, अक्षय गहलोत, योगेश वर्मा, परवेज खान, मुकेश पाल सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।


पत्रकारों से वार्ता करते सांसद अजय भट्ट साथ में विधायक शिव अरोरा।


बाजपुर में चीनी मिल अतिथिगृह में बैठक को संबोधित करते दर्जा राज्यमंत्री मंजीत सिंह राजू।

### बाजपुर में केंद्रीय बजट 2026 पर श्रमिक संवाद कार्यक्रम आयोजित

**बाजपुर :** रविवार को बाजपुर मंडल में केंद्रीय बजट 2026 को लेकर श्रमिक संवाद कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान दर्जा राज्यमंत्री गन्ना मंजीत सिंह राजू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के दूरदर्शी नेतृत्व में प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026 श्रमिक वर्ग, मध्यम वर्ग, किसान, युवा और वंचित समाज के सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक, विकासोन्मुखी और समावेशी बजट है। उन्होंने कहा कि यह बजट आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को और अधिक मजबूत करता है। अन्य वक्ताओं ने श्रमिकों को केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, रोजगार सृजन, कौशल विकास, सामाजिक सुरक्षा और आर्थिक मजबूती से जुड़ी बजट की प्रमुख विशेषताओं की जानकारी दी। साथ ही श्रमिकों से सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम को श्रमिकों को केंद्र सरकार की नीतियों और बजट की उपलब्धियों से अवगत कराने की दिशा में प्रेरणादायक और प्रभावशाली पहल बताया गया। उपस्थित श्रमिकों ने भी कार्यक्रम को उपयोगी बताते हुए सरकार के प्रयासों की सराहना की। इस मौके पर नगरपालिका चुनाव में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी रहे भाजपा नेता गौरव शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष टिंकू यादव, ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष महेश प्रजापति, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष यशपाल राजहंस, कौशल्यपुरी (सुल्तानपुर पट्टी) मंडल अध्यक्ष सरदार गुरमुख सिंह, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष विनोद सहित भाजपा के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आइसक्रीम प्लांट शिफ्ट करने की घोषणा पर धरना स्थगित

संवाददाताः शक्तिफार्म

**अमृत विचारः** मिल्क एवं आइसक्रीम प्लांट को अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग को लेकर चल रहा धरना 37 दिन बाद स्थगित कर दिया गया। बंगाली कल्याण समिति के अध्यक्ष दिलीप अधिकारी ने रविवार को इसकी घोषणा की।

कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा द्वारा गांव राजनगर की पांच एकड़ जमीन पर दुग्ध विकास विभाग की ओर से प्रस्तावित मिल्क एवं आइसक्रीम प्लांट को अन्य स्थान पर शिफ्ट करने का आश्वासन देने के बाद बंगाली कल्याण समिति ने धरने को स्थगित करने का फैसला किया। इस अवसर पर बंगाली कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप अधिकारी ने कहा कि देर से ही सही, लेकिन कैबिनेट मंत्री बहुगुणा ने इस मुद्दे पर विचार किया, जिसके लिए वह आभार प्रकट करते हैं। कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष उत्तम आचार्य ने कहा कि वह विकास के विरोध में नहीं हैं, लेकिन लोगों की जमीन उजाड़ कर विकास के नाम पर आइसक्रीम प्लांट स्थापित करना सामाजिक हित में नहीं है। उन्होंने गरीब परिवारों के हित में इस प्लांट को अन्यत्र स्थानांतरित करने के विचार पर मंत्री बहुगुणा का धन्यवाद किया। इस मौके पर पूर्व दर्जा मंत्री बलवंत बोरा, करन जंग, नवतेज पाल सिंह, डॉ. जगदीप सिंह, किशोर हालदार, शंकर चक्रवर्ती, समीर राय, शिवपद सरकार, ममता हालदार, सुब्रतन पाईक, अमित सरकार, विनय विश्वास, भवतोष आचार्य, सरस्वती बाला, सुमिंदर यादव समेत अनेक लोग मौजूद थे।


मिल्क एवं आइसक्रीम प्लांट के विरोध कार्यक्रम में मौजूद लोग। ● अमृत विचार



लेवड़ा नदी के अस्थाई पुल के दोनों तरफ जाम में फंसे वाहन चालक और पैदल राहगीर।

### बेरिया रोड पर साप्ताहिक हाट के दिन भीषण जाम

**बाजपुर :** रविवार को लगने वाले साप्ताहिक हाट के चलते बेरिया रोड पर यातायात व्यवस्था चरमरा गई। इंदिरा कालोनी क्षेत्र स्थित लेवड़ा नदी के निर्माणाधीन पुल के दोनों ओर सड़क किनारे फड़-ठेलों और ई-रिक्शाओं की कतार लगने से दिनभर जाम की स्थिति बनी रही। नदी पर बने अस्थायी संकरे पुल के कारण वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई बार स्थिति इतनी बिगड़ी कि दोपहिया वाहन भी आगे नहीं बढ़ सके और लोगों को पैदल मार्ग तलाशना पड़ा। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से हाट बाजार के दिन अतिरिक्त पुलिस बल और यातायात व्यवस्था लगाने की मांग की है।

# मीना के घर पहुंचे बेहड़, राजनीतिक मामलों पर हुई चर्चा

- किच्छा विधायक बोले-हर लड़ाई में हूं साथ
- एक बार फिर राजनीतिक गलियारों में शुरू हुई चर्चा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** आत्मसम्मान की लड़ाई लड़ रहीं कांग्रेस नेत्री व पूर्व पालिकाध्यक्ष मीना शर्मा के घर रविवार को अचानक किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ पहुंचे। इसके बाद राजनीतिक गलियारों में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। विधायक के पूर्व पालिकाध्यक्ष से मिलने के कई सियासी मायने निकाले जा रहे हैं।

गौरतलब है कि बीते दिनों पूर्व पालिकाध्यक्ष मीना शर्मा ने पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराते हुए अशोभनीय भाषा के इस्तेमाल का मुद्दा उठाया था और खुलकर संघर्ष का ऐलान किया था। इसके बाद से ठुकराल और मीना शर्मा के बीच जुबानी जंग तेज हो गई थी। इसी क्रम में कांग्रेस नेत्री ने महिला कार्यकर्ताओं के साथ धरना-प्रदर्शन किया और पूर्व विधायक ठुकराल के खिलाफ जमकर विरोध जताया। इसके बाद कांग्रेस नेत्री मीना शर्मा ने राहुल गांधी को पत्र लिखकर चरित्र हनन के मामले में पार्टी से सहयोग की मांग की थी। इसी बीच रविवार को अचानक किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ के मीना शर्मा के घर पहुंचने से सियासी हलकों में हलचल तेज हो गई। विधायक के आगमन से कांग्रेस नेत्री भी कुछ देर के लिए अचंभित रह गईं। दोनों के बीच करीब 15 से 20 मिनट तक बातचीत हुई।

इस दौरान विधायक बेहड़ ने कहा कि पार्टी की सक्रिय नेत्री होने के नाते वह हर लड़ाई में मीना शर्मा के साथ खड़े हैं। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल को पार्टी में शामिल किए जाने के सवाल पर उन्होंने स्पष्ट किया कि इस पर निर्णय पार्टी हाईकमान ही लेगी।


पूर्व पालिकाध्यक्ष मीना शर्मा के घर चर्चा करते किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़।

> मीना शर्मा से पार्टी नेता होने के साथ-साथ पारिवारिक संबंध भी हैं। बीते कुछ दिनों से समय का अभाव था, जिस कारण मुलाकात नहीं हो पा रही थी। समय मिलते ही उन्होंने पूर्व पालिकाध्यक्ष से मुलाकात की। इस दौरान कुछ राजनीतिक विषयों पर चर्चा हुई। वह कांग्रेस नेत्री की लड़ाई में उनके साथ खड़े हैं। पूर्व विधायक ठुकराल के कांग्रेस में आने का फैसला पार्टी हाईकमान को लेना है।
> **- तिलक राज बेहड़**, किच्छा विधायक

> विधायक तिलक राज बेहड़ के सानिध्य में ही राजनीति की शुरुआत हुई थी, जिसके बाद से पारिवारिक संबंध भी बन गए। विधायक बेहड़ उनके घर आए और ऑडियो मामले की जानकारी ली। साथ ही भरोसा दिलाया कि मान-सम्मान की लड़ाई में पार्टी उनके साथ है।
> **-मीना शर्मा**, कांग्रेस नेत्री, पूर्व पालिकाध्यक्ष


ब्राह्मण महासभा की नई कार्यकारिणी के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### पंडित चंद्र कुमार जोशी बने ब्राह्मण महासभा के प्रदेश महासचिव

**रुद्रपुर :** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा (भारत) की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक आयोजित हुई। इस दौरान नई प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें पंडित चंद्र कुमार जोशी को उत्तराखंड का प्रदेश महासचिव मनोनीत किया गया। रविवार को रविंद्र नगर स्थित श्री श्री मनकामेश्वर मंदिर में ब्राह्मण महासभा की बैठक आयोजित हुई। इस दौरान महासभा के प्रदेश महासचिव के अलावा पंडित रमेश कुमार मिश्रा को जिला अध्यक्ष ऊधमसिंह नगर, पंडित श्रवण कुमार पांडे को महानगर अध्यक्ष रुद्रपुर, पंडित वीरेंद्र कुमार शर्मा नगर अध्यक्ष केलाखेड़ा मनोनीत किया गया। इस दौरान महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित सुरेश चंद्र शर्मा ने बताया कि कार्यकारी का समय 31 मार्च 2028 तक रहेगा। इस अवसर पर महासभा के प्रदेश संरक्षक पंडित बीडी शर्मा, पंडित अमित तिवारी, पंडित राम बहादुर, पंडित रामकृष्ण शर्मा, पंडित कुलदीप शर्मा, पंडित हरिओम शर्मा, पंडित विमल शर्मा, पंडित आचार्य गेंदन लाल, सरिता शर्मा, गीता शर्मा समेत कई लोग मौजूद रहे।

# यूजीसी बिल के समर्थन में निकाला मार्च

- बिल को शिक्षा व्यवस्था के लिए बताया आवश्यक

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** यूजीसी बिल 2026 को कानून बनाए जाने के समर्थन में डॉ. भीमराव अंबेडकर युवा मंच के पदाधिकारियों ने धरना-प्रदर्शन किया और शहर के मुख्य बाजार में पैदल मार्च निकाला। इस दौरान वक्ताओं ने बिल को शिक्षा व्यवस्था के लिए आवश्यक बताते हुए समर्थन दिया।

रविवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर युवा मंच के कार्यक्रम संयोजक दीपक सागर के नेतृत्व में काफी संख्या में लोग डॉ. भीमराव आंबेडकर पार्क में पहुंचे। यहां से उन्होंने मुख्य मार्ग में पैदल मार्च निकाला जो मुख्य बाजार के मार्गों से होता हुआ पुनः आंबेडकर पार्क में संपन्न हुआ। इस दौरान समाज के लोगों ने झंडा-बैनर लेकर बिल के समर्थन में नारेबाजी की। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि यूजीसी बिल 2026 से उच्च शिक्षा व्यवस्था को मजबूती मिलेगी और वंचित वर्गों को बेहतर अवसर प्राप्त होंगे। इस अवसर पर आरएन दोहरे, गुंजन पवार, नीलिमा कोहली, सुरेश भारती, गोपाल गौतम, जितेंद्र सागर, आरडी मिश्रा, केपी गंगवार, राजपाल यादव, छत्रपाल कोली, अमन पाल, अजय पाल, राजकुमार सागर, राजू राजोरिया, बंटी राजोरिया, अमन पाल, मुकेश पाल, मुकेश राजोरिया, कमलदीप सोनकर, सुशील कुमार समेत कई लोग मौजूद रहे।



मुख्य बाजार में पैदल मार्च निकालते मंच से जुड़े पदाधिकारी व अन्य। ● अमृत विचार

### बंदरों से बचने के प्रयास में सीढ़ियों से गिरी युवती

**बाजपुरः** केलाखेड़ा में रविवार शाम बंदरों के हमले से 20 वर्षीय युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। वार्ड नंबर एक निवासी मेहनाज, पुत्री नसीर, घर की छत पर कपड़े उतार रही थी, तभी अचानक बंदरों ने उस पर हमला किया। बचने के प्रयास में वह सीढ़ियों से गिर गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन उसे तुरंत निजी अस्पताल ले गए, जहां से उसकी हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। स्थानीय लोग बता रहे हैं कि क्षेत्र में लंबे समय से बंदरों का आतंक है, जिससे आमजन रोजाना परेशान हैं। आए दिन लोग इनके हमले का शिकार हो रहे हैं। समाजवादी नेता अजय कालरा ने बताया कि नगर पंचायत प्रशासन को कई बार बंदरों की समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

# पुलिस ने कोर्ट के आदेश के बाद दर्ज किया केस

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** विगत दिनों रम्पुरा क्षेत्र में हुई मारपीट की घटना में पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई न किए जाने पर पीड़ित ने सीएम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। आरोप है कि इससे नाराज होकर रम्पुरा चौकी पुलिस ने मामले को अलग रंग देकर वाद का निस्तारण कर दिया। इससे संतुष्ट न होने पर पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने अभियुक्तों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार रम्पुरा वार्ड संख्या 23 निवासी कांति कोली ने पूर्व में न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया था। बताया 19 अक्टूबर 2025 की शाम मोहल्ले में रहने वाले आठ-नौ युवक उसके घर के सामने जुआ खेल रहे थे और गाली-गलौज कर रहे थे। विरोध करने पर वे वहां से चले गए। लेकिन देर रात गुड्डू कोली उसके घर का दरवाजा पीटने लगा। उसके पुत्र हैप्पी ने जैसे ही दरवाजा खोला, गुड्डू कोली और उसके भाई योगेश कोली हैप्पी और परिवार के साथ मारपीट की। उन्होंने उसकी नौ वर्षीय पुत्री अंशिका के बाल पकड़कर जमीन पर पटक दिया। पीड़ित ने घटना की शिकायत रम्पुरा चौकी पुलिस से की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। उसने सीएम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। इससे नाराज पुलिस ने घटना को अलग रूप देकर मामले का निस्तारण कर दिया। कोर्ट के आदेश के बाद अब पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9532374039 8077909468

### सूचना

मेरा आधार कार्ड में नाम अब्दुल रज्जाक (ABDUL RAJJAK) पुत्र श्री रियाजुद्दीन है। जबकि 2003 की वोटर लिस्ट में मेरा नाम अब्दुला जान पुत्र रियाजुद्दीन, पहचान पत्र में रज्जाक पुत्र रियाजुद्दीन अंकित है। जबकि मेरे पुत्र के पहचान पत्र व अन्य दस्तावेज जैसे हाईस्कूल की मार्कशीट, जन्म प्रमाण पत्र आदि में पिता का नाम रज्जाक अली (RAZZAK ALI) लिखा है। जबकि उपरोक्त सभी नाम अब्दुल रज्जाक, अब्दुला जान, रज्जाक व रज्जाक अली एक ही व्यक्ति के हैं। समाज में इन्हीं नामों से जाना व पहचाना जाता है। -अब्दुल रज्जाक (ABDUL RAJJAK) ब्लॉक कॉलोनी वार्ड नंबर 05, गदरपुर, जिला- ऊधम सिंह नगर

## खेल-खिलाड़ी

रुद्रपुर में 5वीं जिला स्तरीय महिला जु-जित्सु प्रतियोगिता का आयोजन, जिला जु-जित्सु एसोसिएशन के अध्यक्ष चुघ ने किया शुभारंभ

# फाइटिंग स्पर्धा के अंडर 8 आयु वर्ग में अनाया ने जीता स्वर्ण

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** जिला जु-जुत्सु एसोसिएशन ऑफ ऊधमसिंह नगर की ओर से 5वीं जिला स्तरीय महिला जु-जित्सु प्रतियोगिता 2026 का आयोजन श्री दुर्गा मंदिर धर्मशाला रुद्रपुर में हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला जु-जित्सु एसोसिएशन के अध्यक्ष भारत भूषण चुघ ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया।

रविवार को प्रतियोगिता के दौरान मुख्य अतिथि एसोसिएशन के अध्यक्ष चुघ ने कहा कि महिलाओं व बालिकाओं को सशक्त बनाने के लिए जिला जु-जित्सु संघ द्वारा किया गया कार्य सराहनीय है। समाज में लड़कियों के लिए ये बहुत जरूरी है कि वो सशक्त, सुरक्षित और बेहतर माहौल प्राप्त करें। उन्हें जीवन की हर सच्चाई और कानूनी अधिकारों से अवगत होना चाहिए। महिलाओं के विकास के बिना देश और समाज का विकास अधूरा है। जिला जु-जित्सु संघ के महासचिव सेंसेई ऋषि पाल भारती ने बताया कि प्रतियोगिता में जनपद से करीब 127 बालिकाओं ने विभिन्न वर्गों की फाइटिंग स्पर्धा में जोहर दिखाते हुए पदक जीते। जिसमें सब जूनियर आयु वर्ग की विभिन्न भार की फाइटिंग स्पर्धा में अंडर 8 आयु वर्ग की 21 किग्रा में अनाया जोशी ने स्वर्ण, हिमांशी ने रजत, अनन्या गुप्ता, आराध्या सक्सेना ने कांस्य पदक जीते, अंडर 10 आयु वर्ग, 24 किग्रा में कुविरा चौहान ने स्वर्ण, नव्या ने रजत पदक, ऋतिका भंडारी, सौजन्य ने कांस्य पदक जीते।

प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका हिमा भट्ट, गंगा मेहरा, रूनू शर्मा, प्रिया विश्वास, कंचन बसेरा, शिवानी, लोरी, क्षितिज सिंह, वंश बिष्ट ने निभाई। इस अवसर पर विशिष्ठ अतिथि पूर्व जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी डॉ. अनिल शर्मा, कोषाध्यक्ष किशोर सिंह, उपाध्यक्ष जॉनी हीराम तिग्गा, वसीम खान, शोभा तिग्गा, नरेंद्र सिंह, कौशल्या, शेखर सक्सेना, गुलशन कुमार, शिवम, मिनकू ठाकुर सहित कई लोग मौजूद रहे।


विजेता खिलाड़ियों के साथ मुख्य अतिथि जिला जु-जित्सु एसोसिएशन के अध्यक्ष भारत भूषण चुघ। ● अमृत विचार



पीएम श्री अटल उत्कृष्ट जीआईसी का एनएसएस कैंप में मौजूद लोग।

### पीएम श्री अटल उत्कृष्ट जीआईसी का एनएसएस कैंप संपन्न

**खटीमा :** पीएम श्री अटल उत्कृष्ट थारू राजकीय इंटर कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का रविवार को राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नौगवां ठग्गू में समापन हुआ। राउमावि नौगवां ठग्गू में आयोजित कैंप के समापन दिवस का शुभारंभ नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रमेश चंद जोशी और अध्यक्षता कर रही ग्राम प्रधान राखी राणा ने किया। कार्यक्रम अधिकारी विवेक जोशी ने सात दिवसीय शिविर में स्वयंसेवकों द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी दी। एनसीसी अधिकारी नरेंद्र सिंह रौतेला ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत शिविर में प्राप्त अनुभव, अनुशासन और सेवा भावना को छात्रों को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। जिसका लाभ समाज को मिलेगा प्रधानाचार्य संतोष कुमार, प्रशासनिक अधिकारी भैरव दत्त भट्ट, केडी जोशी, धर्मेंद्र शुक्ला, असलम, बीडी चिलकोटी, आलोक सिंह, महेंद्र सिंह धामी, अजय कुमार अवस्थी, लिली सिंह, मनीषा पंत, ममता चौहान, मीनू खेतवाल, हरीश सिंह आदि मौजूद रहे।

ब्रीफ न्यूज

## साइबर ठगों ने खाते से उड़ाए एक लाख रुपये

**खटीमा :** साइबर ठगों ने खटीमा के एक व्यक्ति के खाते से एक लाख रुपये उड़ा लिये। सैजना निवासी पुष्पेन्द्र सिंह राना ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 11 जनवरी को उनके वाट्सऐप पर संतोष शर्मा नामक एक व्यक्ति ने एक क्यूआर कोड भेज कहा कि आप मुझे 30 हजार रुपये भेज दें, घर पर परेशानी है। उसी दिन प्रार्थी के खाते से 1 रुपये कट गया। इसके बाद 14 जनवरी को उनके खाते से 25-25 हजार रुपये की चार बार ट्रांजैक्शन हुआ, जिससे कुल एक लाख रुपये कट गए। पुष्पेन्द्र सिंह राना ने पुलिस से रुपये वापस दिलाने की गुहार लगाई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सालाना पैगाम-ए-फातिमा कॉन्फ्रेंस संपन्न

**खटीमा :** जामिया सादिया लिलबनात, इस्लाम नगर, खटीमा की ओर से शनिवार को सालाना कार्यक्रम पैगाम-ए-फातिमा कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक, छात्राएं और अन्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर जामिया के जिम्मेदारान, आलिमाएं और विशेष मेहमानों ने भी शिरकत की। मुख्य अतिथियों में आलिमा फाजिला शाहिना खातून, रुकैया खानम और सितारगंज से आईं मुकर्ररा खुश्नुमा फातिमा व आलिमा फाजिला कहकशा अंजुम शामिल रहीं। वक्ताओं ने अपने प्रभावशाली वक्तव्यों के माध्यम से उम्मत की बेहतरी और बच्चियों की धार्मिक एवं दुनियावी शिक्षा की अहमियत पर प्रकाश डाला। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को संतुलित और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाने पर ध्यान दें, ताकि वे समाज में जिम्मेदार और सफल नागरिक बन सकें। कार्यक्रम में छात्राओं ने भी विभिन्न शैक्षिक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। अंत में दुआ के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## विधायक बेहड़ ने दो सड़कों का किया लोकार्पण

**किच्छा :** विधानसभा अंतर्गत ग्राम मलसा गिरधरपुर में विधायक निधि से 9.39 लाख रुपए की लागत से निर्मित दो सड़कों का कांग्रेस विधायक तिलक राज बेहड़ ने विधिवत लोकार्पण किया। विधायक बेहड़ ने ग्राम मलसा गिरधरपुर में 4.42 लाख रुपए की लागत से इंटरलॉक टाइल्स सड़क और 4.97 लाख रुपए की लागत से पक्की सड़क का लोकार्पण किया। इस मौके पर विकास कार्य कराए जाने पर ग्रामीणों ने विधायक बेहड़ का फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया और आभार जताया। मौके पर जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि सर्वेश सिंह, तीरथ मुंजाल, ऋतिक खुराना, राजेंद्र दास, गुरदास बांगा, राजेश प्रताप सिंह, सतवंत सिंह, अनमोल बांगा, नरेंद्र कामरा आदि उपस्थित थे।

# बिजली चोरी में पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

- मौके से कटिया और बिजली के तार किए गए जब्त
- खेड़ा-दरियानगर में यूपीसीएल की टीम ने चलाया था अभियान

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** बिजली चोरी के मामलों में कोतवाली पुलिस ने पांच उपभोक्ताओं के खिलाफ प्राथमिक रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सभी के विरुद्ध विद्युत चोरी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

गौरतलब है कि शनिवार को यूपीसीएल की दो टीमों ने खेड़ा और दरियानगर क्षेत्रों में चेकिंग अभियान चलाया था। इस दौरान पांच लोगों के घरों में बिजली चोरी पकड़ी गई। टीमों ने मौके से कटिया और बिजली के तार जब्त कर लिए। उपखंड अधिकारी, विद्युत वितरण खंड रुद्रपुर अन्नू अरोड़ा के नेतृत्व में एक टीम ने दरियानगर में कार्रवाई करते हुए अनूप कुमार, लक्ष्मी देवी, खेड़ा निवासी आफताब और सायना पत्नी अकबर खान के खिलाफ पुलिस को तहरीर सौंपी। वहीं, अवर अभियंता विद्युत वितरण उपखंड रुद्रपुर प्रथम उमेश सिंह राणा के नेतृत्व में दूसरी टीम ने खेड़ा कॉलोनी में बिजली चोरी के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने हसन के घर बिजली चोरी पकड़ी। इसके बाद टीम की ओर से उनके खिलाफ भी तहरीर दी गई। कोतवाल मनोज रतूड़ी ने बताया कि प्राप्त तहरीरों के आधार पर पांचों आरोपियों के खिलाफ विद्युत चोरी अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

## बाइक से फायर करने वाले दो युवक गिरफ्तार

**रुद्रपुर :** बीते दिनों किच्छा राष्ट्रीय राजमार्ग पर देर रात चलती बाइक से तमंचे से फायर करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान बाइक चला रहे युवक के पास से 315 बोर का तमंचा, एक खाली कारतूस और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। बीती देर रात एसआई धीरज टम्टा पुलिस टीम के साथ गश्त पर थे। इसी दौरान सूचना मिली कि इंदिरा चौक के पास एक युवक ने चलती बाइक से तमंचे से फायर किया है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और ब्लॉक रोड पर बाइक सवारों को रोकने का प्रयास किया, लेकिन वे भागने लगे। संदिग्ध गतिविधि को देखते हुए पुलिस ने पीछा कर कुछ दूरी पर दोनों को दबोच लिया। पूछताछ में युवकों ने अपने नाम संजय कोली पुत्र कल्लू राम, निवासी रम्पुरा वार्ड 21, और बॉबी पुत्र भगवान दास बताए। तलाशी लेने पर बाइक चला रहे संजय के पास से 315 बोर का तमंचा, एक खाली कारतूस और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। सीओ सिटी प्रशांत कुमार ने बताया संजय ने फायरिंग की घटना स्वीकार की है।

### सीएम धामी ने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के समाधान के दिए निर्देश

# मुख्यमंत्री ने कैंप कार्यालय में जन समस्याएं सुनीं

संवाददाता, खटीमा



खटीमा में मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी समस्या रखतीं वृद्धा। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने भ्रमण के दूसरे दिन, रविवार को लोहियाहेड स्थित कैंप कार्यालय और हेलीपेड में जनप्रतिनिधियों और जनता से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी।

कैंप कार्यालय पर क्षेत्र के तमाम लोगों ने मुख्यमंत्री धामी से मिलकर अपनी समस्याएं रखीं। सीएम धामी ने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। बगुलिया अशोक फार्म के मालिक युवराज सहित क्षेत्रवासियों ने सीएम धामी को ज्ञापन सौंपकर बताया कि पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में उनकी 101 एकड़ से अधिक क्षेत्रफल की खड़ी गन्ना, गेहूं, लाही, मटर आदि की फसल जीत दी गई। उन्होंने मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार लगाई। मुख्यमंत्री धामी ने जिलाधिकारी को मामले की जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

इसके बाद मुख्यमंत्री धामी ग्राम भगचुरी पहुंचे और बीते दिनों मलकीत सिंह राणा व वीरेंद्र मौर्य की माता सुन्दरी देवी के निधन पर परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया। इससे पहले भी सीएम ने पूर्व जिला पंचायत सदस्य राम सिंह जेठी की पत्नी के निधन पर घर पहुंचकर गहरा दुख व्यक्त किया था। उन्होंने ढिल्लू सिंह राणा और जशोदार भट्ट के निधन पर भी परिजनों से मिलकर सांत्वना दी। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, दर्जा मंत्री अनिल कपूर 'डब्बू', फरजाना बेगम, डीएम नितिन सिंह भदौरिया, डीएम चम्पावत मनीष कुमार, एसएसपी मणिकांत मिश्रा, सीडीओ दिवेश शाशनी, एडीएम कौस्तुभ मिश्रा, एसपी नीहारिका तोमर और एसडीएम तुषार सैनी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# रेलवे की दुकानों का किराया बढ़ाने के विरोध में व्यापारियों का प्रदर्शन

### मुख्य बाजार से रेलवे स्टेशन तक निकाला जुलूस, मंडल रेल प्रबंधक को भेजा ज्ञापन

संवाददाता, किच्छा




किच्छा में रविवार को रेलवे विभाग के खिलाफ जुलूस निकालते स्थानीय व्यापारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** नगर के हल्द्वानी मार्ग पर रेलवे विभाग द्वारा किराए पर दी गई दुकानों के किराए में वृद्धि किए जाने के विरोध में स्थानीय व्यापारियों ने जोरदार नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। व्यापारियों ने मुख्य बाजार से रेलवे स्टेशन तक जुलूस निकाला और मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) को संबोधित ज्ञापन स्टेशन मास्टर के माध्यम से प्रेषित कर किराए में वृद्धि को तुरंत वापस लेने की मांग की।

रेलवे व्यापारी संघर्ष समिति के अध्यक्ष जगरूप सिंह गोल्डी के नेतृत्व में तमाम खोखा फड़ व्यापारी महाराणा प्रताप चौक पर एकत्रित हुए और वहीं से रेलवे प्रशासन के खिलाफ जुलूस प्रारंभ किया। रेलवे स्टेशन पर पहुंचकर व्यापारियों ने स्टेशन प्रभारी के माध्यम से डीआरएम को ज्ञापन देकर अपनी समस्या से अवगत कराया। व्यापारियों ने बताया कि रेलवे कॉलोनी में छोटे-छोटे व्यापारियों द्वारा रोज़ी-रोटी का जुगाड़ कर अपना और अपने परिवार का भरण-पोषण किया जाता है। महंगाई की मार झेल रहे इन व्यापारियों पर अचानक 20 प्रतिशत तक की किराया वृद्धि से उन्हें गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई व्यापारियों ने कहा कि इससे उनके रोजमर्रा के जीवन और व्यवसाय पर सीधे प्रभाव पड़ा है और कई के लिए रोज़ी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। व्यापारी नेता गोल्डी ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किराया वृद्धि का आदेश वापस नहीं लिया गया, तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रेलवे कॉलोनी में खोखा फड़ व्यापारियों द्वारा मेहनत-मजदूरी करके सीमित आय अर्जित की जाती है, लेकिन अब किराया बढ़ोतरी के कारण छोटे व्यापारियों पर महंगाई की दुगनी मार पड़ेगी और उनकी आर्थिक स्थिति और दयनीय हो जाएगी। व्यापारियों ने रेलवे प्रशासन से तत्काल समाधान की मांग की और चेतावनी दी कि यदि उनकी मांग नहीं मानी गई, तो वह और बड़े स्तर पर आंदोलन करेंगे। इस मौके पर ताहिर अली, असलम खान, वीरेंद्र वर्मा, विजय कुमार, अरुण सिंह, जीत राज कालरा सहित कई व्यापारी उपस्थित थे।

# फीका नदी के पास श्मशान घाट बनवाने को अड़े सात गांवों के लोग

- सात गांवों में नहीं है श्मशान घाट, नदी के पास दाह संस्कार करने आते हैं ग्रामीण
- विधायक, एससी आयोग अध्यक्ष, जिपं सदस्य एवं तहसीलदार ने मौके का किया मुआयना

संवाददाता, जसपुर



जसपुर में श्मशान घाट को लेकर काम कराते विधायक। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** क्षेत्र के सात गांवों में श्मशान घाट न होने पर नाराज ग्रामीण फीका नदी के पास श्मशान घाट बनवाने पर अड़ गए। सूचना पर पहुंचे विधायक, एससी आयोग अध्यक्ष, जिपं सदस्य एवं तहसीलदार ने मौके का मुआयना किया। ग्रामीणों ने नदी के पास से सफाई कराकर चबूतरा बनाने की कोशिश की। तहसीलदार द्वारा श्मशान घाट के लिए एक सप्ताह में सरकारी जमीन देने के आश्वासन पर लोग माने।

ब्लाक के ग्राम धर्मपुर, आसपुर, उमरपुर, बहेड़ी, किशनपुर, मकौनिया, ढाढीपुरा में स्थाई श्मशान घाट नहीं है। इन गांवों के ग्रामीण दाह संस्कार करने को अफजलगढ़ रोड स्थित फीका नदी के पास आते हैं। जिसके चलते बरसात के दिनों में ग्रामीणों को दाह संस्कार करने में खासी दिक्कत होती हैं। बताते हैं कि तीन दिन पहले इन गांवों के ग्राम प्रधानों ने जिपं सदस्य नईम प्रधान के साथ एक बैठक कर नदी के पास एक पक्का श्मशान घाट बनाने की बात कही। तब सरकारी जमीन तलाशने अथवा जमीन क्रय करने पर चर्चा हुई। इस पर निर्णय लिया जाना था। रविवार को इन गांवों के लोग नदी के पास एकत्र हुए।

सूचना पर विधायक आदेश चौहान, एससी आयोग अध्यक्ष मुकेश कुमार, तहसीलदार दलीप सिंह, कोतवाल राजेंद्र सिंह डांगी आदि मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों का कहना था कि गांवों में श्मशान घाट नहीं है। पिछले सौ साल से शवों का दाह संस्कार नदी के पास होता आया है। बरसात में दिक्कत और ज्यादा हो जाती है। लिहाजा नदी के पास ही एक पक्का श्मशान घाट बनाया जाए। ग्रामीणों की बात सुनकर विधायक श्मशान घाट बनाने पर अड़ गए। उन्होंने जेसीबी मंगाकर नदी के पास की सफाई कराई। साथ ही श्मशान घाट के लिए एक वैकल्पिक चबूतरा बना दिया। तहसीलदार ने विधायक एवं अन्य लोगों को आश्वस्त किया कि वह एक सप्ताह में श्मशान घाट के लिए भूमि तलाश कर देंगे। तब कहीं जाकर लोग घरों को लौटे। तहसीलदार दलीप सिंह ने बताया कि जगह के चयन के लिए एक सप्ताह का समय मांगा गया है। यहां नरेंद्र सिंह, महिपाल, भूपाल सिंह, रामपाल, सुरेंद्र सिंह, नरेश कुमार, सुरजीत ढिल्लो, बॉबी, राहुल, रिपुदमन, सर्वेश, हिमांशू, अभिषेक आदि रहे।

# पति समेत पांच के खिलाफ केस दर्ज

- ससुरालियों पर मारपीट और दहेज मांगने का था आरोप
- कोर्ट के आदेश पर ट्रांजिट कैंप थाना पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** विगत दिनों कोपा गूलरभोज निवासी एक विवाहित ने पति समेत ससुराल पक्ष के अन्य लोगों के खिलाफ मारपीट और दहेज उत्पीड़न के मामले में ट्रांजिट कैंप थाने में प्राथमिक रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की थी पीड़ित ने कोर्ट में शरण ली। वहीं अब कोर्ट के आदेश पर ट्रांजिट कैंप थाना पुलिस ने पति समेत ससुराल पक्ष के पांच लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

जानकारी के अनुसार कोपा गूलरभोज निवासी रीना पुत्री रामकेवल ने कोर्ट में शिकायती पत्र देकर कहा था कि वह पूर्व में चामुंडा मंदिर शिव नगर ट्रांजिट कैंप में देव प्रकाश गुप्ता के मकान में किराए पर रहती थी। वहां पर ग्राम धनियापुर रामपुर निवासी अरुण पुत्र दिनेश कुमार अपने परिवार के साथ किराए पर रहता था। इस बीच अरुण ने उससे शादी करने का वादा किया और शारीरिक संबंध भी बनाए। इस बीच अरुण परिजनों की बातों में आकर उसे छोड़कर घर से भाग गया। इस मामले में उसने अरुण के खिलाफ ट्रांजिट कैंप में तहरीर सौंपी थी। जब इसका पता अरुण और उसके परिजनों को चला तो उन्होंने शादी का आश्वासन दिया। साथ ही तहरीर को समझौते के आधार पर उच्च न्यायालय नैनीताल से निरस्त करा लिया। इतना ही नहीं 22 सितंबर 2025 को पंजाब नगर जिला रामपुर के एक मंदिर में उनका विवाह करा दिया। विवाह के बाद अरुण और उसका परिवार उससे रंजिश रखने लगा और मारपीट करता था।

दहेज में एक बाइक और दो लाख रुपये की मांग का विरोध किया तो अरुण के साथ ही उसकी मां मिथलेश पत्नी दिनेश कुमार, पिता दिनेश कुमार, चाची सुनीता पत्नी अनिल, बुआ रेखा निवासी मिलक रामपुर उसके साथ मारपीट करने लगे। 2 दिसंबर 2025 को मारपीट कर उसे घर से भगा दिया। इसकी शिकायत ट्रांजिट कैंप थाने में की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। वहीं अब कोर्ट के आदेश पर ट्रांजिट कैंप थाना पुलिस ने पति समेत ससुराल पक्ष के पांच लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## शहर में चोर सक्रिय फिर उड़ाईं दो बाइकें

**रुद्रपुरः** शहर में बाइक चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं, जिससे पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। ताजा मामलों में ट्रांजिट कैंप थाना क्षेत्र से दो बाइकों की चोरी हुई है।

पहले मामले में आदर्श कॉलोनी निवासी निमाई मंडल की बाइक 19 जनवरी को दक्ष चौराहे के पास तपस्या विहार वेलफेयर सोसायटी से चोरी हो गई। वहीं दूसरे मामले में आनंद विहार तीनपानी फुलसुंगा निवासी अभिमन्यु सिंह की बाइक 16-17 जनवरी की रात घर के सामने से चोरी हुई। काफी तलाश के बाद भी बाइक नहीं मिलने पर दोनों पीड़ितों ने ट्रांजिट कैंप थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर बाइकों की खोजबीन शुरू कर दी है।

# निजी जानकारी वायरल करने का आरोप, युवक पर केस


- जयपुर निवासी युवक पर लगाए गंभीर आरोप
- पुलिस ने आईटी एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच की शुरू

संवाददाता, पंतनगर

**अमृत विचारः** क्षेत्र की युवती ने एक युवक पर ब्लैकमेलिंग और निजी जानकारी वायरल कर मानसिक उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। एसएचओ पंतनगर, नंदन सिंह रावत ने बताया कि मामले में आरोपी, जयपुर निवासी सौरभ कुमार के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। क्षेत्र निवासी युवती ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि पूर्व में वह आरोपी के साथ सहमति से संबंध में थी, लेकिन उसके अत्यधिक नियंत्रण, शक, मानसिक दबाव और असामान्य व्यवहार के कारण उसने संबंध समाप्त कर दिया। बीती 26 अक्टूबर से 20 जनवरी तक उसके और सौरभ के बीच कोई बातचीत नहीं हुई। इसके बावजूद आरोपी बार-बार उससे बातचीत करने का दबाव बनाने लगा। जब उसने स्पष्ट रूप से बातचीत करने से मना किया, तो सौरभ ने प्रतिशोध की भावना से आपराधिक कृत्य शुरू कर दिए। युवती के अनुसार सौरभ ने उसकी अनुमति के बिना उसकी निजी व्हाट्सएप चैट्स उसके रिश्तेदारों, मित्रों और परिवार के सदस्यों में वायरल कर दीं, जिससे उसे अत्यधिक मानसिक तनाव और सामाजिक प्रतिष्ठा को गंभीर क्षति पहुंची।

सौरभ ने कई बार चैट्स में यह धमकी दी कि वह उसके रिश्तेदारों और समाज में उसकी बदनामी करेगा, ताकि उसके परिवार वाले उसे स्वीकार न करें और वह मजबूरी में उसके पास लौट आए। पूर्व में पुलिस के समझाने और लिखित आश्वासन के बावजूद उसने युवती के दोस्तों, रिश्तेदारों और कार्यस्थल से जुड़े लोगों से संपर्क करने का प्रयास जारी रखा। उसके डराने, पीछा करने और मानसिक दबाव के कारण युवती को अपनी नौकरी भी छोड़नी पड़ी। उसे संदेह है कि सौरभ ने उसकी निजी जानकारी अपने डिजिटल डिवाइस या क्लाउड स्टोरेज में सुरक्षित कर रखी है। युवती ने बताया कि उसने नौकरी संबंधी कार्य के लिए सौरभ को अपने जीमेल अकाउंट की सीमित पहुंच दी थी, जिसका उसने दुरुपयोग कर उसकी निजी जानकारी एकत्र की। इसके अलावा उसने युवती को पूर्व में ब्लैकमेल भी किया है, जिसके डिजिटल साक्ष्य उसके पास सुरक्षित हैं।

युवती ने यह भी कहा कि सौरभ उस पर विवाह का झूठा आरोप लगा रहा है, जबकि उसने कभी बिना शर्त विवाह का कोई वादा नहीं किया था। उसे आशंका है कि सौरभ नशीले पदार्थों का सेवन करता है, जिससे उसका व्यवहार आक्रामक और अस्थिर हो जाता है। युवती ने पुलिस से अनुरोध किया है कि उसके सभी निजी डिजिटल सामग्री को उसके सभी डिवाइस और ऑनलाइन स्टोरेज से हटवाया जाए और सौरभ को उसके या उसके किसी भी रिश्तेदार, मित्र या परिचित से संपर्क करने से रोका जाए।



किच्छा में जनसभा को संबोधित करते विधायक तिलक राज बेहड़। ● अमृत विचार

## जनसभा में विधायक बेहड़ ने सुनी समस्याएं

**किच्छा :** विधायक तिलक राज बेहड़ ने कहा कि किच्छा विधानसभा क्षेत्र की जनता अब किसी के बहकावे में नहीं आएगी और कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो विकास की स्पष्ट सोच के साथ समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलती है। नगर के हल्द्वानी मार्ग स्थित वार्ड नंबर 3, सिसईं बंडिया में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए बेहड़ ने आरोप लगाया कि पूर्व विधायक को किच्छा विधानसभा के समग्र विकास और जनता की सेवा करने का 10 वर्षों तक मौका मिला, लेकिन उन्होंने मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र को केवल वोट बैंक समझकर गुमराह किया और धरातल पर कोई ठोस विकास कार्य नहीं किए। उन्होंने कहा कि सिसई बंडिया क्षेत्र में आम गरीब आदमी को पानी के कनेक्शन और भारी भरकम पानी का बिल दिए जाने से जनता परेशान है। जल्द ही बिलों में राहत नहीं दी गई, तो किच्छा तहसील में प्रदर्शन किया जाएगा। लियाकत अंसारी, राजेश प्रताप सिंह, गुलशन सिंधी, दिलीप सिंह बिष्ट, रिजवान निक्की, मुर्तजा अंसारी, इकबाल अली, सोहेल अंसारी, फैज अंसारी, विनीत राव, राजू यादव, रामबाबू सिंह आदि उपस्थित थे।

श्रद्धा

### महाशिवरात्रि पर विभिन्न शिवालयों में करेंगे गंगा जल से जलाभिषेक, कांग्रेस महानगर अध्यक्ष ने माल्यार्पण कर किया कांवड़ियों का स्वागत

# बम-बम भोले के जयकारों के साथ कांवड़िए हरिद्वार के लिए रवाना

संवाददाता, रुद्रपुर



मंदिर में एकत्रित कांवड़िए हरिद्वार रवाना होने से पूर्व। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** बम-बम भोले के जयकारों के साथ कांवड़ियों का जत्था रुद्रपुर से पवित्र गंगा जल लेने हरिद्वार के लिए रवाना हुआ। इस अवसर पर कांग्रेस महानगर अध्यक्ष ममता रानी ने सभी कांवड़ियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया और कांवड़ यात्रा की शुभकामनाएं दीं।

बीती रात्रि वार्ड नंबर 9 स्थित शिव नगर मुक्तिधाम श्मशान घाट के समीप मंदिर में बड़ी संख्या में कांवड़िए एकत्र हुए। यहां से बम-बम भोले के जयकारों के साथ कांवड़िए हरिद्वार के लिए रवाना हुए। कांवड़िए हरिद्वार से पवित्र गंगा जल लेकर महाशिवरात्रि के अवसर पर वापस लौटेंगे और विभिन्न शिवालयों में जलाभिषेक करेंगे। कांग्रेस महानगर अध्यक्ष ममता रानी ने कहा कि सावन और महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर लाखों श्रद्धालु अलग-अलग माध्यमों से पवित्र गंगा जल लेकर अपने-अपने गंतव्यों की ओर प्रस्थान करते हैं। उन्होंने आगामी महाशिवरात्रि पर्व की सभी कांवड़ियों को शुभकामनाएं दीं। कांवड़ यात्रियों में गौरव दास, विप्लव, पिंटू, काजल, काला दास, पूजा, चंदा, प्रतीक्षा, प्रशांत, रिया दास, आलोक, परितोष, रवि, आरती, पार्वती, अशोक आदि शामिल रहे। स्वागत कार्यक्रम में पूर्व पार्षद मोहन भारद्वाज, उमा सरकार, बेबी सिकंदर मौजूद रहे।

## महाशिवरात्रि पर्व पर कांवड़ यात्रा के लिए शिवभक्त हरिद्वार रवाना



हरिद्वार रवाना होने से पहले शनिदेव-ब्रह्मदेव मंदिर में पूजा-अर्चना करते शिवभक्त।

**बाजपुर :** महाशिवरात्रि पर्व को लेकर शिवभक्तों की पांच दिवसीय कांवड़ यात्रा का सिलसिला रविवार को भी जारी रहा। सैकड़ों कांवड़िए पैदल यात्रा के लिए हरिद्वार रवाना हुए। हर-हर महादेव, बम-बम भोले और जयकारा वीर बजरंगी के जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। रविवार की सायं ओम शिव कांवड़ दल का जत्था शनिदेव-ब्रह्मदेव मंदिर में एकत्रित हुआ। विधिवत पूजा-अर्चना के बाद महंत राजेंद्र कुमार उर्फ बंटी ठक्कर के नेतृत्व में शिवभक्त पैदल रथ कांवड़ यात्रा पर रवाना हुए। बताया गया कि यह जत्था पतित पावनी मां गंगा से 251 लीटर गंगाजल कलश में भरकर नौ फरवरी की सायं हरिद्वार से पैदल यात्रा शुरू करेगा। लगभग 180 किलोमीटर की यात्रा पूरी कर 14 फरवरी की सायं तक कांवड़िए बाजपुर लौटेंगे। इसके बाद 15 फरवरी की प्रात: महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर प्राचीन शिव मंदिर में शिवलिंग पर विधिवत जलाभिषेक किया जाएगा। कांवड़ यात्रा पर रवाना होने वालों में संदीप गुप्ता उर्फ विक्की, सन्नी चानन, प्रतीक ग्रोबर, नवनीत गोयल, ध्रुव चानना, दिनेश सैनी, देवांश गर्ग, अर्पित, सिद्धार्थ गर्ग, अभिषेक गुप्ता, सार्थक गुप्ता, मंजीत प्रजापति, रोहित कुमार, प्रियांशु गुप्ता सहित अनेक शिवभक्त शामिल रहे। शहर और आसपास के क्षेत्रों से भी सैकड़ों कांवड़िए अलग-अलग टोलियों में पैदल कांवड़ यात्रा पर हरिद्वार के लिए रवाना हुए।

# समाज व संगठन मिलकर भारत को वैभव की ओर करें अग्रसर

## विराट हिंदू सम्मेलन में वक्ताओं ने दिया संदेश, मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर डॉ. वीरेंद्रानंद गिरि ने भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर किया उद्घाटन

- सनातन धर्म की रक्षा और हिंदू एकता पर दिया जोर

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** शहर के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन में वक्ताओं ने कहा कि सनातन धर्म की रक्षा और हिंदू एकता का भाव हर हिंदू के मन-मस्तिष्क में होना चाहिए। समाज और संगठन मिलकर भारत को परम वैभव की ओर अग्रसर करें।

रविवार को शिवालिक बस्ती में वार्ड संख्या 2 और 33 के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन का शुभारंभ मुख्य अतिथि जूना अखाड़ा से संबद्ध हिमालय योगी महामंडलेश्वर डॉ. वीरेंद्रानंद गिरि और अन्य अतिथियों ने भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर ब्लूमिंग स्कालर्स एकेडमी के छात्र-छात्राओं ने गणेश वंदना सहित कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर डॉ. वीरेंद्रानंद गिरि ने कहा कि हिंदू धर्म और संस्कृति को बचाए रखने के लिए जातियों में बंटे हिंदू समाज को एकता के सूत्र में पिरोने के लिए समाज और संगठन दोनों की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। अखंड हिंदू समाज निर्माण में मातृशक्ति और युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। मुख्य वक्ता, प्रांतीय धर्म जागरण प्रमुख नारायण जी ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने शताब्दी वर्ष के अवसर पर हिंदू राष्ट्र निर्माण के अपने सपने को साकार करने के लिए कितनी कठिनाइयों और चुनौतियों का सामना किया, यह किसी से छिपा नहीं है।

उन्होंने डॉ. हेडगेवार द्वारा स्थापित संघ के हिंदू राष्ट्र निर्माण के लक्ष्य की ओर बढ़ते कदमों की सराहना की। इससे पूर्व कलश यात्रा और हवन यज्ञ का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम संयोजक पार्षद संजय शर्मा, पूर्व महापौर ऊषा चौधरी, प्रभाकर दुबे, चंद्र प्रकाश बिष्ट, ज्योतिर्मय बिष्ट, राज दीपिका मधुर, कमला रिखाड़ी, सह संयोजक जयदीप ढौंडियाल, पार्षद दीपा पाठक उपस्थित रहे।


काशीपुर में विराट हिंदू सम्मेलन कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

### लोहिया मार्केट में भी हुआ विराट सम्मेलन, हवन-पूजन के साथ शुभारंभ

आर्यनगर स्थित लोहिया मार्केट में सनातन धर्म जागरण समिति द्वारा आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन का शुभारंभ मुख्य अतिथि कथा व्यास शशांक भारद्वाज और अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के शुभारंभ से पूर्व रंगोली चित्रण, कलश यात्रा और वैदिक रीति-रिवाज से हवन पूजन का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि कथा व्यास शशांक भारद्वाज ने समाज के लोगों को अपने धर्म के प्रति समर्पण, श्रद्धा और दृढ़ संकल्प के साथ संगठित रहने का संदेश दिया। मुख्य वक्ता, सह विभाग प्रचारक नैनीताल केंद्र के नरेंद्र जी ने कहा कि एक समय था जब भारत माता की जय और वंदे मातरम बोलना अपराध माना जाता था, लेकिन संघ के प्रयासों से आज हिंदू समाज को नई पहचान मिली है। इस अवसर पर संघ संचालक अमित मित्तल, सह संयोजक गुरविंदर सिंह चंडोक, दीपक मित्तल, कपिल अग्रवाल, राजीव अरोरा बच्चू, शेष कुमार सितारा, अनुज मेहरोत्रा, सौरभ अरोरा, लवेंद्र सिंह, अर्पित चौहान सहित अन्य उपस्थित थे। इसके अलावा वैशाली कॉलोनी, केशवपुरम, कुंडेश्वरी में भी सम्मेलन आयोजित किए गए।


किच्छा में हिंदू सम्मेलन का दीप जलाकर शुभारंभ करते अतिथि। ● अमृत विचार

### विराट हिंदू सम्मेलनः किच्छा में देश और संस्कृति को बचाने का लिया संकल्प

**किच्छा :** किच्छा में सनातन धर्म प्रसार समिति के तत्वाधान में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने सभी हिंदू समाज से जाति, धर्म एवं ऊँच-नीच के भेदभाव को मिटाकर एक मंच पर आने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अनुसार नगर के बरेली मार्ग स्थित खन्ना राइस मिल में यह सम्मेलन संपन्न हुआ। इस अवसर पर भारत विकास परिषद के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट गजेंद्र सिंह संधू, आर्य समाज के वरिष्ठ कार्यकर्ता प्रभात कुमार आर्य, महिला सामाजिक कार्यकर्ता अंशुल टंडन, समाजसेवी मदन मदान एवं कार्यक्रम संयोजक संजीव खन्ना ने संयुक्त रूप से भारत माता के चित्र के समक्ष दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि सरदार गजेंद्र सिंह संधू ने कहा कि भारत देश में हिंदू समाज का उत्थान तभी संभव है, जब हिंदू समाज मजबूत होगा। यदि हिंदू कमजोर हुआ तो भारत भी कमजोर होगा। इसलिए हमें भारत को कमजोर नहीं होने देना चाहिए। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में भारत की एकमात्र ऐसी संस्कृति है, जो पूरे विश्व को बचाने तथा शांति और प्रेम का संदेश देती है। उन्होंने बताया कि वसुधैव कुटुम्बकम का नारा भारत में ही दिया गया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने पर पूरे देश में हिंदू समाज को जागरूक करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि देश की जनता को इतिहास के बारे में कई बार गलत जानकारी दी गई, जबकि वास्तविकता इससे अलग है। अब समय आ गया है कि देश और संस्कृति को बचाने के लिए हिंदू समाज को एकजुट होना होगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों प्रभात कुमार आर्य और अंशुल टंडन ने कहा कि वर्तमान में बच्चे सोशल मीडिया का अधिक उपयोग कर रहे हैं, जो उचित नहीं है। उन्होंने हिंदू समाज से आग्रह किया कि वे प्रत्येक दिन अपने बच्चों के साथ कम से कम एक घंटा बिताएं और उन्हें संस्कारी बनाने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि हमारी लापरवाही के कारण लव जिहाद जैसी घटनाओं में वृद्धि हो रही है। स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए और मेधावी बच्चों को स्मृति चिन्ह देकर उनके उत्साह को बढ़ाया गया। कार्यक्रम संयोजक संजीव खन्ना ने सभी का आभार व्यक्त किया। बताया कि आगामी 17 और 22 फरवरी को किच्छा के अलग-अलग क्षेत्रों में भी विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। वरिष्ठ नेत्री शैली फुटेला, लता सिंह, संजीव कुमार सिंह, सुरेश पपनेजा, भगत सिंह, विनोद फुटेला, बंटी पपनेजा, प्रेमलता चौहान, गीता राठौर, विवेक राय, सचिन चावला, दिनेश भाटिया, दया डसीला, श्रीकांत राठौर, मुकेश राठौर, प्रवीण रहेजा, बिन्नी खन्ना, संगीता शर्मा रहे।

## सिटी ब्रीफ

### चोरी की साइकिल के साथ एक दबोचा

**काशीपुर :** पुलिस ने चोरी की साइकिल के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पहले भी कई चोरी के मुकदमे दर्ज हैं। थाना जसपुर के गूलरभोजी निवासी दीवान सिंह पुत्र बुध सिंह ने बीती 7 फरवरी को कोतवाली पुलिस में साइकिल चोरी की तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर चोर की तलाश शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले और संदिग्ध की पहचान की। इसके बाद पुलिस टीम ने मोसिन निवासी वार्ड नंबर 23, अल्ली खां को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर चोरी की साइकिल भी बरामद की गई। पुलिस के अनुसार आरोपी शातिर किस्म का है और उसके खिलाफ पहले भी मुरादाबाद जिले व कुंडा कोतवाली में चोरी की कई रिपोर्ट दर्ज हैं।

### तमंचा और चाकू के साथ दो गिरफ्तार

**काशीपुर :** पुलिस ने तमंचा व चाकू के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके खिलाफ आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है। कुंडा कोतवाली पुलिस के उपनिरीक्षक गणेश दत्त भट्ट पुलिसकर्मियों के साथ गश्त कर रहे थे। इसी दौरान हरियावाला के पास बंद पड़ी एक फैक्ट्री के अंदर से संदिग्ध अवस्था में चहल-कदमी करते दो युवक को पुलिस ने घेराबंदी करके पकड़ लिया। तलाशी लेने पर युवकों के पास से एक तमंचा व एक चाकू बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी युवकों ने अपना नाम विपिन चौहान निवासी शिव मंदिर के पास कमालपुरी व गौतम कुमार निवासी कुएं के पास कमालपुरी थाना ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद बताया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट में रिपोर्ट दर्ज की है।

### पुलिस ने वारंटी को गिरफ्तार किया

**काशीपुर :** पुलिस ने एक फरार वारंटी को गिरफ्तार किया है। कोतवाली पुलिस के एसआई कौशल भाकुनी के नेतृत्व में वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया गया। पुलिस के अनुसार अशरफ निवासी गंगे बाबा रोड के खिलाफ आईपीसी की धाराओं 392/411 के अंतर्गत मामला पंजीकृत है। आरोपी काफी समय से फरार था और न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं हो रहा था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।

### बेरिया दौलत मार्ग पर बाइक सवार घायल

**बाजपुर :** बेरिया दौलत मार्ग पर हुए सड़क हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्राम बाजावाला केलाखेड़ा निवासी 40 वर्षीय कुलवंत सिंह बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान वे ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आ गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने एंबुलेंस को सूचना दी।

# बैठकी होली में गाइये गणपति जगवंदन ने जमाया रंग

- कुमाऊंनी बैठकी होली का आयोजन, बाहर से पहुंचे कलाकार

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** शहर में पारंपरिक कुमाऊंनी होली की बैठकें आयोजित होने लगी हैं, जिनमें बड़ी संख्या में लोग जुट रहे हैं। शनिवार देर शाम मोहित उपाध्याय के आवास, बैंक कॉलोनी, रामनगर रोड में बैठकी होली आयोजित की गई। बैठक में काशीपुर, रुद्रपुर, रामनगर, हल्द्वानी, हरिद्वार, नैनीताल और दिल्ली से आए कलाकारों ने शानदार होली गायन प्रस्तुत किया।

बैठक की शुरुआत भोला दत्त पांडेय द्वारा मां सरस्वती और श्री गणेश वंदना से की गई। उन्होंने गाइये गणपति जगवंदन, शंकर सुवन भवानी के नंदन गीत प्रस्तुत किया। नैनीताल से आए होलियार प्रभात शाह गंगोला ने राग श्याम कल्याण में होली गायन किया। हल्द्वानी के हेमंत पंत ने नींद से जागो कर जोर नयन, आज राधे रानी चली" प्रस्तुत किया। आयोजक मोहित उपाध्याय ने राग खमाज में अपने ही रंग में रंगा दे मौला, साहिब तू ही मोरा गरीब नवाज है प्रस्तुत किया। बसंत बिष्ट ने रसिया शैली में होली गायन किया। नैनीताल के प्रभात शाह गंगोला ने राग सहना में, हरिद्वार से आए प्रकाश पांडेय ने गुलाल अब कैसी, खुद को संभालू सुनाया। नैनीताल के पारस ने जयजयवंती राग में और दिल्ली से आई निधि जोशी ने राग भैरवी में प्रस्तुति दी। ज्योलिकोट के होलियार नरेश चमियाल ने भी राग भैरवी में होली गायन किया। तबले पर संगत में दिव्यांश उपाध्याय, बसंत बिष्ट, चित्रेश त्रिपाठी, अभिषेक तिवारी, कमल जोशी और गिरजेश तिवारी ने साथ दिया। बैठक में चंद्र मोहन भंडारी, डॉ. बीसी जोशी, डॉ. मुकेश पांडेय, पूरन बिष्ट, चक्रेश जैन, मोहन अग्रवाल, नीरज पंत, श्याम जोशी, शोभित गुड़िया, जीसी जोशी, योगेश जोशी, मनोज पंत, विकास उपाध्याय, संदीप पंत और दिनेश जोशी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।


काशीपुर में कुमाऊंनी बैठकी होली में शामिल महिलाएं। ● अमृत विचार

### श्रीमद्भागवत महापुराण संगीतमय कथा आयोजित

**बाजपुरः** नैनीताल स्टेट हाईवे स्थित हल्द्वानी बस अड्डा के समीप प्राचीन बड़ा शिव मंदिर में श्रीमद्भागवत महापुराण संगीतमय कथा ज्ञान यज्ञ के सातवें दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। महंत भगवान गिरी के नेतृत्व में आयोजित इस अनुष्ठान में कथावाचक आचार्य सतीश जोशी ने श्रीमद्भागवत कथा के प्रसंगों के माध्यम से श्रद्धालुओं को भक्ति, ज्ञान और सदाचार का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि मनुष्य को अपने कर्मों का हिसाब एक न एक दिन अवश्य देना पड़ता है, इसलिए सदैव सत्कर्म के मार्ग पर चलना चाहिए। महंत भगवान गिरी ने बताया आयोजन ब्रह्मलीन संत महंत थानापति समाधि गिरी जी महाराज के शिष्य ब्रह्मलीन देवगिरी जी की प्रथम पुण्यतिथि र पर आयोजित किया जा रहा है।


काशीपुर में बैठक के दौरान मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### महाशिवरात्रि पर रेडक्रॉस सोसाइटी कांवड़ियों के लिए निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाएगी

**काशीपुर :** महाशिवरात्रि पर्व कांवड़ियों के स्वास्थ्य लाभ के लिए नि :शुल्क रेडक्रॉस चिकित्सा शिविर लगाए जाने को लेकर पदाधिकारियों के बीच विचार विमर्श के बाद शिविर लगाने पर सहमति व्यक्त की गई। उदयराज हिंदू इंटर कॉलेज में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी शाखा इकाई द्वारा आयोजित बैठक में शाखा सचिव अरुण पंत ने बताया कि विगत वर्षों की भांति ढेला नदी पार बैलजूड़ी चौराहे पर 11 फरवरी से 14 फरवरी तक शिविर जारी रहेगा। कांवड़ियों की देखरेख के लिए चिकित्सकों और दवाइयों की व्यवस्था कर दी गई है। बैठक की अध्यक्षता कर रहे सोसायटी चेयरमैन गुरनाम सिंह गामा ने शिविर को दवाइयां उपलब्ध कराने में सोल इंडिया दवा फैक्ट्री के साथ-साथ मेडिकल स्टोर संचालकों का सहयोग पूर्व की तरह मिलने की बात कही। इस दौरान संयोजक कौशलेश गुप्ता, डॉ. अकील, डॉ. भारत गोला, डॉ. जैड रहमान, अमरीक सिंह, मो. आरिफ, डॉ. शहजाद, जगदीश पनेरू व अनीता पंत रहे।

# बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रमों से किया मंत्रमुग्ध

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचारः** पीएम श्री अटल उत्कर्ष राजकीय इंटर कॉलेज रायपुर में प्रथम वार्षिकोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने रंगारंग व शिक्षाप्रद प्रस्तुतियां देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों द्वारा लगाई विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन कर अतिथियों ने उनकी हौसला-अफजाई की।

शनिवार को कॉलेज में पहली बार आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक आदेश चौहान, प्रभारी खंड शिक्षा अधिकारी हरी बाबू निरंजन और ग्राम प्रधान दिलशाद शाह ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना, योग गीत, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ विषयक प्रस्तुति, हरियाणवी लोक नृत्य, बाबूराम कॉमेडी और मेरे देश की धरती गीत प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं। विद्यालय प्रशासन की ओर से अतिथियों के साथ-साथ शिक्षक-शिक्षिकाओं और अन्य गणमान्य लोगों को शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने मेधावी विद्यार्थियों और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर विधायक आदेश चौहान ने कॉलेज को एक फ्रीजर देने की घोषणा की। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए बालिकाओं की हौसला-अफजाई भी की। इस मौके पर नरेश चौहान, कुंती यादव, पूर्व प्रधानाचार्य पी.एल. भारती, प्रधानाचार्य सन्यासीवाला रजनीश पचौरी, कौशल चौधरी, विवेक कुमार, विमल चौहान, अमित त्यागी, पंकज चौहान, शालिनी, नफीस अहमद, तजम्मुल हसन, अनूप रहे।


जसपुर में बच्चों को पुरस्कृत करते विधायक आदेश चौहान एवं अन्य अतिथि। ● अमृत विचार

### किशोरी लापता, मकान मालिक पर केस दर्ज

**काशीपुरः** कुंडा कोतवाली क्षेत्र के एक ग्राम निवासी व्यक्ति ने कुंडा कोतवाली में तहरीर सौंपी। इसमें उन्होंने बताया कि वह अपने परिवार के साथ एक मकान में किराए पर रहता है। उनकी 16 वर्षीय बेटी जसपुर स्थित बालिका इंटर कॉलेज में कक्षा 12वीं की छात्रा है। 6 फरवरी बेटी स्कूल जाने के लिए घर से निकली थी। शाम तक घर लौटने पर बेटी न लौटने पर परिवार ने स्कूल में पूछताछ पर पता चला कि उनकी बेटी उस दिन स्कूल नहीं गई थी। देर रात पता चला कि मकान मालिक भी घर से गायब था। पीड़ित ने आरोप लगाया कि मकान मालिक बेटी पर गलत नजर रखता था और संभवतः वही उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर कहीं ले गया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

# सेवानिवृत्ति पर फार्मेसी अधिकारी का स्वागत

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचारः** राजकीय पशु चिकित्सा विभाग में 37 वर्षों तक अपनी सेवाएं देने के बाद राजकीय पशु चिकित्सालय सदर पिथौरागढ़ से सेवानिवृत्त मुख्य पशु चिकित्सा फार्मेसी अधिकारी मोहन चंद्र पाठक का दिनेशपुर पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। चक्कीमोड़, मदपुरी स्थित उनके आवास पर आयोजित सम्मान समारोह में परिजनों के साथ-साथ विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोग उपस्थित रहे और उन्हें सम्मानित किया।

रविवार को आयोजित समारोह में मोहन चंद्र पाठक ने अपने सेवाकाल को याद करते हुए बताया कि उन्होंने 8 नवंबर 1988 को राजकीय पशु चिकित्सालय सौग से पशु चिकित्सा फार्मेसी अधिकारी के रूप में अपनी सेवा प्रारंभ की थी। मोहन चंद्र पाठक ने बताया कि मार्च 2018 से जून 2025 तक दिनेशपुर राजकीय पशु चिकित्सालय में सेवाएं देने के उपरांत उन्हें पदोन्नति मिलकर मुख्य पशु चिकित्सा फार्मेसी अधिकारी के पद पर राजकीय पशु चिकित्सालय सदर पिथौरागढ़ में कार्यरत रहने का अवसर मिला। समाजसेवी राजेंद्र सिंह मेहरा, पत्नी मीना पाठक, भास्करानंद द्विवेदी, दीवान सिंह मेहता, भूपेश पाठक, रुचि पाठक, रजनी पाठक, गोपाल सिंह नयाल, ऋतिक पाठक, प्रकाश कोश्यारी, दक्ष पाठक, धन सिंह नयाल, दरपान कोश्यारी, मान सिंह मेहता, भुवन चंद्र थुवाल, दीवान सिंह रौतेला, केवल कृष्ण पाठक, हुकम सिंह राणा रहे।


दिनेशपुर में मोहन चंद्र पाठक का स्वागत करते परिजन और सामाजिक संगठनों के लोग।

### कैंटर चालक के खिलाफ दर्ज कराई गई प्राथमिकी

**सितारगंजः** चार फरवरी को हुए सड़क हादसे में एक महिला को कुचलने वाले कैंटर चालक के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

चिंतिमझरा वार्ड निवासी सोनू अली ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि चार फरवरी को उसकी मां बानो बेगम (65) वार्ड नंबर तीन निवासी अफसर अली के साथ आधार कार्ड से संबंधित कार्य के लिए स्कूटी से बाजार गई थीं। कार्य निपटाकर लौटते समय पीछे से आ रहे कैंटर ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से स्कूटी अनियंत्रित होकर गिर गई और दोनों सड़क पर गिर पड़े। हादसे के दौरान बानो बेगम कैंटर की चपेट में आ गईं, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अफसर अली उछलकर सड़क के दूसरी ओर जा गिरा और बाल-बाल बच गया।

श्रद्धा

**ठाकुर मंदिर स्थित नवनिर्मित शिव मंदिर में वैदिक मंत्रों व अनुष्ठान के साथ मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा हुई**

# जसपुर में भक्ति और उत्साह के साथ निकली भव्य शोभा यात्रा

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचारः** ठाकुर मंदिर स्थित नवनिर्मित शिव मंदिर में मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान पूरा क्षेत्र हर-हर महादेव और जय शिव शंभू के जयघोष से गुंजायमान हो उठा।

भक्ति और श्रद्धा के इस संगम में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। शोभा यात्रा का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मंदिर परिसर से हुआ। फूलों से सजे विमान पर भगवान गणेश की प्रतिमा विराजमान रही। यात्रा जैसे-जैसे नगर के मुख्य मार्गों से होकर गुजरी, चौधरी ब्रजवीर सिंह, अंकुर बंसल, मनीष मधुर, रवि चौधरी, दयाराम प्रजापति, मनोज गहलौत सहित स्थानीय निवासियों ने जगह-जगह आरती उतारकर और पुष्प वर्षा की। गांधी आश्रम पर श्रद्धालुओं ने मिष्ठान वितरण किया। यात्रा में भगवान शिव, मां लक्ष्मी सहित अन्य देवी-देवताओं की आकर्षक झांकियों ने सभी का मन मोह लिया। पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाएं और बच्चे यात्रा की शोभा बढ़ा रहे थे। बड़े शिव मंदिर पहुंचने पर शोभा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर बाबा सीताराम, कुसुमपाल नाथ, दीप भट्ट, खीमानंद भट्ट, संजय कांबोज, संजीव चौधरी, सर्वेश शर्मा, गौरव वशिष्ठ, कांति बल्लभ पाठक, रमेश कांडपाल, प्रकाश, मुकुल रहे।


जसपुर में शोभा यात्रा निकालते महंत और श्रद्धालु। ● अमृत विचार


जसपुर में छोलिया नृत्य करते कलाकार। ● अमृत विचार

### कुमाऊंनी छोलिया नृत्य ने मोहा सबका मन

**जसपुर :** भव्य शोभा यात्रा में जहां देवी-देवताओं की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं, वहीं उत्तराखंड के प्रसिद्ध कुमाऊंनी छोलिया नृत्य ने पूरी यात्रा में चार चांद लगा दिए। शोभा यात्रा जैसे ही मुख्य बाजार से गुजरी, पारंपरिक वेशभूषा में सजे छोलिया नर्तकों ने ढोल-दमाऊ और रणसिंगे की गूंज के बीच तलवारबाजी के पारंपरिक करतब दिखाए। नर्तकों की प्रस्तुति को देखकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। जगह-जगह स्थानीय व्यापारियों और निवासियों ने छोलिया दल का स्वागत किया।

# विद्यार्थियों को दी पाठ्यक्रमों की जानकारी

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** राधेहरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संचालित उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के अध्ययन केंद्र द्वारा रविवार को एक विशेष अभिन्यास तथा प्रवेश प्रचार-प्रसार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति ने शिरकत कर छात्र-छात्राओं को दोहरी डिग्री सहित शिक्षा के विभिन्न अवसरों की जानकारी दी।

मुख्य अतिथि यूओयू के कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी रहे। उन्होंने अपने संबोधन में विश्वविद्यालय द्वारा संचालित स्नातकोत्तर, स्नातक, डिप्लोमा और सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों की महत्ता पर विस्तार से चर्चा की। प्रो. लोहनी ने दूरस्थ शिक्षा की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए शिक्षार्थियों को दोहरी डिग्री प्राप्त करने की विधि और इसके लाभों के बारे में भी बताया। अध्ययन केंद्र के समन्वयक प्रो. (डॉ.) महीपाल सिंह ने सभी अतिथियों और शिक्षार्थियों का स्वागत किया। उन्होंने केंद्र द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं, जैसे परामर्श सत्रों का संचालन, सत्रीय कार्य और परीक्षा प्रक्रिया पुस्तकों की उपलब्धता और आइसीटी टूल्स का उपयोग के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। वहीं, सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉ. रेखा बिष्ट ने विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमों और उनकी भविष्य में उपयोगिता पर चर्चा की। प्रभारी प्राचार्य प्रो. आदित्य प्रकाश सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। उत्तराखंड अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण सदस्य प्रो. गुरमीत सिंह, पूर्व ब्लॉक प्रमुख दलजीत सिंह, मधु डोगरा, डॉ. तिलक राम प्रजापति और डॉ. भानु प्रताप सिंह गौतम रहे।



काशीपुर में कार्यक्रम के दौरान अतिथि का स्वागत करते प्रोफेसर। ● अमृत विचार

# विराट हिंदू सम्मेलन में एकजुटता का आह्वान

## देवस्थल में शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में हुआ भव्य आयोजन, राष्ट्रबोध और भविष्य की रणनीति पर हुआ मंथन

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में रविवार को हवालबाग के देवस्थल में विराट हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। सम्मेलन में हिंदुत्व, सामाजिक समरसता, राष्ट्रबोध और भविष्य की रणनीतियों पर गहन मंथन किया गया।

सम्मेलन में मुख्य वक्ता डॉ. लक्ष्मण सिंह भोज और भावना मल्होत्रा ने विचार रखे। कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का उद्देश्य केवल संगठन खड़ा करना नहीं, बल्कि चरित्रवान, राष्ट्रनिष्ठ और समाज के प्रति उत्तरदायी नागरिकों का निर्माण करना है। संघ के स्वयंसेवक बिना किसी अपेक्षा के समाज सेवा में जुटे हैं। कहा कि आज आवश्यकता है कि युवा अपने समय और सामर्थ्य का कुछ अंश राष्ट्र और समाज के लिए समर्पित करें। कार्यक्रम संरक्षक बृहस्पति गिरी महाराज ने कहा कि हिंदुत्व किसी एक पंथ या वर्ग तक सीमित नहीं, बल्कि यह जीवन जीने की वह पद्धति है जिसमें समरसता, सेवा, संस्कार और सत्य समाहित हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में समाज को एकजुट रखते हुए सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा करना प्रत्येक हिंदू का कर्तव्य है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपनी परंपराओं को समझें और आधुनिकता के साथ संतुलन बनाकर आगे बढ़ें। इसके अलावा सम्मेलन में अन्य लोग मौजूद रहे।


अल्मोड़ा के देवस्थल में रविवार को हिन्दू सम्मेलन में मंचासीन अतिथि।


अल्मोड़ा के देवस्थल में रविवार को हिन्दू सम्मेलन के दौरान मौजूद लोग।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

देवस्थल के शिव मंदिर में आयोजित हिन्दू सम्मेलन के शुभारंभ मौके पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। जिसमें साईं एकेडमी के बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां विशेष आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने प्रस्तुत देशभक्ति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने लोगों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। वहीं, आयोजकों ने बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि नई पीढ़ी में संस्कार और राष्ट्रप्रेम की भावना देखकर भविष्य के प्रति आशा और विश्वास मजबूत होता है।

### सनातन संस्कृति ही देश को बना सकती है विश्वगुरु

**लोहाघाट :** नगर के रामलीला मैदान में सकल हिंदू समाज की ओर से विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने हिंदुत्व की विचारधारा, सनातन संस्कृति और भारतीय परंपराओं को आगे बढ़ाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति ही देश को पुन: विश्वगुरु का स्थान दिला सकती है। रविवार को आयोजित इस सम्मेलन की अध्यक्षता तीलू रौतेली पुरस्कार प्राप्त शांभवी मुरारी ने की। मुख्य अतिथि महंत स्वामी धर्मराजानंदपुरी महाराज एवं महामंडलेश्वर श्रीश्री 1008 हेमंतानंद पशुपति महाराज रहे। मुख्य वक्ता आरएसएस के पिथौरागढ़ विभाग प्रचारक वतन ने हिंदुत्व की परिभाषा बताते हुए हिंदू संस्कृति के संरक्षण एवं विस्तार के लिए समाज को संगठित होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक अभिभावक का दायित्व है कि वह अपने बच्चों में बचपन से ही वीर नारियों और महापुरुषों के संस्कार भरें। शिवाजी, महाराणा प्रताप, स्वामी विवेकानंद, रानी दुर्गावती, झांसी की रानी, रानी चेनम्मा और सावित्रीबाई फुले जैसे महापुरुषों से प्रेरणा लेकर युवा पीढ़ी को सही दिशा दी जा सकती है। उन्होंने कहा कि मजबूत संस्कारों से ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव है। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक सुनील चौबे तथा सह संयोजक अमित साह व अमित जुकरिया रहे। संचालन दीपक जोशी ने किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष आनंद अधिकारी, नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद वर्मा, पूर्व विधायक पूरन सिंह फर्त्याल सहित अनेक जनप्रतिनिधि व सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सम्मेलन में बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी रही और सभी ने सनातन संस्कृति को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

### सम्मेलन में ये लोग रहे मौजूद

जिला प्रचारक प्रमुख राजेंद्र जोशी, जिला सेवा प्रमुख सुरेश कांडपाल, ब्लॉक प्रमुख हवालबाग हिमानी कूंडू, देवेंद्र सिंह नयाल, युवा प्रमुख प्रकाश बिष्ट, अमित साह, मंडल प्रमुख संजय बिष्ट, पूर्व विधायक कैलाश शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष महेश नयाल, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रवि रौतेला, पूर्व जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष ललित लटवाल, विश्व हिंदू परिषद के संगठन मंत्री वेद प्रकाश, अंजली शर्मा, गोकुल मेहता, भाजपा जिला मंत्री सुनील बिष्ट, दिनेश बिष्ट, कैलाश गोस्वामी, आनंद डंगवाल, अर्जुन बिष्ट आदि रहे।

## खिलाड़ियों को सड़क सुरक्षा का संदेश दिया

**बनबसाः** पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देश पर थाना पुलिस द्वारा 36वें सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत विशेष यातायात सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। भजनपुर क्रिकेट क्लब की क्रिकेट प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों, बच्चों एवं क्रिकेट प्रेमियों के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम ने उपस्थित लोगों को सड़क पार करने के सुरक्षित तरीके, फुटपाथ का उपयोग, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने की अनिवार्यता तथा यातायात संकेतों और नियमों की जानकारी विस्तार से दी। साथ ही सुरक्षित ड्राइविंग और अनुशासित यातायात व्यवहार के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। पुलिस अधिकारियों ने युवाओं से अपील की कि वे खेल मैदान के साथ-साथ सड़क पर भी अनुशासन और सुरक्षा का पालन करें। इस अवसर पर चम्पावत पुलिस ने संदेश दिया कि "हमारे युवा खिलाड़ी मैदान के साथ-साथ सड़क पर भी सुरक्षित रहें, यही हमारी प्राथमिकता है।"

कार्यक्रम में खिलाड़ियों और दर्शकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने का संकल्प लिया। पुलिस द्वारा इस पहल की स्थानीय लोगों ने सराहना की और इसे समाज के लिए उपयोगी बताया।

# अल्मोड़ा मालरोड में लंबे जाम से परेशान रहे लोग


अल्मोड़ा मालरोड में रविवार दोपहर लगे जाम में फंसे वाहन। ● अमृत विचार

- रविवार दिन में लगे जाम में एक घंटे तक सड़क में रेगते रहे वाहन
- पांच दर्जन से अधिक वाहन फंसे रहे जाम में

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** अल्मोड़ा नगर क्षेत्र में जाम की समस्या आम हो गई है। रविवार को अल्मोड़ा मालरोड के केमू स्टेशन के पास दिन में लंबा जाम लग गया। जिसमे पर्यटकों समेत स्थानीय लोगों की भारी परेशानी झेलनी पड़ी। करीब एक घंटे तक वाहन सड़क पर रेंगते रहे। बाद में बमुश्किल जाम खुलवाया गया। जाम खुलने से पर्यटकों और स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली।

दरअसल, इन दिनों नगर के मालरोड में वाहनों का एकाएक दबाव बढ़ने लगा हैं। वहीं कई लोग सड़क किनारे अपने वाहन आहे तिरछे खड़े कर देते हैं। इससे आये दिन जाम की समस्या बनी रहती है। रविवार को वन वे व्यवस्था में छूट के चलते मालरोड में एकाएक वाहनों को दबाव बढ़ने के चलते जान की स्थिति बन गई। यहां पहुंचे पर्यटकों और स्थानीय लोगों को जाम के झाम से परेशारियों का सामना करना पड़ा। दिन में लगे जाम के झाम में देखते ही देखते एक के बाद एक वाहनों के पहिए थमने लगे। बाद में पुलिस ने बमुश्किल जाम खुलवाया। जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

# यश व जाहिद ने जीती मैत्री कैरम ट्रॉफी

- फाइनल में राजा पांडे और अभय साह की जोड़ी को पराजित किया
- मैत्री संघ खजांची मोहल्ला की ओर से आयोजित हुई प्रतियोगिता

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** अल्मोड़ा में मैत्री कैरम प्रतियोगिता का समापन हो गया है। प्रतियोगिता के फाइनल के कड़े मुकाबलें में यश साह और जाहिद अंसारी की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया।

मैत्री संघ खजांची मोहल्ला की ओर से आयोजित कैरम की फाइनल प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष सुशील साह और भाजपा नगर अध्यक्ष विनीत बिष्ट ने संयुक्त रुप से किया। इसके बाद प्रतियोगिता में यश साह और जाहिद अंसारी की जोड़ी ने अपने प्रतिद्वंदी राजा पांडे और अभय साह की जोड़ी को 29-22 से पराजित कर ट्रॉफी पर अपना कब्जा जमाया। इस मौके पर अतिथियों की ओर से विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। यहां दीपक वर्मा, विवेक वर्मा, प्रशांत वर्मा, अनिल बिष्ट, ललित मोहन शाह, कंचन बिष्ट, अमित साह, पंकज वर्मा, अभय उप्रेती, बबन, वीरेंद्र सिंह, अजय बिष्ट, राकेश साह, मणिकरण गुप्ता, अनिल साह, किशन साह, नारायण बिष्ट, चंद्रशेखर कांडपाल और मनोज साह सहित कई खेल प्रेमी मौजूद रहे।


अल्मोड़ा में मैत्री कैरम प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी ट्रॉफी के साथ। ● अमृत विचार

## अर्चित ने तीसरी बार पास की यूजीसी नेट परीक्षा

**बागेश्वरः** गरुड़ क्षेत्र के भेंटा गांव के मूल निवासी व वर्तमान में बागेश्वर निवासी अर्चित लोहुमी ने अंग्रेजी विषय से यूजीसी नेट परीक्षा लगातार तीसरी बार उत्तीर्ण कर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने 99.85 फीसदी अंकों के साथ परीक्षा पास की और जूनियर रिसर्च फैलोशिप प्राप्त की। अर्चित ने प्रारंभिक शिक्षा हिमालयन सेंट्रल स्कूल से तथा इंटरमीडिएट महर्षि विद्या मंदिर, बिलौना से टॉप मेरिट से पास की। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से स्नातक व परास्नातक किया और वर्तमान में वह दिल्ली विवि में शोध कर रहे हैं। अर्चित के पिता हेम चंद्र लोहुमी शिक्षक तथा माता श्रीमती प्रभा लोहुमी हिमालयन सेंट्रल स्कूल में प्रबंधन समिति की सदस्य हैं।

# फलसीमा गांव में गुलदार की धमक, गश्त शुरू

- आये दिन गुलदार दिखाई देने से लोगों में भय का बना है माहौल

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** अल्मोड़ा नगर से लेकर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में गुलदार का आतंक बरकरार है। कई स्थानों पर एक से ज्यादा गुलदार सक्रिय है। साल दर साल बढ़ रहे गुलदार के आतंक से लो खौफजदा हैं। इधर, शनिवार रात वन विभाग की टीम ने हवालबाग के ग्राम पंचायत फलसीमा में गश्त लगाई और लोगों को एहतियात बरतने की सलाह दी।

नगर समेत ग्रामीण इलाकों में गुलदार आये दिन सीसीटीवी कैमरे में चहल कदमी करते हुए कैद हो रहा है। स्थिति यह है, कि क्षेत्र में लोग अंधेरा होते ही घरों पर दुबकने को मजबूर हैं। वहीं, स्कूल जाने वाले बच्चों में भी गुलदार का भय बना रहता है। वहीं, नगर से सटे ग्राम पंचायत फलसीमा में इन दिनों गुलदार दिखाई दे रहा है। जिससे लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। गुलदार की धमक को लेकर ग्रामीणों ने वन विभाग से शिकायत की। शिकायत के बाद वन विभाग की टीम ने बीते शनिवार देर शाम क्षेत्र में गश्त की। लेकिन कहीं भी गुलदार नजर नहीं आया। वहीं, गुलदार की मूवमेंट को जगह-जगह ट्रेप कमरे लगाए गए। इधर, वन विभाग ने ग्रामीणों को एहतियात बरतने की सलाह दी हैं।


ट्रैप कैमरा लगाता वन कर्मी।

### नगर क्षेत्र में गुलदार की धमक से लोगों में दहशत



**रानीखेत :** नगर के निचले इलाकों में गुलदार की धमक लगातार बनी हुई है। बीते अलसुबह गुलदार नंदा देवी मंदिर से सटे रिहायशी क्षेत्र में घूमता हुआ दिखाई दिया। गुलदार की टहलकदमी से नागरिकों में दहशत का माहौल बना हुआ है। नगर क्षेत्र में पिछले कुछ महीनों से गुलदार की गतिविधियां लगातार देखी जा रही हैं। विशेष रूप से सुदामा पुरी, गोविंद गार्डन, तिवारी गार्डन, तिवारी गार्डन और चौधरी गार्डन के आसपास गुलदार को टहलते देखा गया है। शनिवार सुबह करीब 4 बजकर 54 मिनट के आसपास गुलदार नंदा देवी मंदिर के पास एडवोकेट विनोद कांडपाल के आवास के समीप टहलकदमी करता हुआ दिखाई दिया, जो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। स्थानीय लोगों के अनुसार गुलदार पालतू कुत्तों के शिकार की नीयत से रिहायशी क्षेत्रों की ओर रुख कर रहा है, जिससे लोगों में भय व्याप्त है। गुलदार की लगातार मौजूदगी से नागरिकों में दहशत बनी हुई है।

# भीमताल में ग्राफिक एरा का एनएसएस शिविर शुरू

- शिविर में 100 स्वयं सेवक ले रहें हैं भाग

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचारः** ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी, भीमताल परिसर की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा मॉडल राजकीय प्राथमिक विद्यालय–1, मेहरा गांव, ग्राम दोब ल्वेशाल, भीमताल में सात दिवसीय एवं रात्रि विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया। यह शिविर 7 फरवरी से 13 फरवरी 2026 तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें 100 एनएसएस स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं।

उद्घाटन समारोह में विद्यालय के प्रधानाचार्य विजेंद्र सिंह सहित शिक्षिकाएं नमिता शर्मा, दीप्ति परिहार एवं बाबली उपस्थित रहीं। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अमित मित्तल एवं डॉ. संतोषी सेनगुप्ता ने स्वयंसेवकों को मार्गदर्शन प्रदान करते हुए शिविर के उद्देश्यों की जानकारी दी।

शिविर के अंतर्गत शिक्षा, लैंगिक संतुलन, पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा साक्षरता एवं ग्रामीण खेलों को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। साथ ही स्वच्छता अभियान, पोस्टर निर्माण, रैलियां, नुक्कड़ नाटक, खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम, ट्रेकिंग एवं ग्रामीण संवाद जैसी गतिविधियां आयोजित होंगी।

परिसर निदेशक ने स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं देते हुए इसे समाज में सकारात्मक बदलाव की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।



भीमताल के ग्राफिक एरा में एनएसएस शिविर में मौजूद छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

## रिटायर्ड हवलदार इंद्र चन्द का निधन

**टनकपुरः** ग्राम सैलानीगोठ निवासी सेना में ईएमई के हवलदार पद से सेवानिवृत्त एवं समाजसेवी इंद्र चन्द का निधन हो गया। वे 79 वर्ष के थे और पिछले कुछ समय से अस्वस्थ थे। स्व. इंद्र चन्द का अंतिम संस्कार गांव से सटे शारदा नदी तट पर किया गया। उनके पुत्र चंद्री चन्द राजपूत (राजू) ने उन्हें मुखाग्नि दी। वे अपने पीछे पत्नी, एक पुत्र और चार पुत्रियों का भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। अंतिम संस्कार में राजपूत रेजीमेंट के जवानों ने पुष्प अर्पित कर उन्हें अंतिम सलामी दी। इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण, पूर्व सैनिक रहे।


इंद्र चन्द (फाइल)।

# 18 नकलची छात्रों पर होगी कार्रवाई

- एसएसजे में विषम सेमेस्टर परीक्षा में नकल करते पकड़े छात्र
- जल्द विवि में होगी अनुचित साधन प्रयोग प्रकरण की बैठक

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के अधीन सभी महाविद्यालयों और परिसरों में सेमेस्टर परीक्षाएं हुई थी। परीक्षाओं के दौरान उड़न दस्ते की टीम ने 18 छात्र-छात्राओं को नकल करते हुए पकड़ा है। अब विवि प्रशासन की ओर से इन सभी छात्रों पर कार्रवाई की जाएगी।

विवि के अधीन सभी महाविद्यालयों व परिसरों में दिसंबर व जनवरी में विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं हुई थी। अब परीक्षाएं पूरी होने के बाद विश्वविद्यालय रिजल्ट जारी करने की तैयारी में लगा हुआ है। वहीं, इन परीक्षाओं में विभिन्न कॉलेजों व परिसरों कुल 18 छात्र परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों का प्रयोग करते हुए पकड़े गए थे। विश्वविद्यालय के सचल दल ने रंगे हाथों इन छात्रों को ऐसा करते हुए पकड़ा था। अकेले अल्मोड़ा परिसर की ही बात करें तो ऐसे कुल 12 मामले सामने आए थे। इसमें एक छात्र तो मोबाइल लेकर भी परीक्षा केंद्र में पहुंच गया था और चैट जीपीटी से सवालों के उत्तर लिख रहा था। अब इन सभी छात्र-छात्राओं पर विवि प्रशासन कार्रवाई करेगा। विवि प्रशासन का कहना है कि नकल को किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नकल करते पकड़े गए छात्रों पर नियमानुसार कार्रवाई होगी।

### पिछले सत्र में 33 पर हुई थी कार्रवाई

सत्र 2024–25 में विधि पाठ्यक्रम के सम सेमेस्टरों और अन्य पाठ्यक्रमों के विषम सेमेस्टरों की परीक्षाओं में कुल 33 नकलची पकड़े गए थे। विवि ने इन छात्रों पर कार्रवाई कर एक साल बर्बाद कर दिया था। संबंधित प्रश्नपत्र अनुत्तीर्ण घोषित कर दिया था, अगले साल परीक्षा देपास करने का निर्णय लिया था।

> एसएसजे विवि में इस बार 18 छात्रों को परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों का प्रयोग करते पकड़ा गया है। जल्द ही यूएफएम की बैठक होगी। बैठक में ही इन छात्रों के भविष्य पर निर्णय लिया जाएगा।
>
> –प्रो. पंकज कुमार शाह, परीक्षा नियंत्रक एसएसजे विवि।

**परीक्षा** | परीक्षा में 24 यूके बटालियन एनसीसी अल्मोड़ा व 79 यूके बटालियन एनसीसी नैनीताल के कैडेट्स ने भाग लिया

# एनसीसी 'बी' प्रमाण पत्र परीक्षा में 368 कैडेट हुए शामिल

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचारः** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर में एनसीसी 'बी' प्रमाण पत्र परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। इस परीक्षा में 24 यूके बटालियन एनसीसी अल्मोड़ा एवं 79 यूके बटालियन एनसीसी नैनीताल से संबद्ध विभिन्न शिक्षण संस्थानों के कैडेटों ने भाग लिया।

24 यूके बटालियन एनसीसी नैनीताल के कमान अधिकारी कर्नल पीवी कुलकर्णी के निर्देशन में यह परीक्षा 7 व 8 फरवरी को आयोजित की गई। पहले दिन कैडेटों की प्रायोगिक परीक्षा ली गई, जिसमें ड्रिल, मैप रीडिंग, वेपन ट्रेनिंग, एफसी-बीसी सहित अन्य विषयों की जांच की गई। दूसरे दिन लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा में पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर, जीपीपी रामनगर, जीआईसी रामनगर, जीजीआईसी रामनगर, जीआईसी कोटाबाग, दून मॉडर्न एकेडमी कोटाबाग, जीआईसी कालाढूंगी, एसडीआर रुद्रपुर, ऑक्सफोर्ड रुद्रपुर, जीएनजीआईसी रुद्रपुर, एम.बी.पीजी कॉलेज हल्द्वानी तथा राधे हरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय काशीपुर के एसडी व एसडब्ल्यू कैडेटों ने भाग लिया। कुल पंजीकृत 382 कैडेटों में से 368 उपस्थित रहे, जबकि 14 कैडेट अनुपस्थित पाए गए। परीक्षा के दौरान एनसीसी नैनीताल के ग्रुप कमांडर कोमोडोर बल राजेश सिंह ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने कैडेटों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर 5 नेवल यूनिट के एडम ऑफिसर लेफ्टिनेंट कमांडर अनिल मनहास, प्रभारी प्राचार्य डॉ. दीपक खाती, एएनओ कैप्टन पंकज जैन, कैप्टन भवतोष भट्ट, कैप्टन इंद्रजीत कौर, लेफ्टिनेंट कृष्णा भारती, लेफ्टिनेंट डी.एन. जोशी, लेफ्टिनेंट हिमानी जोशी, लेफ्टिनेंट संतोष कुमार सहित अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।


रामनगर डिग्री कॉलेज में एनसीसी 'बी' प्रमाण पत्र परीक्षा देते कैडेट। ● अमृत विचार

# राजस्व वसूली कार्यों में तेजी लाएं

- अल्मोड़ा में एडीएम ने राजस्व अफसरों को दिए निर्देश
- चौखुटिया और अल्मोड़ा तहसीलों में कम वसूली पर जांच के निर्देश

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** एडीएम युक्ता मिश्र ने कलक्ट्रेट में राजस्व वसूली कार्यों और प्रमाणपत्रों के संबंध में समीक्षा बैठक ली। इस दौरान बैठक में एडीएम ने तहसीलवार वसूली प्रगति और अवशेष वसूली प्रमाण पत्रों के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

समीक्षा बैठक के दौरान एडीएम ने चौखुटिया और अल्मोड़ा तहसील के अमीनों द्वारा निर्धारित मानक से कम वसूली किए जाने पर संबंधित तहसीलदारों को अपने स्तर से प्रकरणों की समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

उन्होंने वित्तीय वर्ष से पूर्व ही फरवरी माह के भीतर बोर्ड ऑफ रेवेन्यू द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत राजस्व वसूली सुनिश्चित करने के साथ ही अधिकारियों को वसूली कार्यों में तेजी लाने, लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करने और नियमित रूप से प्रगति की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए, ताकि निर्धारित लक्ष्य समय से पूर्ण किया जा सके। यहां बैठक में तहसीलदार सदर ज्योति धपवाल समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।


अल्मोड़ा कलक्ट्रेट में राजस्व वसूली की समीक्षा के दौरान मौजूद अधिकारी।

# अमृत विचार

**सोमवार, 9 फरवरी 2026**



अच्छे दोस्त, अच्छी किताबें और शांत अंतरात्मा : यही आदर्श जीवन है।
–मार्क ट्वेन, अमेरिकी लेखक

## अवसर और आशंकाएं

अनिश्चितताओं से घिरी वैश्विक अर्थव्यवस्था जब आपूर्ति के नए संतुलन की तलाश में हो तब दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के साथ व्यापार समझौते के ढांचे पर सहमति व्यापारिक तनाव में कमी निवेश, निर्यात और प्रौद्योगिकी सहयोग के नए द्वार खोलेगी, हालांकि इस अवसर के बावजूद जनता और नीति-निर्माताओं के यह प्रश्न बना हुआ है कि यह समझौता संतुलित है किंचित झुकाव लिए हुए? संयुक्त बयान के बाद साफ है कि यदि भारत अमेरिका से आयात तीन गुना तक बढ़ाता है, तो हमारा व्यापार अधिशेष घटेगा। इससे अमेरिकी निर्यातकों और ऊर्जा कंपनियों को तत्काल लाभ होगा, जबकि भारत को अपेक्षित लाभ तभी मिलेगा जब सेवाओं विशेषकर आईटी और फार्मा में बाज़ार पहुंच वास्तविक रूप से विस्तारित हो, जिस पर बात अभी स्पष्ट नहीं है।

अमेरिका द्वारा भारत पर टैरिफ को 50% करने से पहले औसत टैरिफ लगभग 2-3% था, जो 2024 में भारतीय निर्यात पर लागू था, अमेरिका ने पहले शुल्क बढ़ाए और अब आंशिक रियायत देकर समझौता प्रस्तुत किया, बेशक यह 'पहले दबाव, फिर राहत' की रणनीति है, लेकिन अब इस पर बात बेमानी है। अच्छा है कि हमने अपने संवेदनशील कृषि और डेयरी क्षेत्रों पर कोई व्यापक छूट न देकर सावधानी दिखाई है। मक्का, गेहूं, दाल, चावल, सोया, पोल्ट्री, डेयरी और एथेनॉल जैसे क्षेत्रों पर टैरिफ़ संरक्षण जारी रहना, किसानों के लिए आश्वस्तकारी संकेत है। फिर भी अमेरिकी ताज़े फल, मेवे और पशु आहार सस्ते होकर भारतीय बाज़ार में आएंगे, तो घरेलू उत्पादकों पर प्रतिस्पर्धात्मक दबाव बढ़ेगा। यही कारण है कि किसान संगठन अमेरिकी कृषि उत्पादों पर टैरिफ़ में कटौती का विरोध कर रहे हैं। उन्हें आशंका है कि सस्ती आयातित उपज से एमएसपी और सार्वजनिक खरीद प्रणाली पर दबाव बढ़ेगा। कार्यकारी आदेश 14329 की धारा सात के तहत अमेरिका यह निगरानी करेगा कि भारत रूस से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से तेल आयात न करे, अन्यथा 25 प्रतिशत दंडात्मक शुल्क पुनः लागू किया जा सकता है। भारत ने अब तक स्पष्ट रूप से यह नहीं कहा कि वह रूसी तेल खरीद पूरी तरह बंद करेगा। रणनीतिक स्वायत्तता की नीति के तहत भारत बहु-स्रोत ऊर्जा आयात को प्राथमिकता देता रहा है। 500 अरब डॉलर से अधिक के अमेरिकी ऊर्जा, प्रौद्योगिकी और अन्य उत्पादों की खरीद की सहमति तभी पूरी हो सकेगी, जब इसमें बोइंग विमान, हेलिकॉप्टर और संभावित परमाणु रिएक्टर जैसे बड़े सौदे शामिल होंगे। ऊर्जा और रक्षा क्षेत्र में बड़े आयात से सामरिक साझेदारी मजबूत होगी, परंतु घरेलू रक्षा उद्योग 'मेक इन इंडिया' पर उसका प्रभाव संतुलित करना अनिवार्य है।

प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और संयुक्त उत्पादन सुनिश्चित किए बिना यह निर्भरता बढ़ाएगा। आईटी और अन्य सेवाओं के क्षेत्र में वीज़ा, डेटा और डिजिटल क्षेत्र में भारत वास्तविक बढ़त रखता है। यहां व्यापार नियमों पर स्पष्टता आवश्यक है। कुल मिलाकर सरकार, विदेश और वाणिज्य मंत्रालय को विस्तृत श्वेत पत्र जारी कर प्रत्येक क्षेत्रीय प्रभाव स्पष्ट करना चाहिए; यदि संतुलन, स्पष्टता और रणनीतिक स्वायत्तता बनी रहती है, तो यह समझौता अवसर सिद्ध हो सकता है, अन्यथा आशंकाएं विमर्श पर हावी रहेंगी।

### प्रसंगवश

## शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी जरूरी



रविंद्र त्रिपाठी
शिक्षक

शिक्षा मनुष्य की मूलभूत आवश्यकता है यही कारण है कि प्राचीन काल से ही शिक्षा का जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है। प्राचीन काल में गुरुकुलों में शिक्षा दी जाती थी, इसीलिए 16 संस्कारों में एक संस्कार था विद्यारंभ, जिसका तात्पर्य है विद्या को प्रारंभ करना। कहने का मतलब है कि शिक्षा एक संस्कार है, लेकिन कालांतर में धीरे-धीरे सभी संस्कार समाज से लुप्त हो गए। अंग्रेजों के जमाने में जब शिक्षा का आधुनिकीकरण हुआ तो हमारी शिक्षा ज्ञान परक से हटकर परीक्षा परक हो गई। बारी-बारी से संस्कारों का ह्रास का युग प्रारंभ हो गया, लेकिन अगर देखा जाए तो शिक्षा और संस्कार एक ही सिक्के के दो पहलू हैं।

शिक्षित व्यक्ति न केवल शिक्षित होता है बल्कि वह संस्कारवान भी होता था। उसमें सभी मानवीय गुण, जैसे- प्रेम, दया, सहानुभूति, करुणा इत्यादि से भी भरा रहता था। प्राचीन काल में हमारे ऋषियों-मनीषियों ने इस बात पर विशेष ध्यान दिया था कि हर व्यक्ति संस्कार से युक्त शिक्षा ले, क्योंकि वे जानते थे कि बिना संस्कार के शिक्षा मनुष्य को पथभ्रष्ट कर सकती है, जिससे संपूर्ण मानव जाति का पतन हो सकता है। यही कारण है कि मानव का पहले संस्कार जब बच्चा गर्भ में आता था, तभी से प्रारंभ हो जाता था। इसका इतना महत्व रहता था, जो कि एक प्रकार की देखभाल था। यानी गर्भिणी का देखभाल हमारे संस्कार का एक प्रमुख अंग था, जो कि आजकल जच्चा-बच्चा की व्यवस्था से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के द्वारा संचालित किया जा रहा है।

पुंसवन संस्कार में संतान के सकुशल से रहने की कामना व्यक्त की जाती थी। सीमंतोन्नयन में अनिष्टकारी शक्तियों से गर्भस्थ शिशु की रक्षा की कामना की जाती थी, जिसका वर्तमान में जच्चा के टीकाकरण से तुलना की जा सकती है। जात कर्म बालक के जन्म से एवं नामकरण नाम रखने से निष्क्रमण संस्कार में बालक पहली बार घर से बाहर निकलता था। इसका महत्व स्वास्थ्य के नजरिये से था, क्योंकि बच्चों में सूखा रोग ज्यादातर धूप की कमी से हो जाता था।

इसी प्रकार अन्नप्राशन संस्कार, जो कि छह महीने के बाद होता था, इसका संबंध भोजन से था। यानी छह महीने बाद बच्चों को धीरे-धीरे भोजन की ओर उन्मुख करना था। आयुर्वेद चिकित्सा भी इसी को मान्यता देती है, क्योंकि जब तक बच्चे भोजन नहीं ग्रहण करते हैं, तब तक उनका वजन संतुलित नहीं होता है। चूड़ा कर्म संस्कार वर्तमान में मुंडन संस्कार से जुड़ा हुआ है। कर्ण वेधन कान में आभूषण पहनने के लिए था। विद्यारंभ संस्कार को प्रि नर्सरी से जोड़ा जा सकता है।

उपनयन संस्कार के बाद बालक को द्विज कहा जाता था, जिसका तात्पर्य है दूसरा जन्म उपनयन संस्कार मुख्य रूप से शिक्षा से संबंधित थी। इसमें बालक यज्ञोपवीत धारण करता था। इसी संस्कार में इसका विशेष परिष्कार किया जाता था, फिर वेदारंभ में उसे ज्ञान की शिक्षा दी जाती थी। वेद शब्द की उत्पत्ति विद् धातु से हुई है, जिसका अर्थ है ज्ञान। इसी गुरुकुल में रहते हुए उसकी पहली बार जब दाढ़ी मूछ बनवाई जाती थी, तो उसे केशांत कहा जाता था।

जब विद्यार्थी पढ लिखकर पूर्ण ज्ञानी होकर घर लौटता था, तो समावर्तन संस्कार गुरुओं द्वारा कराया जाता था। इसमें विद्यार्थी को स्नान कराया जाता था। इसके बाद विद्यार्थी को स्नातक कहा जाता था, जो वर्तमान में भी प्रचलित है। आज भी अधिकांश नौकरियों में स्नातक की योग्यता मांगी जाती है, जिसका मतलब है सरकार उसी व्यक्ति को महत्वपूर्ण पद दे रही है जो ज्ञानी हो। विवाह संस्कार में विद्यार्थी गृहस्थ जीवन में प्रवेश करता था, जहां उसके जीवन का समाजीकरण किया जाता था।

## जमात के रुख में बदलाव सुखद संदेश





नवीन गुप्ता
बरेली

बांग्लादेश में अगले सप्ताह मतदान होना है। इन सबके बीच एक अच्छी खबर यह है कि पाकिस्तान समर्थन में पूरी तरह से अंधे हो चुके जमात-ए-इस्लामी के नेता भी अब भारत से रिश्ते सुधारने की बात करने लगे हैं।

बांग्लादेश में अगले सप्ताह मतदान होना है। सत्ता पर काबिज होने के लिए जमात-ए-इस्लामी, बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी व अन्य पार्टियां सत्ता पर काबिज होने के लिए हर हथकंडे अपना रहीं हैं। इन सबके बीच एक अच्छी बात यह है कि पाकिस्तान समर्थन में पूरी तरह से अंधे हो चुके जमात-ए-इस्लामी के नेता भी अब भारत से रिश्ते सुधारने की बात करने लगे हैं। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के सुर तो चुनाव की घोषणा से पहले ही बदल गए थे। ऐसे में अब यह माना जा रहा है कि जो भी सरकार बनेगी वह भारत से पूरी तरह बिगड़ चुके रिश्ते को सुधारेगी।

बांग्लादेश की सत्ता से शेख हसीना की विदाई के बाद से ही भारत का अपने पड़ोसी से रिश्ता खराब होना शुरू हो गया था। बांग्लादेश की आजादी में भारत के योगदान को शेख हसीना ने सदैव याद रखा। यही वजह है कि उन्होंने कभी भी पाकिस्तान या चीन को वहां पांव पसारने का मौका नहीं दिया। यहां तक कि बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच व्यापार भी बहुत ही सीमित था। रही बात रक्षा संबंधों की तो यह नहीं ही था, लेकिन शेख हसीना के सत्ता से बाहर होने के बाद मुख्य सलाहकार के पद पर काबिज हुए मोहम्मद यूनुस ने तो पूरी तरह से भारत के विरुद्ध मोर्चा ही खोल दिया। न सिर्फ बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच सैन्य रिश्ते बहाल हो गए, बल्कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और पाकिस्तानी आतंकी संगठनों ने तो वहां पांव भी जमाना शुरू कर दिया।

आईएसआई ने वहां के लोगों में भारत के विरुद्ध भावनाएं भड़काने के साथ ही भारत के चिकन नेक को देखने के लिए बांग्लादेश बार्डर का दौरा तक कर लिया। चीन के अफसर भी नजदीक से चिकन नेक को देख आए। पाकिस्तान की शह पर ही बांग्लादेश ने टी20 विश्वकप में भारत से खेलने से इंकार कर दिया और चीन को लड़ाकू ड्रोन बनाने के लिए औद्योगिक भूमि भी उपलब्ध करा दी। इन सबके बीच अब चुनाव के दौरान जो भारत के लिए सुकून वाली खबर आई है वह है जमात-ए-इस्लामी पार्टी के रुख में आया बदलाव।

बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी वैसे तो भारत की विरोधी रही है, लेकिन उसके रुख में बदलाव चुनाव से पहले ही आने शुरू हो गए थे, लेकिन जमात-ए-इस्लामी के रुख में बदलाव ने विशेषज्ञों को सोचने पर मजबूर कर दिया है, क्योंकि आईएसआई के इशारे पर भारत के विरोध में काम करने वाले इस संगठन के नेताओं के सुर अचानक क्यों बदल गए यह समझ में नहीं आ रहा है, हालांकि कुछ विशेषज्ञ यह मानते हैं कि हिंदू मतदाताओं के वोट हासिल करने के लिए जमात-ए-इस्लामी के नेताओं ने रुख में बदलाव किया है।

जिस कारण भी जमात-ए-इस्लामी के रुख में बदलाव आया हो, पर उनके रुख में नरमी भारत के लिए सुखद संदेश है। जमात-ए-इस्लामी के प्रमुख शफीकुर रहमान ने भारत के साथ संबंधों को सुधारने का इशारा किया है। शेख हसीना को शरण देने के लिए भी भारत को निशाना बनाने वालों में सबसे आगे जमात के नेता ही थे। उन्होंने भारत के पूर्वोत्तर को लेकर पहले खूब भड़काऊ बयान दिए, लेकिन अब उनकी बयानबाजी में नरमी देखी जा रही है। शफीकुर रहमान और उनके सहयोगियों ने अल्पसंख्यक हिंदुओं के प्रति अपनी छवि को बदलने की भी कोशिश की है।

हिंदू बहुल निर्वाचन क्षेत्र में हिंदू उम्मीदवार खड़ा करके जमात ने इसका संदेश दे दिया। ऐसे में माना जा रहा है कि बांग्लादेश की सत्ता में यदि जमात आती है, तो वह भारत के प्रति रुख सकारात्मक रखेगी। बांग्लादेश के विदेश मामलों के सलाहकार तौहीद हुसैन ने स्वीकार किया है कि अंतरिम सरकार के दौरान ढाका और नई दिल्ली के रिश्ते सहज नहीं रहे हैं, हालांकि हुसैन ने उम्मीद जताई कि चुनी हुई सरकार इसका समाधान करेगी और संबंधों को सहज बनाएगी। विदेश मामलों के सलाहकार का बयान भी एक तरह से भारत के लिए सकारात्मक ही है।

बात अगर बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की करें, तो इसकी मुखिया रहीं खालिदा जिया के प्रधानमंत्री काल में भारत और बांग्लादेश के रिश्ते बहुत ही खराब हो गए थे। खालिदा जिया का रुख हमेशा चीन और पाकिस्तान के प्रति नरम रहा और भारत के प्रति सख्त। हसीना को लगता था कि शेख हसीना की पार्टी आवामी लीग का भारत समर्थन करता है। यही वजह है कि जब भी मौका मिला खालिदा जिया ने भारत के विरुद्ध कदम उठाए।

खालिदा के निधन के बाद बीएनपी के मुखिया उनके बेटे तारिक रहमान बने हैं। आवामी लीग के वोटों पर उनकी निगाह है। मोहम्मद यूनुस ने आवामी लीग को चुनाव लड़ने से रोक दिया है। जमात और बीएनपी के नेता, हसीना के समर्थकों के वोटरों को अपने पाले में करने के लिए भरपूर प्रयास कर रहे हैं। यही वजह है कि वे भारत के प्रति अपने रुख को लचीला बनाए हुए हैं। अब सवाल यह है कि यदि सत्ता में बीएनपी आती है तो भारत के प्रति उसका रवैया क्या होगा?

तारिक रहमान ने तो भारत से रिश्ते सुधारने के संकेत दिए हैं, लेकिन उनकी पार्टी का जो इतिहास रहा है, उसे वे कितना बदल पाएंगे यह वक्त ही बताएगा। वैसे तारिक रहमान को भी पता है कि भारत का विरोध करके बहुत दिन तक बांग्लादेश की जनता को सुकून से नहीं रखा जा सकता है, क्योंकि भारत ने वहां बड़े पैमाने पर निवेश कर रखे हैं। सांस्कृति रूप से भी हमारा उनसे जुड़ाव है। ऐसे में भारत से दुश्मनी और पाकिस्तान व चीन से दोस्ती का राग बहुत दिन तक वे चला नहीं पाएंगे, इसलिए अभी जो लचीलापन वे दिखा रहे हैं, उन्हें आगे भी दिखाना होगा।

### आमने सामने



वर्तमान सरकार ने अल्पसंख्यक विकास और मदरसा शिक्षा के लिए बजट बढ़ाकर 4,000 करोड़ रुपये से अधिक कर दिया है। इतना पैसा खर्च करने के बाद भी, मुस्लिम समुदाय से डॉक्टर, इंजीनियर, आईएएस, आईपीएस या वैज्ञानिक क्यों नहीं पैदा हो रहे हैं?
–अग्निमित्रा पॉल
विधायक, बीजेपी



ऐसी महिला को देश से बाहर निकाल देना चाहिए। अग्निमित्रा ने विधानसभा में मुस्लिम समुदाय के खिलाफ जो बोला है, वह संविधान के खिलाफ है। इस बयान के लिए अग्निमित्रा पॉल को माफी मांगनी चाहिए।
–सिद्दीकुल्ला चौधरी
राज्य मंत्री, पश्चिम बंगाल

## मौद्रिक नीति: दरें स्थिर व अर्थव्यवस्था को सहारा



रजत मेहरोत्रा
वित्तीय एवं आर्थिक विशेषज्ञ

भारतीय रिज़र्व बैंक ने छह फरवरी को प्रस्तुत अपनी मौद्रिक नीति में एक संतुलित और व्यावहारिक रुख अपनाते हुए प्रमुख नीतिगत दरों को यथावत रखने का निर्णय लिया है।

भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) ने छह फरवरी को प्रस्तुत अपनी मौद्रिक नीति में एक संतुलित और व्यावहारिक रुख अपनाते हुए प्रमुख नीतिगत दरों को यथावत रखने का निर्णय लिया है। मौद्रिक नीति समिति (MPC) ने रेपो रेट को 5.25 प्रतिशत पर स्थिर रखा। इसके साथ ही स्टैंडिंग डिपॉजिट फैसिलिटी (SDF) दर लगभग 5.00 प्रतिशत, मार्जिनल स्टैंडिंग फैसिलिटी (MSF) और बैंक रेट लगभग 5.50 प्रतिशत के स्तर पर बनाए रखे गए। नीति का रुख न्यूट्रल रखा गया, जिससे यह संकेत मिलता है कि आरबीआई फिलहाल महंगाई को नियंत्रण में रखते हुए आर्थिक वृद्धि को सहारा देने की रणनीति पर चल रहा है।

मौद्रिक नीति में आरबीआई ने आर्थिक अनुमानों को भी साझा किया। केंद्रीय बैंक के अनुसार वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर लगभग 7.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो वैश्विक अर्थव्यवस्था की तुलना में मजबूत वृद्धि का संकेत देता है। वहीं मुद्रास्फीति दर का अनुमान लगभग चार प्रतिशत के आसपास रखा गया है, जो आरबीआई के लक्ष्य दायरे के भीतर है। यह स्थिति केंद्रीय बैंक को ब्याज दरों में तत्काल बदलाव से बचने और स्थिति पर नजर बनाए रखने की सुविधा देती है।

यदि इस मौद्रिक नीति को व्यापक दृष्टिकोण से देखा जाए, तो इसका सबसे बड़ा लाभ बैंकिंग क्षेत्र को मिलता दिखाई देता है। जब ब्याज दरें स्थिर रहती हैं, तो बैंकों की उधारी लागत में अचानक वृद्धि नहीं होती और वे अपने ऋण पोर्टफोलियो को स्थिर गति से बढ़ा सकते हैं। भारत में बैंक ऋण वृद्धि दर हाल के महीनों में लगभग 14 प्रतिशत के आसपास बनी हुई है, जो दर्शाती है कि उद्योग और उपभोक्ता दोनों ऋण ले रहे हैं। स्थिर दरें बैंकों की नेट इंटरेस्ट मार्जिन को भी संतुलित रखती हैं और उनकी लाभप्रदता पर सकारात्मक प्रभाव डालती हैं।

आरबीआई ने वित्तीय प्रणाली में पर्याप्त तरलता बनाए रखने पर भी जोर दिया है। बैंकिंग प्रणाली में संतुलित तरलता बनाए रखने की नीति का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बैंकों के पास उद्योगों और उपभोक्ताओं को ऋण देने के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध रहें। यह विशेष रूप से एमएसएमई क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि छोटे और मध्यम उद्योग अक्सर उच्च ब्याज दरों और सीमित ऋण उपलब्धता की समस्या का सामना करते हैं। उपभोक्ताओं के दृष्टिकोण से यह मौद्रिक नीति राहत देने वाली है। रेपो रेट स्थिर रहने का अर्थ है कि होम लोन, ऑटो लोन और पर्सनल लोन की ईएमआई में तत्काल वृद्धि की संभावना कम रहती है। वर्तमान समय में कई बैंकों में होम लोन की दरें लगभग 8.25 से 9.25 प्रतिशत के बीच चल रही हैं और दरों में स्थिरता से मध्यम वर्ग की क्रय शक्ति पर दबाव कम पड़ता है। भारत जैसे देश में, जहां खपत जीडीपी का बड़ा हिस्सा है, उपभोक्ताओं की क्रय क्षमता बनाए रखना आर्थिक वृद्धि के लिए अत्यंत आवश्यक है।

मौद्रिक नीति का सकारात्मक प्रभाव उद्योगों पर भी पड़ता है। जब ब्याज दरें नियंत्रित रहती हैं, तो कंपनियां पूंजीगत निवेश यानी कैपेक्स के निर्णय लेने में अधिक सहज महसूस करती हैं। भारत में निजी क्षेत्र का निवेश चक्र धीरे-धीरे मजबूत हो रहा है और कई बड़े उद्योग समूह अगले कुछ वर्षों में बड़े निवेश की योजनाएं बना रहे हैं। ऋण की लागत स्थिर रहने से नई परियोजनाओं की वित्तीय व्यवहार्यता बेहतर होती है।

विशेष रूप से विनिर्माण क्षेत्र, जो भारत की जीडीपी में लगभग 16 से 17 प्रतिशत योगदान देता है, इस नीति से लाभान्वित हो सकता है। कम या स्थिर ब्याज दरें मशीनरी, संयंत्र और नई तकनीक में निवेश की लागत को नियंत्रित करती हैं, जिससे उत्पादन बढ़ता है और रोजगार के अवसर पैदा होते हैं। इसके साथ ही सरकार की उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (PLI) योजनाएं भी इस क्षेत्र को गति देने में मदद कर रही हैं।

एमएसएमई क्षेत्र के लिए यह नीति विशेष महत्व रखती है। भारत में एमएसएमई क्षेत्र रोजगार का लगभग 30 प्रतिशत से अधिक प्रदान करता है और निर्यात मं भी महत्वपूर्ण योगदान देता है। सस्ती और आसानी से उपलब्ध क्रेडिट इस क्षेत्र की सबसे बड़ी जरूरत होती है। आरबीआई द्वारा बैंकों को उत्पादक क्षेत्रों में ऋण प्रवाह बढ़ाने के संकेत इस क्षेत्र के लिए सकारात्मक माने जा रहे हैं।

आरबीआई ने वित्तीय स्थिरता और बैंकिंग प्रणाली की मजबूती पर भी जोर दिया है। पिछले कुछ वर्षों में बैंकों की गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों (NPA) का स्तर कम हुआ है और बैंकिंग प्रणाली की बैलेंस शीट मजबूत हुई है। यह स्थिति बैंकों को अधिक आत्मविश्वास के साथ ऋण देने की क्षमता प्रदान करती है, जिससे आर्थिक गतिविधियों को गति मिलती है।

इस मौद्रिक नीति के सामने कुछ चुनौतियां भी बनी हुई हैं। भारत अपनी तेल जरूरतों का लगभग 85 प्रतिशत आयात करता है, इसलिए यदि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आती है, तो आयातित महंगाई बढ़ सकती है।

### सोशल फोरम

## कांगड़ा की राजकुमारी



अजीत सिंह
रिटायर्ड अफसर

सन् 1875 में कांगड़ा क्षेत्र के एक राजपूत परिवार में जन्मी राजकुमारी दिव्येश्वरी नेपाल के राजघराने की रानी दिव्येश्वरी राज्या लक्ष्मी देवी शाह के रूप में मशहूर हुईं। कांगड़ा के एक राजपूत राज घराने से संबंध रखने वाली दिव्येश्वरी का विवाह 1886 में नेपाल के राजा पृथ्वी वीर विक्रम शाह से हुआ। 'त्रिभुवम बायोग्राफी- नेपाली किंग एंड सन ऑफ दिवेश्वरी' पुस्तक में रानी दिव्येश्वरी के नेपाल राज परिवार की रानी बनने का किस्सा दर्ज है। कांगड़ा की राजकुमारी दिवेश्वरी की शादी नेपाल के महान नारायणहिटी महल में हुई और वे काठमांडू की सबसे मशहूर रानी बनीं। यह महल आगे चलकर नेपाल का सबसे प्रतिष्ठित शाही निवास बना।

पूर्व सांसद कृपाल परमार बताते हैं कि दिव्येश्वरी ज्वालामुखी के धवाला गांव के नजदीकी स्थान शिवनाथ निवासी उनके परदादा मुल्तान सिंह की बेटी और उनके पिता की बुआ थीं। उन्हें उनके दादा विधि चंद ने बताया था कि नेपाल राज परिवार से एक तांत्रिक राजकुमार का रिश्ता लेकर आया था। जब रिश्ता तय हुआ, दिव्येश्वरी की उम्र 10 साल थी और शादी 13 साल की उम्र में होनी थी।

रिश्ता तय होने पर राज परिवार की दो महिला शिक्षिकाएं दो साल तक दिव्येश्वरी के घर पर रह कर उन्हें शाही दरबार के लिए प्रशिक्षित करती रहीं। जब दिव्येश्वरी की शादी हुई, तो उनके पूरे परिवार को नेपाल बुलाया गया और एक महल में साल भर उनके ठहरने की व्यवस्था की गई। दिव्येश्वरी रानी को ज्वाला के नाम से भी पुकारा जाता था। वे बाद में भी अपने मायके के पक्ष को नेपाल बुलाती रहीं, लेकिन परिवार का जाना संभव नहीं हो पाया।

दिव्येश्वरी ने रानी कंसोर्ट के रूप में 1886 से 1911 तक नेपाल के दरबार में जीवन बिताया। जब राजा पृथ्वी वीर विक्रम शाह का निधन हुआ तो उनके छोटे बेटे त्रिभुवन वीर विक्रम शाह राजा बने। उस समय त्रिभुवन मात्र पांच साल के थे, इसलिए रानी दिव्येश्वरी को रेजेंट (राजप्रतिनिधि) बेटे की ओर से राज्य का संचालन का अवसर मिला।

रानी दिव्येश्वरी ने न सिर्फ राज-पाठ संभाला, बल्कि एक ऐसे पुत्र को जन्म दिया जिसने बाद में नेपाल को राजनीतिक बदलावों की ओर अग्रसर किया। राजा त्रिभुवन ने नेपाल में आधुनिक संवैधानिक परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। राजा त्रिभुवन 20वीं सदी में नेपाल के साम्राज्यवादी शासन के समकालीन संदर्भों में इतिहास का बड़ा नाम हैं। **–फेसबुक वाल से**

### सामयिकी

## सस्ती दवाएं नहीं, मुफ्त हो कैंसर का इलाज



आकाश सपेलकर
अधिवक्ता, सुप्रीम कोर्ट

पहली बार बजट में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को एक लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। कुल बजट 1,01,709 करोड़ रुपये का है, जिसे पांच साल में 42 फीसदी बढ़ाया गया है, लेकिन जीडीपी का जितना हिस्सा स्वास्थ्य और शिक्षा पर आवंटित किया जाना चाहिए, उतना बजट नहीं दिया जा रहा है। यह विडंबना और संकुचित सोच का नतीजा ही है। स्वास्थ्य का बजट अब भी दो फीसदी से कम है, जो 147 करोड़ से अधिक की आबादी वाले देश के लिए 'ऊंट के मुंह में जीरा' समान है।

देश का औसतन 9वां नागरिक कैंसर-पीड़ित है। अभी तक कैंसर लगभग लाइलाज है, क्योंकि देश में सुविधाएं और चिकित्सा पर्याप्त नहीं है। जहां इलाज उपलब्ध है, वहां लंबी प्रतीक्षा है, मशीनें खराब पड़ी रहती हैं, डाक्टर भी गायब रहते हैं, शोध का स्तर उथला है और अंततः इलाज बेहद महंगा है। राजधानी दिल्ली की नाक के तले ही कैंसर की नकली दवाइयां बनाई और बेची जा रही हैं। कुछ गिरोह पकड़े भी जाते हैं, लेकिन उनका कानूनी निष्कर्ष क्या होता है, कितना दंडनीय अपराध साबित होता है, उनका सार्वजनिक खुलासा नगण्य है।

बजट में कैंसर, मधुमेह समेत सात गंभीर बीमारियों की दवाएं सस्ती घोषित की गई हैं। बेशक कैंसर की दवाओं पर शुल्क घटने से इन दवाओं के आयात और वितरण से जुड़ी कंपनियों के मार्जिन में सुधार होगा। बजटीय आवंटन 10,000 करोड़ रुपये का सीधा लाभ उनको मिलेगा, जो 'बायोसिमिलर्स' और शोध पर काम कर रही हैं। बॉयोकॉन, सन फार्मा, जायडस लाइफ साइंसेज को ये लाभ मिल सकते हैं। मौजूद सवाल यह है कि देश में कैंसर का इलाज मुफ्त क्यों नहीं किया जा सकता? अथवा जो अस्पताल कैंसर के इलाज के लिए चिह्नित किए जाएं, उनमें इतना अनुशासन और सख्ती की जानी चाहिए कि आम आदमी को कैंसर का इलाज 100 फीसदी सुनिश्चित किया जा सके।

जब देश में 'मुफ्त की रेवड़ियां' बांटने की राजनीतिक संस्कृति पुख्ता हो चुकी है और इस आधार पर चुनाव जीते जा रहे हैं, तो कैंसर किसी की जिंदगी और मौत से जुड़ी बीमारी है। 'अमीर अर्थव्यवस्था' वाला देश कैंसर का मुफ्त इलाज मुहैया क्यों नहीं करा सकता? किसानों की सम्मान राशि के लिए बजट में 65,000 करोड़ रुपये से अधिक का प्रावधान किया गया है, तो कैंसर-पीड़ितों के लिए बजटीय प्रावधान क्यों नहीं किया जा सकता? देश में दवाओं का इतना संकट नहीं है, बल्कि अस्पताल और डॉक्टरों की उपलब्धता बहुत कम है।

हास्यास्पद् है कि बजट में 'मेडिकल पर्यटन' की खूब गालबजाई की गई है। राजधानी दिल्ली में ही प्रति लाख आबादी पर अस्पताल मात्र 0.52 है। इसके अलावा, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और मणिपुर में प्रति लाख आबादी पर औसतन एक अस्पताल नहीं है। सबसे कम डॉक्टर नगालैंड, मिजोरम, झारखंड, छत्तीसगढ़ और बिहार में उपलब्ध हैं। देशवासियों और विदेशियों को सहज और सुलभ इलाज कैसे मुहैया कराएंगे?

एक लाख एलाइड पेशेवरों को प्रशिक्षण और 1000 करोड़ रुपये का बजट, तीन नये नेशनल फार्मा संस्थान, 50 फीसदी ट्रॉमा केयर सेंटर, जिलेवार अस्पताल, आयुष फार्मेसी, ड्रग टेस्टिंग लैब, जामनगर स्थित टेऊडिशनल मेडिसन सेंटर और मानसिक स्वास्थ्य केंद्र की घोषणाएं अच्छी हैं, लेकिन उनकी उपस्थिति और सक्रियता जमीन पर भी दिखनी चाहिए। यदि लद्दाख, चंडीगढ़, पुड्डुचेरी, केरल, तमिलनाडु में प्रति लाख आबादी पर सबसे अधिक बेड उपलब्ध हो सकते हैं, तो यही व्यवस्था देश भर में भी की जा सकती है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

मर्लिन मुनरो एक मॉडल, अभिनेत्री और गायिका भी थीं। वे 20 वीं सदी की सबसे प्रसिद्ध महिलाओं में से एक थीं, जो अपनी सुंदरता और सफलता के अलावा अपने बिंदासपन के लिए भी जानी जाती थीं। उनके कई चर्चित कैमरा पोज आज भी दीवारों पर सजे दिखते हैं। उन्हें अमेरिकी संस्कृति में व्यापक रूप से सबसे प्रभावशाली लोगों में से एक माना जाता है। अनाथ आश्रम में पली-बढ़ी मर्लिन कभी बेहद शर्मीली इंसान थीं, जो बाद में एक बिंदास गर्ल के नाम से फेमस हुईं। हॉलीवुड की मधुबाला कही जाने वाली मर्लिन मुनरो की जिंदगी तमाम उतार-चढ़ावों और रहस्यों से भरी है।


नूर हिना खान
लेखिका



## प्रेम जीवन और विवाद

मर्लिन के निजी जीवन में उतार-चढ़ाव काफी थे। उनकी तीन शादियां रहीं:

- James Dougherty- जब वह बहुत युवा थीं, इस शादी से जीवन आसान नहीं रहा।
- Joe DiMaggio - प्रसिद्ध बेसबॉल खिलाड़ी से 1954 में शादी की, लेकिन यह रिश्ता एक साल बाद टूट गया।
- Arthur Miller - प्रसिद्ध नाटककार से 1956 में शादी हुई, लेकिन 1961 में अलग हो गए।



# हॉलीवुड की मिथ मर्लिन मुनरो



### प्रारंभिक जीवन

मर्लिन मुनरो का जन्म 1 जून 1926 को लॉस एंजिल्स, कैलिफोर्निया, अमेरिका में हुआ था। उनका असली नाम नोर्मा जीन मॉर्टेंसन/नोर्मा जीन बेकर था। उनका बचपन बहुत कठिन था। उनकी मां मानसिक रूप से अस्वस्थ थीं, जिसके कारण मर्लिन को कई पालक परिवारों और अस्थायी घरों में रहना पड़ा। इस अस्थिरता ने उनकी जिंदगी पर गहरा प्रभाव डाला और बाद में उनकी भावनात्मक संघर्षों का हिस्सा बन गया।

करियर की शुरुआत और सफलता

मर्लिन ने शुरुआत में एक फैक्ट्री में काम किया और फिर मॉडलिंग की दुनिया में कदम रखा। जल्द ही उन्हें फोटोग्राफी वर्क के जरिए फिल्मों में अवसर मिला। उन्होंने 1946 में 20th Century Fox के साथ एक छोटा करार किया और "मर्लिन मुनरो" के नाम से पर्दे पर अपना करियर शुरू किया। उनकी पहचान ग्लैमर क्वीन के रूप में उभरती गई, खासकर 1950 के दशक में जब उन्होंने कई बड़ी सफल फिल्मों में अभिनय किया।

- Gentlemen Prefer Blondes (1953)- यह उनकी पहली बड़ी सफलता थी।
- How to Marry a Millionaire (1953)- इसने उन्हें और प्रसिद्ध किया।
- The Seven Year Itch (1955)- यह फिल्म आज भी मर्लिन की सबसे आइकॉनिक तस्वीरों में से एक का कारण है, जिसमें उनका सफेद ड्रेस वाला दृश्य बेहद प्रसिद्ध हुआ।
- Bus Stop (1956)- आलोचकों से सराहना मिली।
- The Prince and the Showgirl (1957)- उन्होंने इस फिल्म को अपने प्रोडक्शन कंपनी के जरिए भी बनाया।
- Some Like It Hot (1959) - यह एक कॉमिक मास्टरपीस मानी जाती है।
- Let's Make Love (1960) - साधारण समीक्षाएं मिलीं।
- The Misfits (1961) - उनकी आख़िरी पूरी फिल्म।

### पुरस्कार और लोकप्रियता

- मर्लिन मुनरो को Academy Award (Oscar) कभी नहीं मिला और उन्होंने Oscar के लिए भी नामांकन नहीं पाया। यह बात बहुतों के लिए चौंकाने वाली है, क्योंकि वह उस समय की सबसे बड़ी स्टार थीं।

**फिर भी उन्होंने कई पुरस्कार और सम्मान प्राप्त किए।**

- Golden Globe Award - Some Like It Hot के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री (कॉमेडी/म्यूज़िकल)
- कई Henrietta Awards, Photoplay Awards और Critics Awards भी जीते।
- The Prince and the Showgirl के लिए इटली का "David di Donatello Award" भी हासिल किया।

हालांकि ऑस्कर नहीं मिला, लेकिन उन्होंने Golden Globe समेत उद्योग में कई प्रमुख प्रतिष्ठान मान्यता हासिल की।

### संघर्ष और निजी समस्याएं

मर्लिन के जीवन के नीचे गहरा दर्द और संघर्ष था। वे हर समय अपनी छवि और खुद की असुरक्षा से जूझ रही थीं। ड्रग्स पर निर्भरता और मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं थीं। जीवन भर अस्थिर भावनात्मक स्थिति और कई गर्भपात के कारण उन्हें गहरा दुख हुआ। इस सबके बावजूद उन्होंने अपने अभिनय और ग्लैमर से विश्वभर में एक अमिट पहचान बनाई।

### मौत और विरासत




5 अगस्त 1962 को मर्लिन मुनरो को लॉस एंजेलिस में उनके घर में मृत पाया गया। यह मौत बार्बिट्युरेट्स (स्लीपिंग पिल्स) का ओवरडोज थी और इसे "संभवत: आत्महत्या" (probable suicide) करार दिया गया। उनकी मृत्यु के बाद भी चर्चा जारी रही। कुछ लोगों ने साजिश की अटकलें लगाईं, खासकर उनके कथित संबंधों के कारण, लेकिन इन बातों का कोई पुख्ता सबूत नहीं मिला।

### मर्लिन मुनरो का सांस्कृतिक प्रभाव

मर्लिन आज भी एक Hollywood ग्लैमर आइकन मानी जाती हैं। उनकी फिल्में आज भी पसंद की जाती हैं। Some Like It Hot और Gentlemen Prefer Blondes जैसी फिल्में फिल्मों के इतिहास में अमर हैं। वह सेक्स सिंबल के रूप में पहचान बनीं, लेकिन साथ ही उन्होंने अभिनय के क्षेत्र में भी अपनी प्रतिभा साबित की। उनका जीवन आज भी डॉक्यूमेंट्री, फिल्म और किताबों का विषय है। मर्लिन मुनरो सिर्फ एक अभिनेत्री नहीं थीं। वह एक ग्लोबल कल्चर की प्रतीक, संघर्षशील आत्मा और हॉलीवुड के इतिहास की सबसे यादगार हस्तियों में से एक थीं। उन्होंने सफलता, दर्द, प्यार और ग्लैमर हर चीज को अपने रोशन चेहरे के पीछे महसूस किया और आज भी लोग उन्हें आदर्श, प्रेरणा और फिल्मी जिंदगियों की मिसाल के रूप में याद करते हैं।

ओटीटी प्लेटफार्म

## देर से मिलता इंसाफ लेकिन असर अधूरा

वध 2 एक गंभीर क्राइम-थ्रिलर फिल्म है, जो यह अहम सवाल उठाती है कि जब इंसाफ मिलने में बहुत देर हो जाए, तो एक आम आदमी के पास क्या विकल्प बचते हैं। फिल्म की मूल भावना "देर से मिला न्याय भी न्याय ही होता है" के विचार के इर्द-गिर्द घूमती है।

कहानी का आइडिया दमदार है और यह समाज व सिस्टम से जुड़े कई अहम सवाल खड़े करती है, लेकिन स्क्रीन पर इसका असर पूरी तरह बन नहीं पाता। फिल्म की शुरुआत धीमी है और पहले हिस्से में कहानी बहुत आराम से आगे बढ़ती है। कई दृश्य अनावश्यक रूप से लंबे लगते हैं और कुछ जगह दर्शक को पहले ही अंदाजा हो जाता है कि आगे क्या होने वाला है। हालांकि जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, सस्पेंस बढ़ता है और दूसरे हिस्से में फिल्म कुछ हद तक पकड़ बनाती है। यदि शुरुआती हिस्से को थोड़ा और टाइट रखा जाता, तो फिल्म कहीं अधिक प्रभावशाली हो सकती थी।

अभिनय के मामले में वध 2 मजबूत नजर आती है। संजय मिश्रा अपने किरदार में पूरी तरह फिट बैठते हैं और बिना किसी अतिरिक्त ड्रामे के भावनाओं को प्रभावी ढंग से सामने रखते हैं। नीना गुप्ता भी अपने रोल में सच्चाई और गहराई लेकर आती हैं। खासकर भावनात्मक दृश्यों में उनका अभिनय सराहनीय है। सहायक कलाकारों की भूमिकाएं भले ही सीमित हों, लेकिन कहानी की जरूरत के हिसाब से वे ठीक बैठती हैं।




तकनीकी पक्ष औसत कहा जा सकता है। सिनेमैटोग्राफी ठीक-ठाक है, लेकिन कुछ नया या यादगार पेश नहीं करती। एडिटिंग और बेहतर हो सकती थी, क्योंकि कई जगह फिल्म खिंची हुई महसूस होती है। बैकग्राउंड म्यूजिक माहौल बनाने की कोशिश करता है, पर वह अपेक्षित प्रभाव छोड़ने में पूरी तरह सफल नहीं होता।

क्लाइमेक्स में फिल्म एक स्पष्ट संदेश देने और नैतिक सवाल उठाने की कोशिश करती है। यह हिस्सा दर्शक को सोचने पर मजबूर जरूर करता है, लेकिन जिस गहरे असर की उम्मीद रहती है, वह पूरी तरह उभरकर सामने नहीं आता।

कुल मिलाकर, वध 2 एक अच्छी सोच और मजबूत अभिनय वाली फिल्म है, लेकिन इसकी धीमी रफ्तार और औसत प्रस्तुति इसकी सबसे बड़ी कमजोरियां हैं। यदि आपको गंभीर विषयों पर बनी स्लो-बर्न थ्रिलर फिल्में पसंद हैं और आप तेज-तर्रार मनोरंजन की अपेक्षा नहीं रखते, तो यह फिल्म एक बार देखी जा सकती है।

***समीक्षक-प्रदीप शर्मा***

जिंदगी का सफर

## 'मिस्ट्री गर्ल' साधना



भारतीय सिनेमा के स्वर्ण युग की सबसे चमकती सितारों में से एक, साधना 1941 में पैदा हुई थीं। कराची में जन्मी साधना का परिवार विभाजन के बाद मुंबई आकर बस गया था। उनके पिता, प्रसिद्ध अभिनेत्री साधना बोस के प्रशंसक थे, उन्हीं के नाम पर उन्होंने अपनी बेटी का नाम 'साधना' रखा।

साधना ने अपने अभिनय सफर की शुरुआत 1955 में राज कपूर की फिल्म 'श्री 420' के एक गाने 'मुड़ मुड़ के ना देख' में एक कोरस डांसर के रूप में की थी। इसके बाद उन्होंने भारत की पहली सिंधी फिल्म 'अबाना' (1958) में काम किया, जिसके लिए उन्हें मात्र एक रुपया पारिश्रमिक मिला था।

मुख्य अभिनेत्री के रूप में उनकी पहली फिल्म 'लव इन शिमला' (1960) थी। इसी फिल्म के दौरान उनके माथे को ढकने के लिए हॉलीवुड अभिनेत्री ऑड्रे हेपबर्न से प्रेरित 'फ्रिंज' हेयरस्टाइल अपनाया गया, जो आगे चलकर पूरे भारत में 'साधना कट' के नाम से मशहूर हो गया।



साधना को हिंदी सिनेमा की 'मिस्ट्री गर्ल' कहा जाता था। निर्देशक राज खोसला के साथ उनकी सस्पेंस थ्रिलर फिल्मों-'वो कौन थी?', 'मेरा साया' और 'अनीता' ने उन्हें इस खिताब से नवाजा। उनकी अन्य यादगार फिल्मों में शामिल हैं, 1965) में आई वक्त, जिसमें उन्होंने ग्लैमर और अभिनय का बेहतरीन संतुलन पेश किया। 1963 में आई मेरे महबूब फिल्म में उनकी मुस्लिम लड़की की भूमिका और 'मुस्लिम सोशल' अंदाज बेहद सराहा गया। हम दोनों (1961) फिल्म में देव आनंद के साथ उनकी केमिस्ट्री और फिल्म के गाने आज भी याद किए जाते हैं। 1965 में आई आरजू और 1969 में आई एक फूल दो माली फिल्में उनके करियर की बड़ी हिट्स साबित हुईं।

60 के दशक में साधना सबसे अधिक फीस लेने वाली अभिनेत्रियों में से एक थीं। थायराइड की बीमारी के कारण उनकी आंखों की बनावट में बदलाव आया, जिसके चलते उन्होंने समय से पहले ही फिल्मों से दूरी बना ली। 1974 में फिल्म 'गीता मेरा नाम' के निर्देशन और अभिनय के बाद उन्होंने पूरी तरह से संन्यास ले लिया, क्योंकि वह अपनी 'ग्लैमरस' छवि को बरकरार रखना चाहती थीं और मां या भाभी के सहायक रोल नहीं करना चाहती थीं। 25 दिसंबर 2015 को साधना का निधन हो गया। साधना न केवल अपनी खूबसूरती और फैशन सेंस के लिए याद की जाती हैं, बल्कि अपनी गंभीर और प्रभावशाली भूमिकाओं के कारण भी भारतीय सिनेमा के इतिहास में अमर रहेंगी।

## कॉमेडी के बीच क्यूट सा लव

लोकप्रिय टीवी शो 'भाबीजी घर पर हैं!' अब बड़े पर्दे पर अपनी कॉमिक दुनिया का विस्तार करने जा रहा है। जी स्टूडियोज और संजय कोहली द्वारा प्रस्तुत, संजय कोहली व बिनैफर कोहली के निर्माण में बनी फिल्म 'भाबीजी घर पर हैं!-फन ऑन द रन' दर्शकों के लिए हास्य, भागदौड़ और मनोरंजन से भरपूर सफर लेकर आ रही है। इसी बीच फिल्म का रोमांटिक गीत 'मनजोगी' रिलीज किया गया है, जो फिल्म की तेज रफ्तार कॉमेडी के बीच एक भावनात्मक ठहराव का एहसास कराता है।

### 'मनजोगी': शोर के बीच सुकून की धुन

जहां फिल्म हंसी, उलझनों और मजेदार परिस्थितियों से भरपूर है, वहीं 'मनजोगी' कहानी में एक कोमल और आत्मीय रंग घोलता है। सोनू निगम की मखमली आवाज में गाया गया यह गीत प्रेम को उसके सरल और निष्कपट रूप में प्रस्तुत करता है। यह गाना न तो दिखावटी है और न ही भारी-भरकम शब्दों का सहारा लेता है, बल्कि अपनी सादगी से सीधे दिल में उतरता है। गीत के बोल गुलाम मोहम्मद खावर ने लिखे हैं, जो भावनाओं को सहज शब्दों में पिरोते हैं, जबकि संगीत विशाल शेल्के का है, जिसकी धुन धीरे-धीरे मन में बस जाती है। 'मनजोगी' उन गीतों में से है, जो सुनते ही नहीं, बल्कि महसूस किए जाते हैं।

### फिल्म में सितारों की जमावट

'भाबीजी घर पर हैं!-फन ऑन द रन' का निर्देशन शशांक बाली ने किया है। फिल्म में शुभांगी अत्रे, विदिशा श्रीवास्तव, आसिफ़ शेख, रोहिताश्व गौर, रवि किशन, मुकेश तिवारी और निरहुआ अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। टीवी पर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करने वाले ये किरदार अब बड़े पर्दे पर नए अंदाज में हंसी का तड़का लगाने को तैयार हैं।

### सोनू निगम की आवाज में नया रंग

हाल ही में गंभीर और भावनात्मक प्रोजेक्ट्स में अपनी दमदार गायकी से प्रभावित करने के बाद, सोनू निगम 'मनजोगी' के जरिये एक हल्की-फुल्की और रोमांटिक सिनेमाई दुनिया में लौटते हैं। यह गीत साबित करता है कि उनकी आवाज हर तरह की भावनाओं को समान सहजता से व्यक्त करने में सक्षम है। 'मनजोगी' में उनकी गायकी प्रेम की मासूमियत और ठहराव को खूबसूरती से उभारती है।

### छोटे पर्दे से बड़े पर्दे तक का सफर

'भाबीजी घर पर हैं!' का सफर भारतीय टेलीविजन के सबसे लोकप्रिय कॉमेडी शोज में गिना जाता है। यह टीवी कार्यक्रम वर्ष 2015 में शुरू हुआ और अपनी सादगी, देसी हास्य और यादगार किरदारों के जरिये देखते ही देखते दर्शकों के दिलों में खास जगह बना गया। छोटे पर्दे पर वर्षों तक लगातार सफलता के बाद अब यही चर्चित दुनिया बड़े पर्दे पर एक नए विस्तार के साथ दस्तक दे रही है। टीवी की सीमित लोकेशन्स और एपिसोडिक कहानियों से निकलकर, 'भाबीजी घर पर हैं! – फन ऑन द रन' सिनेमाई पैमाने पर कहानी, किरदारों और मनोरंजन को और व्यापक रूप में पेश करती है। यह फिल्म न सिर्फ़ शो के पुराने प्रशंसकों के लिए एक खास अनुभव है, बल्कि उन दर्शकों के लिए भी एक नया प्रवेश द्वार खोलती है, जो पहली बार इस कॉमिक दुनिया से रूबरू होंगे।



### अंगूरी भाभी और शुभांगी अत्रे का भावनात्मक रिश्ता

फिल्म के साथ-साथ शुभांगी अत्रे भी इन दिनों चर्चा में हैं। 'अंगूरी भाभी' के किरदार से घर-घर पहचान बनाने वाली शुभांगी अत्रे ने हाल ही में एक इंटरव्यू में अपने करियर और इस किरदार को लेकर भावनात्मक बातें साझा कीं। उन्होंने बताया कि लगभग नौ साल से अधिक समय तक अंगूरी भाभी को निभाना उनके लिए एक यादगार और आत्मीय अनुभव रहा है। उनके अनुसार, यह किरदार अब उनके व्यक्तित्व का हिस्सा बन चुका है। उन्होंने इसे कभी चुनौती नहीं माना, बल्कि एक जिम्मेदारी के रूप में निभाया और पूरे समर्पण के साथ इस किरदार को दर्शकों के दिलों तक पहुंचाया।

### आखिरी सांस तक करना चाहती हूं अभिनय

शुभांगी अत्रे का कहना है कि कैमरे के सामने रहना उनके लिए सिर्फ काम नहीं, बल्कि प्रेम है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अभिनय ही उनकी असली पहचान है और वे चाहती हैं कि जीवन की आखिरी सांस तक अच्छे और सार्थक किरदार निभाती रहें। यह जुनून और ईमानदारी ही उन्हें इंडस्ट्री में अलग पहचान देती है।

फिल्म 'भाबीजी घर पर हैं! – फन ऑन द रन' सिर्फ हंसी-मज़ाक तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सकारात्मक ऊर्जा और आनंद का संदेश भी देती है। इसी भावना से प्रेरित होकर फिल्म के प्रचार से जुड़ी संस्थाओं ने भी स्वस्थ जीवनशैली और खुशहाल मन को महत्व देने की बात कही है। कलाकारों का मानना है कि जब मन प्रसन्न होता है, तभी मनोरंजन का असली आनंद मिलता है।

अमृत विचार

हल्द्वानी, सोमवार, 9 फरवरी 2026

www.amritvichar.com

**जिंसों की बढ़ती लागत से कीमतें बढ़ाएगी टाटा मोटर्स**

**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड (टीएमपीवीएल) के प्रबंध निदेशक और सीईओ शैलेश चंद्रा के अनुसार, जिंसों की बढ़ती लागत के दबाव से कंपनी आगामी हफ्तों में वाहनों की कीमतें बढ़ाएगी। दूसरी ओर मारुति सुजुकी इंडिया मूल्य वृद्धि के लिए स्थिति की समीक्षा कर रही है, वहीं हुंदै मोटर इंडिया ने अपने वेन्यू मॉडल पर कीमतें पहले ही बढ़ा दी हैं। चंद्रा ने तीसरी तिमाही के नतीजों की घोषणा पर कहा कि हम पिछले एक साल से जिंसों की लागत का दबाव झेल रहे हैं।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन :** तुलसी 2610, राज श्री 1940, फ़ॉर्चून कि. 2425, रविन्द्रा 2530, फॉर्चुन 13 किग्रा 2145, जय जवान 2140, सचिन 2130, सूरज 2140, अवसर 1945, उजाला 2125, गृहणी 13 किग्रा 1985, क्लासिक (किग्रा) 2325, मोर 2335, चक्र टिन 2375, ब्लू 2215, आशीर्वाद मस्टर्ड 2400, स्वास्तिक 2560

**किराना :** हल्दी निजामाबाद 17000, जीरा 24500, लाल मिर्च 18000-23000, धनिया 9400-12000, अजवायान 13500-20000, मेथी 6000-8000 सौंफ 9000-13000, सोंठ 31000, (प्रतिकि.) लौंग 800-1000, बादाम 780-1080, काजू 2 पीस 840, किसमिस पीली 300-400, मखाना 800-1100

**चावल (प्रति कु.) :** डबल चाबी सेला 9700, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 5250, शर्बती स्टीम 5350, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 8400, राजभोग 6850, हरी पत्ती (1 किग्रा, 5 किग्रा) 10100, हरी पत्ति नेचुरल 9100, गौरी स्पेशल 8500, गौरी प्रीमियम 10200, सूमो 4000, गौरी रॉयल 8600, मंसूरी पनघट 4209, लाडली 4200

**दाल दलहन :** मूंग दाल इंदौर 9700, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 11200-12500, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250-7450 मलका दाल 7350-9200, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800-9800, मसूर दाल छोटी 10000-11600, दाल उड़द दिल्ली 10600, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800-11500, चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800-8400, सच्चा हीरा 8900, मोटा हीरा 10000, अरहर गोला मोटा 9000, अरहर पटका मोटा 9700, अरहर कोरा मोटा 10000, अरहर पटका छोटा 11500-12200, अरहर कोरी छोटी 13400

**चीनी :** पीलीभीत 4460, बहेड़ी 4300

## हल्द्वानी मंडी

**चावल :** शरबती- 4200, मसूरी- 1400, बासमती- 8200-9400, परमल- 2700-3400

**दाल दलहन :** काला चना- 2900-4400, साबुत चना दाल- 1400, मूंग साबुत- 5600, राजमा- 9200-11200, दाल उड़द- 7400, साबुत मसूर दाल- 4000, मसूर दाल- 1200, उड़द साबुत- 10300, काबुली चना- 7600-10400, अरहर दाल- 10300 -12000, लोबिया/करमानी- 2900-4000

# नीतिगत स्थिरता का सिद्धांत बजट का आधार

## केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा- बजट के केंद्र में विकसित भारत के दीर्घकालिक दृष्टिकोण को रखा

- बोलीं- पूंजीगत व्यय, बुनियादी ढांचे के विस्तार और संरचनात्मक सुधारों को दी प्राथमिकता

**नई दिल्ली, एजेंसी**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि नीतियों में बार-बार बदलाव से बचने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जोर ने आम बजट 2026-27 को आकार दिया है। यह बजट नीतिगत स्थिरता पर आधारित है और इसके केंद्र में विकसित भारत के दीर्घकालिक दृष्टिकोण को रखा गया है। एक नए पांच वर्षीय वित्तीय चक्र और 21वीं सदी की दूसरी तिहाई के पहले बजट के रूप में तैयार यह दस्तावेज राजकोषीय अनुशासन बनाए रखते हुए पूंजीगत व्यय, बुनियादी ढांचे के विस्तार और संरचनात्मक सुधारों को प्राथमिकता देता है।

सीतारमण ने कहा कि लोग स्थिरता चाहते हैं, और इसीलिए उन्होंने प्रधानमंत्री को तीसरी बार चुना है। उस वोट में स्थिरता निहित है, और यह बात पिछले बजटों के माध्यम से नीतियों के क्रियान्वयन के तरीके में भी दिखाई देती है। प्रधानमंत्री की लगातार तीसरी चुनावी जीत राजनीतिक और नीतिगत स्थिरता का स्पष्ट सार्वजनिक समर्थन है, जिसे सरकार भारत की दीर्घकालिक विकास रणनीति के लिए महत्वपूर्ण मानती है। प्रधानमंत्री हमेशा नीतियों में बार-बार बदलाव से बचने की बात करते हैं। एक बार जब नीतिगत दिशा की घोषणा हो जाती है, तो सरकार उसके क्रियान्वयन में स्थिर रहती है।



### बजट वित्तीय कवायद नहीं, लंबी योजना का हिस्सा

सीतारमण ने कहा कि बजट को केवल एक साल की वित्तीय कवायद के रूप में नहीं देखना चाहिए, बल्कि इसे एक लंबी योजना के हिस्से के रूप में देखा जाना चाहिए। हम 2047 और उसके बाद 2050 तक भी देख रहे हैं। ध्यान स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष तक एक विकसित भारत के निर्माण पर है और 25 वर्षों में भारत को भविष्य की चुनौतियों और अवसरों के लिए तैयार करना है। वित्त मंत्री के अनुसार यह दीर्घकालिक नजरिया आने वाले दशकों में निरंतर विकास, संस्थागत मजबूती और आर्थिक लचीलेपन पर जोर देने के साथ सभी क्षेत्रों में नीति-निर्माण का मार्गदर्शन करेगा।

### पूंजीगत व्यय सरकार की सफलता की कहानियों में से एक

बुनियादी ढांचे के विकास के लिए सार्वजनिक व्यय के बारे में सीतारमण ने कहा कि पूंजीगत व्यय इस सरकार की सफलता की कहानियों में से एक है। उन्होंने बताया कि विभिन्न सरकारी विभागों के लिए बजटीय प्रावधानों ने कोविड महामारी के बाद बुनियादी ढांचे के विकास में उल्लेखनीय परिणाम दिए हैं। उन्होंने आगे कहा कि 50 वर्षीय ब्याज मुक्त ऋण का उपयोग करने में राज्यों की भूमिका भी उतनी ही प्रभावशाली रही है, और कई राज्यों ने अपनी महत्वपूर्ण परियोजनाओं को पूरा कर अधिक धन का उपयोग करने की अपनी क्षमता साबित की है।

### सरकार बैंकिंग पर उच्चस्तरीय समिति का गठन करेगी

वित्त मंत्री ने कहा कि भारत की वित्त पोषण जरूरतों को पूरा करने में सक्षम बड़े बैंक बनाने का खाका तैयार करने को जल्द ही विकसित भारत के लिए बैंकिंग पर उच्च स्तरीय समिति का गठन करेगी। समिति हमें बताए कि हमें किस तरह के कदम उठाने की जरूरत है ताकि विकसित भारत के वित्त पोषण के लिए बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के विलय के सुझाव पर सीतारमण ने कहा कि किसी को इसे इस तरह सीमित दायरे में नहीं देखना चाहिए। यह भारत के बैंकिंग क्षेत्र को इतना बड़ा बनाने के लिए है कि वह विकसित भारत के वित्त पोषण का ध्यान रख सके। आपको विकसित भारत के लक्ष्य तक पहुंचना है, इसके लिए धन, वित्त पोषण, ऋण और आम आदमी तक बैंकिंग सुविधाओं की पहुंच की आवश्यकता है।

# भारत-मलेशिया के बीच बढ़ते व्यावसायिक संबंध सराहनीय

**कुआलालंपुर, एजेंसी**



- प्रधानमंत्री ने उद्योग जगत के चार प्रमुख दिग्गजों से की बातचीत

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को मलेशिया के चार प्रमुख उद्योगपतियों से बातचीत की और भारत की विकास यात्रा में मलेशियाई कंपनियों द्वारा दिखाई मजबूत रुचि की सराहना की। विदेश मंत्रालय द्वारा जारी बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री ने भारत और मलेशिया के बीच बढ़ते व्यावसायिक संबंधों और मलेशियाई कंपनियों द्वारा भारत की वृद्धि की यात्रा में दिखाई जा रही मजबूत रुचि की सराहना की।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जयसवाल ने सोशल मीडिया पर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पेट्रोनास के अध्यक्ष और समूह मुख्य कार्यपालक अधिकारी टैन तेंगकू मोहम्मद तौफिक से मुलाकात की और ऊर्जा साझेदारियों को मजबूत करने तथा नवीकरणीय ऊर्जा और स्वच्छ ईंधन में नए अवसरों पर चर्चा की, जिसमें ग्रीन हाइड्रोजन और ग्रीन अमोनिया शामिल हैं। विंसेंट टैन ची यिउन ने प्रधानमंत्री को बताया कि वह बर्जया का भारत के गतिशील सेवा और उपभोक्ता क्षेत्रों में विस्तार बढ़ाने के लिए उत्सुक हैं।

वहीं पुआ खिन सेंग ने फाइसन की भारत में तेजी से बढ़ते तकनीक और नवाचार क्षेत्र में भाग लेने की इच्छा व्यक्त की। अमीरुल फैसल वान जाहिर ने प्रधानमंत्री से भारत के आर्थिक परिवर्तन और निवेश के लिए उच्च संभावनाओं वाले बाजार के रूप में उसकी भूमिका पर चर्चा की। मोदी ने भारत में व्यवसाय में आसानी और स्थिर, कुशल और पूर्वानुमानित व्यापार तथा नीति वातावरण के लिए उठाए कदमों और सुधारों पर प्रकाश डाला।

# नए कानून के मसौदा नियमों, प्रपत्रों पर आयकर विभाग ने मांगे सुझाव

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- फॉर्म को अंतिम अधिसूचना से पहले वेबसाइट पर किया अपलोड
- सीबीडीटी ने परामर्श प्रक्रिया के तहत चार श्रेणियों में सुझाव देने के लिए कहा

आयकर विभाग ने रविवार को कहा कि उसने एक अप्रैल से प्रभावी होने वाले नए आयकर कानून, 2025 के तहत कर नियमों और प्रपत्रों के मसौदे पर हितधारकों से सुझाव आमंत्रित किए हैं। विभाग ने जानकारी दी कि व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रस्तावित आयकर नियम, 2026 और संबंधित फॉर्म को अंतिम अधिसूचना से पहले आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने परामर्श प्रक्रिया के तहत हितधारकों से चार श्रेणियों में सुझाव मांगे हैं। इनमें भाषा का सरलीकरण, मुकदमों में कमी, अनुपालन बोझ को कम करना और अप्रासंगिक या पुराने हो चुके नियमों व प्रपत्रों की पहचान करना शामिल है। विभाग ने कहा कि हितधारकों को इन मसौदों का अध्ययन कर सुझाव देने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। अंतिम अधिसूचना से पूर्व इन सभी सुझावों को संकलित कर उन पर समीक्षा के लिए विचार किया जाएगा। सुझाव देने की सुविधा के लिए ई-फाइलिंग पोर्टल पर लिंक जारी किया गया है, जो चार फरवरी, 2026 से सक्रिय है। हितधारक अपने नाम और मोबाइल नंबर के माध्यम से ओटीपी आधारित सत्यापन के बाद अपने सुझाव साझा कर सकते हैं।

# मुंद्रा बंदरगाह ने वाहन निर्यात और तरल माल की निकासी में की उच्च वृद्धि

- अफ्रीका, यूरोप, पूर्वी एशिया, ऑस्ट्रेलिया और पश्चिम के बाजारों के लिए भेजे गए शिपमेंट

**नई दिल्ली।** गुजरात स्थित अडाणी समूह के मुंद्रा बंदरगाह ने जनवरी में वाहन निर्यात और तरल माल (लिक्विड कार्गो) की निकासी में भारी वृद्धि दर्ज की है। बंदरगाह ने कई परिचालन रिकॉर्ड स्थापित किए हैं, जो भारत के व्यापार और निर्यात प्रवाह को समर्थन देने में बड़े, एकीकृत बंदरगाहों की बढ़ती भूमिका को रेखांकित करते हैं।

अधिकारियों ने कहा कि बंदरगाह ने अब तक का सबसे अधिक मासिक वाहन निर्यात दर्ज किया, जिसमें अडाणी मुंद्रा कंटेनर टर्मिनल (सीटी2) के समर्पित रोल-ऑन/रोल-ऑफ (रो-रो) टर्मिनल से 25,762 वाहनों का निर्यात हुआ। मारुति सुजुकी और टोयोटा सहित वाहन निर्माताओं ने मुंद्रा से निर्यात को बढ़ाया, जिसमें अफ्रीका, यूरोप, पूर्वी एशिया, ऑस्ट्रेलिया और पश्चिम के बाजारों के लिए शिपमेंट भेजे गए। मुंद्रा ने जनवरी में एक जहाज पर सबसे अधिक लोडिंग का रिकॉर्ड बनाया, जिसमें 5,701 वाहनों को लोड किया गया।

# सरकारी बैंकों का मुनाफा मौजूदा वित्त वर्ष में दो लाख करोड़ को करेगा पार : नागराजू

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- वित्तीय सेवा सचिव बोले- पीएसबी की ऋण वृद्धि 12 और जमा वृद्धि 10 प्रतिशत, जो उत्साहजनक

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) की बेहतर स्थिति से उत्साहित वित्तीय सेवा सचिव एम नागराजू ने भरोसा जताया है कि मौजूदा वित्त वर्ष में इन बैंकों का संयुक्त मुनाफा दो लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर जाना चाहिए। भारतीय बैंकिंग क्षेत्र के अच्छी स्थिति में होने पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि इस साल सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की ऋण वृद्धि 12 प्रतिशत और जमा वृद्धि 10 प्रतिशत है, जो काफी उत्साहजनक है।

उन्होंने कहा कि बैंक अर्थव्यवस्था की मजबूती के संकेत हैं। इसलिए, वे लचीले हैं। हमारे पास नियामक आरबीआई के तहत बहुत ही विवेकपूर्ण प्रबंधन प्रणाली मौजूद है। इसलिए हम अपने बैंकिंग क्षेत्र पर नकारात्मक प्रभाव डालने वाले बाहरी कारकों के बारे में बहुत चिंतित नहीं हैं। पीएसबी की लाभप्रदता पर उन्होंने कहा कि इस साल (चालू वित्त वर्ष) हम दो लाख करोड़ रुपये को पार कर जाएंगे। हमने पहली छमाही में ही एक लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को छू लिया है, मुझे लगता है कि हम दो लाख करोड़ रुपये को पार कर जाएंगे। पीएसबी का संयुक्त मुनाफा तीन साल में दोगुना हो जाएगा। संपत्ति की गुणवत्ता में सुधार, ऋण वृद्धि, स्वस्थ पूंजी पर्याप्तता अनुपात और संपत्तियों पर बढ़ते प्रतिफल से पीएसबी का मुनाफा 2022-23 में एक लाख करोड़ को पार कर 1.05 लाख करोड़ रुपये हो गया था। वित्त मंत्रालय पीएसबी में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की सीमा को 20 से बढ़ाकर 49% किए जाने के विचार पर नागराजू ने कहा कि एफडीआई सीमा को 49% बढ़ाने के लिए अंतर-मंत्रालयी परामर्श जारी है।



# 31 मार्च से पहले नक्सल का सफाया तय : शाह

## गृह मंत्री का निर्देश- बुनियादी ढांचे के विकास और माओवादी के वित्तीय नेटवर्क पर प्रहार के दिखें ठोस परिणाम

- नक्सलवाद के खात्मे की समयसीमा से पहले वामपंथी उग्रवाद को लेकर हुई उच्चस्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक

**रायपुर, एजेंसी**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि सुरक्षा-केंद्रित रणनीति, बुनियादी ढांचे के विकास और माओवादी संगठनों के वित्तीय नेटवर्क पर प्रहार से वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ लड़ाई में ठोस परिणाम सामने आए हैं। शाह ने कहा कि 31 मार्च से पहले नक्सलवाद का सफाया होना तय है। शाह ने ये टिप्पणी छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में वामपंथी उग्रवाद पर उच्चस्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करने के बाद की।

यह बैठक उग्रवाद को समाप्त करने की केंद्र की 31 मार्च की समयसीमा से पहले हुई। शाह ने बैठक की तस्वीरें एक्स पर साझा करते हुए कहा कि रायपुर में छत्तीसगढ़ सरकार व अधिकारियों के साथ नक्सल रोधी अभियानों पर समीक्षा बैठक की। सुरक्षा-केंद्रित रणनीति, बुनियादी ढांचे का विकास, नक्सलियों के वित्तीय नेटवर्क पर प्रहार और आत्मसमर्पण नीति के सकारात्मक परिणाम आये हैं और 31 मार्च से पहले नक्सलवाद समाप्त हो रहा है।

अधिकारी ने बताया कि नवा रायपुर अटल नगर स्थित होटल में हुई बैठक में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, केंद्रीय गृह सचिव, खुफिया ब्यूरो के निदेशक और गृह मंत्रालय में विशेष सचिव (आंतरिक सुरक्षा) शामिल हुए। इसके अलावा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, सीमा सुरक्षा बल, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस और राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण के महानिदेशक, साथ ही छत्तीसगढ़, ओडिशा, महाराष्ट्र, झारखंड और तेलंगाना के पुलिस महानिदेशक एवं कई वरिष्ठ अधिकारी भी बैठक में मौजूद रहे।




रायपुर में नक्सल-विरोधी अभियानों की समीक्षा बैठक के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री विष्णु देव साई और अन्य लोग।

### कम्युनिस्ट विचारधारा से पाना होगा छुटकारा

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि देश को जल्द से जल्द विनाशकारी कम्युनिस्ट विचारधारा से छुटकारा पाने की जरूरत है और उन्होंने नक्सलियों से हथियार डालने की अपील की। शाह ने कहा कि सरकार आत्मसमर्पण करने वालों का लाल कालीन बिछाकर स्वागत करेगी। नवा रायपुर में ऑर्गनाइजर वीकली के छत्तीसगढ़-25 शिफ्टिंग द लेंस शीर्षक से आयोजित सम्मेलन में शाह ने कहा कि माओवादी समस्या को विकास की कमी से नहीं जोड़ा जा सकता और न ही इसे केवल कानून-व्यवस्था का मुद्दा माना जा सकता है। उन्होंने कहा कि वामपंथी उग्रवाद की समस्या एक विचारधारा से प्रेरित चुनौती है। भारत की जनता को इस विचारधारा की सच्चाई को समझना चाहिए। जहां कहीं भी कम्युनिस्ट सत्ता में रहे, वे विकास नहीं ला सके। कम्युनिस्ट विचारधारा विनाश की विचारधारा है और देश को इससे तुरंत छुटकारा पाना आवश्यक है। शाह ने कहा कि लोकतांत्रिक राजनीति में अब कम्युनिस्ट विचारधारा का कोई अस्तित्व नहीं है। उन्होंने कहा कि त्रिपुरा और बंगाल में अब इसका अस्तित्व नहीं है। केरल में यह कुछ हद तक मौजूद है। हालांकि, तिरुवनंतपुरम से लोगों ने बदलाव की शुरुआत कर दी है। उन्होंने कहा कि सरकार एक भी गोली नहीं चलाना चाहती और आत्मसमर्पण करने वालों का लाल कालीन बिछाकर स्वागत करेगी।

# डिजिटल अरेस्ट: 100 करोड़ से अधिक की धोखाधड़ी का खुलासा

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने 190 साइबर धोखाधड़ी की शिकायतों और 100 करोड़ रुपये से अधिक से जुड़े डिजिटल अरेस्ट मामले के सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि आरोपियों में अनीश सिंह और मणि सिंह है। दोनों को एक महिला की शिकायत के बाद गिरफ्तार किया गया, जिसमें उसने कहा कि उसे दो महीने तक मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया और फर्जी साइबर अपराध जांच के बहाने उससे 40 लाख रुपये हस्तांतरित करवा लिए गए।

पुलिस अधिकारी ने कहा कि पीड़िता को पिछले साल 15 अक्टूबर से 12 दिसंबर के बीच डिजिटल अरेस्ट किया गया था। खुद को वरिष्ठ पुलिस अधिकारी बताकर धोखेबाजों ने उसे गिरफ्तारी, कार्रवाई की धमकी दी थी। उसे मुंबई अपराध शाखा के आईपीएस का दावा करने वाले व्यक्ति ने महिला पर आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने का झूठा आरोप लगाया।

# श्राइन बोर्ड बनाएगा माता वैष्णो देवी को प्रमुख आध्यात्मिक स्थल

**जम्मू, एजेंसी**

- तीर्थयात्रा के लिए सुविधाओं का विस्तार करने को समिति का किया गया गठन
- उपराज्यपाल मनोज सिन्हा की अध्यक्षता में हुई बैठक में कई पहलों को दी गई मंजूरी

श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने त्रिकूटा की पहाड़ियों पर स्थित तीर्थ स्थल और आसपास के क्षेत्र को भारत के सबसे प्रमुख आध्यात्मिक स्थलों में से एक में परिवर्तित करने को रविवार को कई पहलों को मंजूरी दी। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने यह मंजूरी दी। प्रवक्ता ने कहा कि तीर्थयात्रियों की संख्या बढ़ाने और तीर्थयात्रा के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए सुविधाओं का विस्तार करने की रणनीतियों का आकलन करने को समिति का गठन भी किया गया है। यह समिति बोर्ड को अपनी सिफारिशें प्रस्तुत करेगी।

प्रवक्ता ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा की अध्यक्षता वाली बैठक में इन पहलों को मंजूरी दी गई। मंदिर और उसके आसपास के क्षेत्र को अग्रणी और सबसे जीवंत आध्यात्मिक स्थल में तब्दील करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय को अंतिम रूप दिया गया। प्रवक्ता ने बताया कि मंदिर बोर्ड ने तीन पहलों को मंजूरी दी है, जिनमें मां शक्ति की आध्यात्मिक विरासत को समर्पित एक अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय, एक प्रकाश-ध्वनि शो और माता वैष्णो देवी मंदिर पर वृत्तचित्र शामिल हैं। बोर्ड ने रिक्त पदों को भरने का निर्णय लिया है और भर्ती प्रक्रिया जल्द शुरू होगी। राष्ट्रीय हरित अधिकरण के अनुरूप, माता वैष्णो देवी तीर्थयात्रा मार्ग पर सेवा प्रदाताओं, जैसे कि टट्टू और पिठू संचालकों के लिए पुनर्वास योजना तैयार करने और उसे चरणबद्ध तरीके से लागू करने को मंजूरी दी गई।

# सूरजकुंड हादसा : झूला संचालक और उसका कर्मचारी गिरफ्तार

**फरीदाबाद, एजेंसी**

- विशेष जांच दल का गठन, आरोपियों में मालिक हिमाचल और सहायक मेरठ का निवासी

हरियाणा में फरीदाबाद के सूरजकुंड मेला मैदान में विशाल झूले सुनामी के टूटकर गिरने की घटना के एक दिन बाद रविवार को पुलिस ने झूला संचालक और उसके एक कर्मचारी को गिरफ्तार कर लिया। शनिवार शाम को हुए हादसे में ड्यूटी पर तैनात एक पुलिस निरीक्षक की मौत हो गई थी और 12 अन्य घायल हो गये थे। यह हादसा सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेले के दौरान हुआ। घटना के समय 19 लोग झूले पर सवार थे जो हवा में झुक गया और फिर टूटकर गिर पड़ा।

अधिकारियों ने बताया कि 1989 में हरियाणा सशस्त्र पुलिस में भर्ती हुए निरीक्षक जगदीश प्रसाद 36 वर्षों की सेवा पूरी कर मार्च में सेवानिवृत्त होने वाले थे और उन्होंने झूले में फंसे लोगों को बचाने का प्रयास किया। उन्हें गंभीर चोटें आईं, जिसके बाद अस्पताल में उनकी मृत्यु हो गई। फरीदाबाद पुलिस के प्रवक्ता यशपाल ने कहा कि जांच के लिए गठित विशेष जांच दल ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक हिमाचल के सिरमौर का निवासी मोहम्मद शाकिर है, जो हिमाचल फन केयर कंपनी का मालिक है और दूसरा उत्तर प्रदेश के मेरठ का नितेश है, जो शाकिर के अधीन काम करता था।

### एक दिन बाद चार गुना भीड़

सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला पर एक दिन पहले हुई घटना का कोई असर नहीं दिखा और रविवार को भीड़ बढ़कर चार गुना हो गई। घटना के एक दिन बाद मेला जारी रहने की सूचना पर भीड़ तेजी से बढ़ने लगी। दोपहर दो बजे तक लोगों की संख्या चौंकाने वाली थी। मेला प्रबंधन के अनुसार, रविवार को मेले में 2,25,000 से अधिक लोगों की उपस्थिति दर्ज की गई है।

# दिल्ली : पीरागढ़ी फ्लाईओवर पर कार के अंदर मिले तीन शव

**नई दिल्ली।** बाहरी दिल्ली के पीरागढ़ी फ्लाईओवर पर रविवार को एक कार में एक महिला सहित तीन लोगों के शव मिले। पुलिस ने बताया कि फ्लाईओवर पर खड़ी कार के संबंध में पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी। घटनास्थल पर पहुंचने पर आपातकालीन कर्मियों को कार के अंदर तीन लोग मृत मिले, जिसके बाद पुलिस और फॉरेंसिक टीम को सूचित किया गया और इलाके को घेर लिया गया। पुलिस के अनुसार, मृतकों में दो पुरुष और एक महिला हैं। शवों पर कोई बाहरी चोट के निशान नहीं थे और कार में सभी कीमती सामान सुरक्षित थे। प्रथम दृष्टया यह मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है। हालांकि, मौतों के कारणों का पता लगाने के लिए विस्तृत जांच जारी है।

# हिमंत और गोगोई में चुनाव से पहले आरोप-प्रत्यारोप

## कांग्रेस नेता गौरव गोगोई और उनकी पत्नी के पाकिस्तानी एजेंट के साथ गहरे संबंध : हिमंत

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्वा सरमा ने रविवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई, उनकी ब्रिटिश पत्नी एलिजाबेथ कोलबर्न और पाकिस्तानी नागरिक अली तौकीर शेख के बीच गहरे संबंध हैं तथा खुफिया ब्यूरो (आईबी) से मिली सूचना गुप्त रूप से पड़ोसी देश को दी गई थी। राज्य में प्रस्तावित विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सरमा ने दावा किया कि जब एलिजाबेथ भारत में काम कर रही थीं, तब शेख उन्हें वेतन देने के लिए विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम का उल्लंघन किया गया था।

मुख्यमंत्री ने गोगोई पर अधिकारियों को सूचित किए बिना 2013 में गोपनीय ढंग से पाकिस्तान जाने का आरोप लगाया और संदेह जताया कि उन्होंने वहां किसी प्रकार का प्रशिक्षण लिया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि संबंधित लोगों ने भारत सरकार को दरकिनार करते हुए स्थानीय निकाय एजेंसियों के साथ काम किया और इसकी जांच असम पुलिस नहीं कर सकती। इसलिए हमने केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय जांच कराने की सिफारिश की है।



## हिमंत के प्रेसवार्ता में लगाए आरोप को लेकर गौरव ने कहा- सी ग्रेड सिनेमा से भी बदतर

**गुवाहाटी।** असम प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गोगोई ने मुख्यमंत्री हिमंत विश्वा सरमा के उनके पाकिस्तानी कनेक्शन संबंधी आरोपों को बेहद बेतुका और झूठा बताकर खारिज कर दिया। साथ ही गोगोई ने हिमंत के प्रेस कांफ्रेंस को सी-ग्रेड सिनेमा से भी बदतर और सुपर फ्लॉप करार दिया।

गोगोई ने एक्स पर कहा कि मुझे दिल्ली और असम के पत्रकारों पर तरस आता है, जिन्हें सदी की सबसे फ्लॉप प्रेस कॉन्फ्रेंस झेलनी पड़ी। यह सी-ग्रेड सिनेमा से भी बदतर थी। तथाकथित चतुर मुख्यमंत्री द्वारा पेश किए गए ये आरोप पूरी तरह से बेतुके और झूठे हैं। उन्होंने दावा किया कि यह सुपर फ्लॉप हमारी परिवर्तन यात्रा के बिल्कुल विपरीत है, जो मुख्यमंत्री और उनके परिजनों द्वारा कब्जा की गई 12,000 बीघा जमीन का पर्दाफाश करने में सफल रही है। गोगोई ने कहा कि सरमा ने मीडिया के सामने खुद को शर्मिंदा किया है। उन्हें बताना चाहिए कि कैसे असम में 4,000 एकड़ की बहुमूल्य संपत्ति हासिल की। जब हम सत्ता में आएंगे, तो हम वह जमीन ले लेंगे और गरीबों और भूमिहीनों में बांट देंगे।



# राष्ट्रीय सुरक्षा और कानून प्रवर्तन पर भारत-कनाडा में बनी सहमति

- द्विपक्षीय सहयोग, साझा कार्य योजना पर काम करेंगे दोनों देश

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत और मलेशिया ने राष्ट्रीय सुरक्षा और कानून प्रवर्तन से जुड़े मुद्दों पर द्विपक्षीय सहयोग को दिशा देने के लिए एक साझा कार्ययोजना पर सहमति व्यक्त की है जिससे दोनों देशों की प्राथमिकताओं के अनुरूप व्यावहारिक सहयोग को सक्षम बनाया जा सके। दोनों देश सुरक्षा और कानून-प्रवर्तन संपर्क अधिकारियों की नियुक्ति करने पर भी सहमत हुए हैं।

विदेश मंत्रालय ने रविवार शाम कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने शनिवार को कनाडा की राष्ट्रीय सुरक्षा और खुफिया सलाहकार नथाली ड्रुइन से मुलाकात की। यह यात्रा दोनों देशों के बीच नियमित द्विपक्षीय सुरक्षा संवाद का हिस्सा थी। दोनों पक्षों ने अपने देशों और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई पहलों में हुई प्रगति पर संतोष जताया। राष्ट्रीय सुरक्षा और कानून प्रवर्तन से जुड़े मुद्दों पर द्विपक्षीय सहयोग को दिशा देने के लिए एक साझा कार्ययोजना पर सहमति व्यक्त की, जिससे दोनों देशों की प्राथमिकताओं के अनुरूप सहयोग को सक्षम बनाया जा सके।

### एजेंसियां मजबूत करेंगी अपने संबंध

बैठक के दौरान यह भी सहमति बनी कि दोनों देश सुरक्षा और कानून-प्रवर्तन संपर्क अधिकारियों की नियुक्ति करेंगे और उनकी संबंधित एजेंसियां आपसी कार्य संबंधों को और मजबूत करेंगी। यह महत्वपूर्ण कदम द्विपक्षीय संचार को सुव्यवस्थित करने और आपसी हित के मुद्दों पर समय पर सूचना साझा करने में सहायक होगा। इनमें विशेष रूप से नशीले पदार्थों के अवैध प्रवाह, अंतरराष्ट्रीय संगठित आपराधिक नेटवर्क से जुड़े मामले शामिल हैं।

## वैश्विक सुरक्षा की चिंता बढ़ी

ईरान का परमाणु कार्यक्रम दशकों से अंतर्राष्ट्रीय राजनीति और सुरक्षा चिंताओं का केंद्र बना हुआ है। यह विवाद मुख्य रूप से ईरान द्वारा यूरेनियम संवर्धन की क्षमताओं और इसके पीछे के वास्तविक उद्देश्यों शांतिपूर्ण नागरिक उपयोग बनाम परमाणु हथियार निर्माण को लेकर है। फरवरी 2026 तक की स्थिति के अनुसार, यह विवाद एक बार फिर निर्णायक मोड़ पर है। जून 2025 में ईरान और इजराइल के बीच हुए 12 दिवसीय युद्ध के बाद, जिसमें ईरान के कई परमाणु ठिकानों को निशाना बनाया गया था, अब अमेरिका और ईरान के बीच ओमान में अप्रत्यक्ष वार्ता का दौर फिर से शुरू हुआ है लेकिन यह अभी किसी निर्णायक मोड़ पर नहीं पहुंच सका है। इस स्थिति को लेकर दुनिया के देश चिंतित हैं। अमेरिका ने ईरान को चेतावनी दे रखी है कि यदि वह समझौता नहीं करता तो हमला होगा।

# ईरान परमाणु विवाद



### विवाद की मुख्य जड़

- **अमेरिका और सहयोगियों की चिंता :** अमेरिका का मुख्य लक्ष्य ईरान को परमाणु हथियार बनाने से रोकना है। वाशिंगटन का मानना है कि परमाणु सक्षम ईरान क्षेत्र में अधिक शक्ति प्रदर्शन करेगा, जिससे तनाव बढ़ सकता है और इजरायल जैसे अमेरिकी सहयोगियों की सुरक्षा पर प्रभाव पड़ सकता है।
- **ईरान का पक्ष :** ईरान लगातार यह कहता रहा है कि उसका कार्यक्रम केवल शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए है। वह अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों को हटाने और अपनी संप्रभुता की सुरक्षा के लिए परमाणु तकनीक को एक उपकरण के रूप में देखता है। ईरान का तर्क है कि उसे यूरेनियम संवर्धित करने का कानूनी अधिकार है।
- **ईरान का विरोध :** ईरान किसी भी ऐसे समझौते का विरोध कर रहा है जो उसके बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम पर अंकुश लगाए। वह इन मुद्दों को परमाणु वार्ता से अलग रखना चाहता है।

### शुरू हो सकती है परमाणु हथियारों की दौड़

- अमेरिका और उसके सहयोगियों का मानना है कि एक परमाणु संपन्न ईरान न केवल मध्य पूर्व की स्थिरता के लिए खतरा है, बल्कि यह एक नई वैश्विक परमाणु हथियारों की दौड़ को भी जन्म दे सकता है। दूसरी ओर, ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम को अपना अपरिहार्य अधिकार और राष्ट्रीय गर्व का विषय मानता है। वह परमाणु तकनीक का उपयोग ऊर्जा उत्पादन और वैज्ञानिक प्रगति के लिए करने का दावा करता है। वर्तमान में ईरान ने परमाणु हथियारों के निर्माण के लिए आवश्यक शुद्धता (वेपन्स-ग्रेड) के बेहद करीब यूरेनियम का भंडार जमा कर लिया है, जिससे वैश्विक चिंताएं चरम पर हैं। ईरान कहता है कि कोई उसे दबाव में नहीं ले सकता है।

### ईरान की वर्तमान स्थिति

- **पुनर्निर्माण गतिविधियां :** फरवरी 2026 इस्फहान परमाणु स्थल पर नई छतें और मरम्मत का काम देखा गया है।
- **सुरक्षा रणनीति :** ईरान अपने परमाणु केंद्रों के महत्वपूर्ण हिस्सों को जमीन में और अधिक गहराई में दफन कर रहा है और उन्हें अलग-अलग स्थानों पर फैला रहा है।
- **संवर्धन का स्तर :** दिसंबर 2024 तक, ईरान ने यूरेनियम को 60% शुद्धता तक संवर्धित कर लिया था, जो हथियार बनाने के लिए आवश्यक 90% के बहुत करीब है।

### नियामक

- संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ईरान पर प्रतिबंध लगाने या उन्हें हटाने का निर्णय लेती है। सुरक्षा परिषद इस मुद्दे पर विभाजित है। अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी परमाणु केंद्रों की निगरानी के लिए जिम्मेदार प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय नियामक है। यह परमाणु केंद्रों की निगरानी करती हैं।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### शहीद सिख सैनिकों को याद किया गया

**सिंगापुर।** सिंगापुर के एक मंत्री और भारत सहित सात राष्ट्रमंडल देशों के उच्चायुक्तों ने रविवार को यहां सिख समुदाय के साथ द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान सिंगापुर-मलाया की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। तत्कालीन अविभाजित पंजाब के विभिन्न समुदायों के 3,318 शहीद सैनिकों के जीवन और बलिदान को श्रद्धांजलि देने के लिए क्रांजी युद्ध स्मारक में स्मृति दिवस आयोजित किया गया। इन सिख सैनिकों ने जापानी सेना के खिलाफ लड़ते हुए अपनी जान न्यौछावर की थी।

### जापान में सत्तारूढ़ दल बहुमत की ओर

**टोक्यो।** जापान की प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची की लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) रविवार के संसदीय चुनाव में बड़ी जीत की ओर अग्रसर है। एनएचके प्रोजेक्शन्स के एग्जिट पोल में यह दावा किया गया है। सार्वजनिक प्रसारक एनएचके के अनुमान के अनुसार, एलडीपी को 274 से 328 सीटें मिलने की संभावना है, जिससे पार्टी अपनी मौजूदा 198 सीटों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि करेगी। यदि एलडीपी 310 या उससे अधिक सीटें हासिल करती है, तो वह अकेले ही निचले सदन में दो-तिहाई बहुमत प्राप्त कर सकती है।

### थाईलैंड में संविधान के लिए जनमत संग्रह

**थाईलैंड।** थाइलैंड के नागरिक रविवार को संसद के निचले सदन के 500 सदस्यों को चुनने के लिए मतदान करेंगे और नये संविधान के पक्ष या विपक्ष में वोट देंगे। थाई प्रधानमंत्री अनुतिन चार्नविराकुल ने दिसंबर में संसद को भंग करने की मांग की थी। प्रधानमंत्री के आदेश के लागू होने के 45 दिन से पहले और 60 दिन के बाद नये आम चुनाव नहीं कराने थे। चुनावों के बाद, प्रधानमंत्री का चुनाव उम्मीदवार के लिए डाले गये 251 वोटों से होगा।

### नोबेल विजेता नर्गिस को सात साल की सजा

**दुबई।** ईरान ने नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित नर्गिस मोहम्मदी को भूख हड़ताल शुरू करने के बाद सात साल से अधिक की जेल की सजा सुनाई है। मोहम्मदी के समर्थकों ने उनके वकील का हवाला दिया, जिन्होंने मोहम्मदी से बात की। मोहम्मदी के वकील मुस्तफ़ा निली ने एक्स पर सजा सुनाए जाने की पुष्टि की। उन्होंने पोस्ट किया कि मोहम्मदी को जमावड़े और साठगांठ के लिए छह साल की जेल और प्रचार के लिए डेढ़ साल की जेल और दो साल के यात्रा प्रतिबंध की सजा सुनाई गई है।

# रक्षा, सेमीकंडक्टर व प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में मलेशिया से बढ़ाएंगे सहयोग

## मलेशियाई समकक्ष अनवर इब्राहिम से वार्ता के बाद बोले प्रधानमंत्री मोदी

- प्रधानमंत्री ने शांति और स्थिरता के लिए भी जताई प्रतिबद्धता

कुआलालंपुर, एजेंसी

भारत और मलेशिया ने आतंकवाद से निपटने, खुफिया जानकारी साझा करने , समुद्री सुरक्षा मजबूत करने , रक्षा , कृत्रिम बुद्धिमत्ता , डिजिटल प्रौद्योगिकी और सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में सहयोग बढाने पर सहमति व्यक्त की है। दोनों देशों का मानना है कि हिन्द प्रशांत क्षेत्र दुनिया के विकास इंजन के रूप में उभर रहा है और वे आसियान के साथ पूरे हिन्द प्रशांत क्षेत्र में विकास, शांति और स्थिरता के लिए प्रतिबद्ध हैं।

मलेशिया की दो दिन की यात्रा पर आए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को यहां अपने मलेशियाई समकक्ष अनवर इब्राहिम के साथ व्यापक वार्ता के बाद यह बात कही। प्रधानमंत्री ने मलेशिया में भारत के कामगारों के संरक्षण के लिए सामाजिक सुरक्षा समझौते ,पर्यटन के लिए ग्रैटिस ई वीजा और डिजिटल पेमेंट इंटरफेस यूपीआई के मलेशिया में लागू होने को बड़ा कदम बताया। मोदी ने वार्ता के बाद संयुक्त वक्तव्य में कहा कि भारत और मलेशिया के संबंध विशेष हैं।

हम समुद्री पड़ोसी हैं। सदियों से हमारे लोगों के बीच गहरे और आत्मीय रिश्ते रहे हैं। आज मलेशिया, भारतीय मूल की आबादी वाला दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा देश है। हमारी सभ्यताएं, साझा सांस्कृतिक विरासत और लोकतांत्रिक मूल्यों से जुड़ी हुई हैं। मोदी ने कहा कि सुरक्षा के क्षेत्र में हम आतंकवाद रोधी, खुफिया जानकारी साझा करने , समुद्री सुरक्षा में सहयोग मजबूत करेंगे। दोनों देश रक्षा सहयोग को और व्यापक बनाएंगे। एआई , डिजिटल प्रौद्योगिकी और सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में सहयोग बढाने पर सहमति जताई है।



मलेशिया से प्रस्थान करने से पहले हाथ हिलाकर उपस्थित लोगों और कलाकारों का अभिवादन करते प्रधानमंत्री मोदी।

### हम पूरे हिंद प्रशांत क्षेत्र के विकास को प्रतिबद्ध

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और मलेशिया को तमिल भाषा के प्रति साझा प्रेम भी जोड़ता है। उन्होंने कहा कि मलेशिया में तमिल भाषा की मजबूत और जीवंत उपस्थिति शिक्षा, मीडिया और सांस्कृतिक जीवन में दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि हिन्द प्रशांत क्षेत्र विश्व के विकास इंजन के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि हम आसियान के साथ पूरे हिन्द प्रशांत क्षेत्र में विकास, शांति और स्थिरता के लिए प्रतिबद्ध हैं। भारत आसियान को केन्द्र के रूप में प्राथमिकता देता है।

### मलेशिया से रवाना हुए प्रधानमंत्री मोदी

**कुआलालंपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को मलेशिया की दो दिवसीय यात्रा समाप्त करके भारत के लिए प्रस्थान किया। यात्रा के दौरान उन्होंने मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के साथ व्यापक वार्ता की, जिसमें रक्षा और सुरक्षा संबंधों को मजबूत बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा कि एक यादगार यात्रा समाप्त हुई। मलेशिया की यात्रा के दौरान विशेष गर्मजोशी और मेहमाननवाजी देखने को मिली। हमारे घनिष्ठ सांस्कृतिक संबंधों पर आधारित यात्रा के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत के लिए रवाना हो गए। मोदी की इस यात्रा से कई महत्वपूर्ण परिणाम हासिल हुए हैं।

## मस्क के स्टारलिंक को पाकिस्तान में नहीं मिला प्रवेश

**इस्लामाबाद।** अरबपति व्यवसायी एलन मस्क की स्टारलिंक को डेटा सुरक्षा संबंधी चिंताओं, मस्क-ट्रंप विवाद और चीनी कंपनियों से प्रतिस्पर्धा के कारण पाकिस्तान के सैटेलाइट इंटरनेट बाजार में प्रवेश करने का लाइसेंस मिलने में देरी हो रही है। एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने सूत्रों के हवाले से प्रकाशित खबर में कहा है कि स्टारलिंक उन कई कंपनियों में शामिल है, जिन्होंने पाकिस्तान के सैटेलाइट इंटरनेट बाजार में परिचालन की अनुमति मांगी है, लेकिन विभिन्न अनसुलझे सुरक्षा और भूराजनीतिक मुद्दों के कारण अनुमोदन प्रक्रिया धीमी हो गई है। खबर के मुताबिक, सरकार को पता चला है कि स्टारलिंक पाकिस्तान के निगरानी, नियामक और सुरक्षा ढांचे का उल्लंघन करते हुए कुछ डेटा प्रसारित कर सकता है। खबर में एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी के हवाले से कहा गया है, हम पाकिस्तान में उपयोगकर्ताओं के डेटा की सुरक्षा सुनिश्चित करने और डेटा चोरी रोकने के लिए सुरक्षा जांच के बिना स्टारलिंक को लाइसेंस नहीं दे सकते। अधिकारियों के अनुसार, मस्क और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच विवाद एक और बड़ी वजह है, जिसके चलते पाकिस्तान सरकार सुरक्षा मंजूरी देने में हिचकिचा रही है।

# ताकत की भाषा का हम उसी भाषा में देंगे जवाब

- अमेरिका से वार्ता के बाद बोले ईरान के विदेश मंत्री अराघची

तेहरान, एजेंसी

ईरान के विदेश मंत्री सैय्यद अब्बास अराघची ने अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर वे ईरानी लोगों से ताकत की भाषा में बात करेंगे, तो हम उन्हें उसी भाषा में जवाब देंगे। अगर वे हमसे सम्मान की भाषा में बात करेंगे, तो उन्हें उसी भाषा में जवाब दिया जाएगा। अराघची ने अमेरिका से वार्ता में ईरानी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया।

वहीं ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेज़ेश्कियान ने रविवार को कहा कि उनके देश और अमेरिका के बीच हाल ही में हुई परमाणु वार्ता आगे की दिशा में बढ़ा एक कदम है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि ये चर्चाएं पश्चिम एशिया क्षेत्र में दोस्त सरकारों के प्रयासों के परिणामस्वरूप हुईं। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि शांतिपूर्ण तरीके से मुद्दों को सुलझाने के लिए बातचीत हमेशा से ईरान की चुनी हुई रणनीति रही है। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को ओमान की राजधानी मस्कट में ईरान और अमेरिका के प्रतिनिधिमंडलों के बीच अप्रत्यक्ष बातचीत हुई। इस बीच, शुक्रवार की बातचीत में ईरानी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने वाले ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने कहा, कोई हमें यह नहीं बता सकता कि हमारे पास क्या होना चाहिए और क्या नहीं। उन्होंने ईरान की राजधानी तेहरान में एक राष्ट्रीय सम्मेलन में आश्वासन दिया कि ईरान का परमाणु हथियार बनाने का कोई इरादा नहीं है। उन्होंने किसी भी तरह की दादागिरी को दृढ़ता से खारिज किया।

### ताकतवर के आगे न झुकने से मिलती है ताकत : अराघची

**दुबई।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने परमाणु कार्यक्रम को लेकर अमेरिका के साथ हुईं वार्ताओं के बाद कड़ा रुख अपनाते हुए रविवार को कहा कि ताकतवर देशों के आगे नहीं झुकने से ईरान को ताकत मिलती है। तेहरान में एक सम्मेलन में अराघची ने संकेत दिए कि ईरान यूरेनियम संवर्धन करने पर कायम रहेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए ईरान का यूरेनियम संवर्धन विवाद की जड़ है। अब्बास अराघची के बयान से लगता है इन वार्ताओं में चुनौतियां बाकी हैं।

## शीतकालीन ओलंपिक्स में खलल डालने की कोशिश

- रेलवे के ट्रैक को नुकसान पहुंचाया, बिजली केबल काटे

**मिलान।** इटली के परिवहन मंत्रालय ने बोलोन्या क्षेत्र में शीतकालीन ओलंपिक्स के पहले दिन हुई ट्रेन सेवाओं को बाधित करने वाली घटनाओं को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करार देते हुए कहा है कि ये 2024 में पेरिस ओलंपिक खेलों के उद्घाटन से ठीक पहले फ्रांस में हुए हमलों की याद दिलाती हैं। बोलोन्या क्षेत्र में रेलवे ट्रैक और उससे जुड़ी अवसंरचनाओं को नुकसान पहुंचने की कई घटनाएं सामने आयी हैं। पहली घटना शनिवार सुबह बोलोन्या-वेनिस खंड पर दर्ज की गई, जहां क्षतिग्रस्त केबल पाए गए। इसके अलावा, बोलोन्या-पाडुआ लाइन पर एक स्विच के पास एक देसी बम (आईईडी) बरामद किया गया, जिसे निष्क्रिय कर दिया गया। इसी मार्ग के उच्च-रफ्तार रेलवे खंड पर बिजली के केबल काटे गए, जबकि बोलोन्या-एंकोना लाइन पर पेसारो के पास एक विद्युत कैबिनेट में आग लगने की सूचना मिली। परिवहन मंत्रालय ने कहा कि आज सुबह बोलोन्या और पेसारो रेलवे स्टेशनों के पास हुई गंभीर तोड़फोड़ की घटनाएं, जिनसे हजारों यात्रियों को भारी असुविधा हुई।

## रूसी जनरल पर हमले में दो आरोपी हिरासत में लिए

**मॉस्को।** रूस की संघीय सुरक्षा सेवा ने रविवार को बताया कि उसने एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी की हत्या की कोशिश के मामले में दो संदिग्धों को हिरासत में लिया है। एजेंसी ने एक बयान में कहा कि संदिग्धों ने रूस की सैन्य खुफिया एजेंसी के उप-प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल व्लादिमीर अलेक्सेयेव को मारने की कोशिश की थी, जिन्हें शुक्रवार को उत्तर-पश्चिम मॉस्को में एक रिहायशी इमारत के अंदर कई गोलियां मारी गयी थीं। बयान में कहा गया कि एक संदिग्ध को उसके साथी की मदद से संयुक्त अरब अमीरात के दुबई में हिरासत में लिया गया और रूसी अधिकारियों को सौंप दिया गया। दूसरे को मॉस्को में हिरासत में लिया गया। तीसरा संदिग्ध यूक्रेन भाग गया।

## काहिरा में भारतीय हस्तियों को किया गया सम्मानित

- उद्योग, कला और साहित्य के क्षेत्र में दिया है योगदान

**नागपुर।** उद्योग, कला और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण योगदान देने वाली हस्तियों को काहिरा में हाल में आयोजित लोकमत वन वर्ल्ड समिट में लोकमत ग्लोबल आइकॉन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह समारोह शुक्रवार को मिस्र के काहिरा में आयोजित किया गया। इसमें कहा गया कि समारोह का आयोजन न्याती समूह के सहयोग से पिरामिड, नील नदी और प्राचीन सभ्यताओं की पृष्ठभूमि में किया गया, जिसने भारत और मिस्र के बीच ऐतिहासिक मित्रता को नया आयाम दिया। सामाजिक सेवा, उद्योग, कला, संस्कृति और सार्वजनिक जीवन में उत्कृष्ट योगदान देने वाली हस्तियों को लोकमत ग्लोबल आइकॉन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। लोकमत मीडिया समूह चेयरमैन एवं पूर्व राज्यसभा सदस्य डॉ. विजय दर्डा ने कहा कि ऐसे समय में जब धर्म के नाम पर कई जगहों पर खूनखराबा हो रहा है, मानवता के लिए काम करना आवश्यक है। कहा कि हमारा प्रयास आर्थिक असमानता को कम करना, सभी के लिए समान अवसर सुनिश्चित करना है।

# ऐसा लगता है जैसे डलास में नहीं आप पाकिस्तान में

- अमेरिकी सांसद ने कुछ क्षेत्रों के इस्लामीकरण पर जताई चिंता

न्यूयॉर्क, एजेंसी

अमेरिका के एक सांसद ने टेक्सास राज्य के कुछ निर्वाचन क्षेत्रों में हो रहे इस्लामीकरण पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि वहां के स्थानीय मॉल में जाकर ऐसा लगता है जैसे आप डलास में नहीं पाकिस्तान में हैं। सांसद ब्रैंडन गिल ने रियल अमेरिकाज वॉयस के साथ साक्षात्कार में कहा कि मुझे अपने मतदाताओं से शिकायतें मिलती रहती हैं जो डलास क्षेत्र के इस्लामीकरण से बेहद चिंतित हैं।

रिपब्लिकन पार्टी के सांसद ने कहा कि उनके निर्वाचन क्षेत्र के लोगों को उन मस्जिदों के बारे में सुनने को मिल रहा है जो उस जमीन के पास बन रही हैं जिस पर उनका या उनके परिवार का पीढ़ियों से मालिकाना हक रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा पूरा समुदाय बदल रहा है। आप अपने क्षेत्र के लोगों को अपने स्थानीय मॉल में जाने की बात करते हुए सुनते हैं और जब आप चारों ओर देखते हैं, तो ऐसा लगता है कि आप डलास, टेक्सास में नहीं, बल्कि पाकिस्तान में हैं। कहा कि बड़े पैमाने पर हो रहा इस्लामीकरण अमेरिका को खत्म कर रहा है।




## जाने माने नेपाली अभिनेता सुनील थापा का निधन

**नई दिल्ली।** नेपाल के जाने माने अभिनेता सुनील थापा का 68 साल की उम्र में निधन हो गया। थापा ने हिट सीरीज द फैमिली मैन और फिल्म मेरी कॉम में अभिनय किया था। थापा को राजधानी काठमांडू के थापाथली स्थित नॉर्विक अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनस ने अभिनेता को श्रद्धांजलि दी। अभिनेत्री ने फिल्म मेरी कॉम में थापा के साथ अभिनय किया था। मनोज वाजपेयी ने उनके निधन को दुखद बताया। थापा ने नेपाली फिल्मों के अलावा कई हिंदी और तमिल एवं भोजपुरी फिल्मों में भी काम किया था। उन्होंने 1981 में कमल हासन और रति अग्निहोत्री अभिनीत एक दूजे के लिए से हिंदी फिल्म में पदार्पण किया।

## आज का भविष्यफल -पं.मनोज कुमार द्विवेदी

आज की ग्रह स्थिति : 9 फरवरी, सोमवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, अष्टमी पूर्ण रात्रि तक तत्पश्चात नवमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पूर्व, **ऋतु**- शिशिर।
**चन्द्रबल**- मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
**ताराबल**- भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-विशाखा पूर्ण रात्रि तक।

**मेष** — आज प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिल सकती है। व्यापार से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है। संपत्ति के मामले काफी अनुकूल रहेंगे। उत्तम भोजन का आनंद लेंगे। विलासिता के संसाधनों में धन खर्च हो सकता है।

**वृष** — आज आर्थिक दृष्टिकोण से दिन बहुत ही उत्तम रहने वाला है। छोटे-मोटे खर्चों को लेकर तनाव में आ सकते हैं। व्यापारी वर्ग को कारोबार के नए अनुबंध करने पड़ सकते हैं। ऐसे लोगों से दूर रहें जो नकारात्मक बातें करते हों।

**मिथुन** — आज कार्यक्षेत्र में आपको अधिक काम करना पड़ेगा। व्यवसायियों की आय में वृद्धि की संभावना बन रही है। परिवार में आपसी तालमेल बेहतरीन रहेगा। प्रेम संबंधों का तनाव दूर होगा। अपनी बातों से लोगों को प्रभावित कर पायेंगे।

**कर्क** — आज परिजनों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। व्यापार में कुछ तकनीकी समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। मौसम में आ रहे बदलावों को लेकर सावधान रहें। धन खर्च करते समय कंजूसी न करें। मानसिक अशान्ति का अनुभव कर सकते हैं।

**सिंह** — आज आपकी कोई इच्छा पूर्ण हो सकती है। शेयर मार्केट से अपेक्षित धन लाभ प्राप्त होगा। आज जल्दी में सभी काम निपटाने की कोशिश करेंगे। प्रेम संबंधों को लेकर भावुक रहेंगे। जॉब को लेकर थोड़ी मेहनत करनी पड़ सकती है।

**कन्या** — आज पारिवारिक वातावरण सुखमय रहेगा। युवा अपने करियर को लेकर अत्यंत गंभीर रहेंगे। सम्मानित लोगों का मार्गदर्शन मिल सकता है। किसी परिजन के ऊपर आपको धन खर्च करना पड़ेगा। अपनी योजनाओं को सार्वजनिक न करें। वाणी में तीखापन रहेगा।

**तुला** — आज आपको कोई अवार्ड मिल सकता है। दोपहर के बाद परिस्थितियां धीरे-धीरे अनुकूल होने लगेंगी। पूर्व में लिए गए निर्णय आपको आज लाभ पहुंचायेंगे। छोटे स्तर पर किया गया व्यवसाय लाभप्रद होगा। दूसरों पर आपको निर्भर रहना पड़ेगा।

**वृश्चिक** — आज विदेश में व्यापार कर रहे लोगों को थोड़ा परेशानी हो सकती है। सेहत का पर्याप्त साथ नहीं मिलेगा। उच्च अधिकारियों से तनाव हो सकता है। जीवनसाथी के लिये समय अवश्य निकालें। अनिद्रा की शिकायत हो सकती है।

**धनु** — आज कार्यक्षेत्र में लोग आपके प्रति आकर्षित रहेंगे। लोग आपके सुझावों पर अमल करेंगे। धर्म-कर्म में आप अत्यधिक रुचि लेंगे। मित्रों के साथ आप अच्छा समय बितायेंगे। ऑनलाइन शॉपिंग में आपको भारी छूट का लाभ मिल सकता है।

**मकर** — आज आप जिस कार्य को हाथ में लेंगे उसे समय पर पूर्ण कर लेंगे। विदेश से नौकरी के प्रस्ताव मिल सकते हैं। कारोबार के लिए आपको रणनीति बनानी पड़ेगी। रियल एस्टेट से जुड़े लोगों को बड़ा लाभ प्राप्त होगा। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**कुंभ** — आज अपने विचारों को लेकर दृढ़प्रतिज्ञ रहेंगे। व्यवसाय में धन लाभ के बेहतरीन अवसर मिलेंगे। विचारों की अभिव्यक्ति में खुलेपन के कारण लोग आपका अपमान कर सकते हैं। घर में मेहमान आने की सम्भावना है। गुप्त शत्रुओं से सावधान रहें।

**मीन** — आज पुराने लोन को लेकर परेशानी हो सकती है। विरोधियों को कमजोर समझने की भूल न करें। विवादित मामलों पर चर्चा करने से बचें। लोग आपके जिद्दी व्यवहार के कारण नाराज हो सकते हैं। आज अधिक क्रोध न करें।

## सुडोकू -56

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | 6 | | 1 | | 8 | | 7 |
| | | | 7 | | | | 3 | |
| | 3 | | | | | 5 | | 2 |
| | | 7 | | 9 | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 5 |
| | | | 8 | 2 | | 4 | | |
| 9 | | 5 | | | 6 | | 8 | |
| | 4 | | | | 3 | | | |
| 8 | | 3 | | | | 2 | 1 | |

### सुडोकू - 55 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 7 | 3 | 2 | 4 | 9 | 8 | 5 |
| 2 | 9 | 8 | 5 | 6 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 4 | 9 | 8 | 7 | 1 | 2 | 6 |
| 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 3 | 6 | 7 | 2 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 9 | 3 | 4 | 5 | 3 |
| 4 | 6 | 3 | 7 | 5 | 2 | 8 | 9 | 1 |
| 3 | 2 | 9 | 1 | 4 | 5 | 7 | 6 | 8 |
| 8 | 5 | 1 | 6 | 7 | 9 | 2 | 3 | 4 |
| 7 | 4 | 6 | 2 | 3 | 8 | 5 | 1 | 9 |



शुक्र है कि हम जीत गए। नेपाली खिलाड़ी बहुत अच्छा खेले। बहुत कम टीमें आदिल राशिद को इस तरह खेल पाती हैं जैसे उन्होंने खेला। मुझे लग रहा था हम इस स्कोर का आसानी से बचाव कर लेंगे, लेकिन वे बहुत अच्छा खेले। मैं उन्हें बाकी टूर्नामेंट के लिए शुभकामनाएं देता हूं।
–हैरी ब्रूक, इंग्लैंड के कप्तान


# स्टेडियम

हल्द्वानी, सोमवार, 9 फरवरी 2026

अमृत विचार
www.amritvichar.com


## आज के मैच

| टीम | समय |
|---|---|
| इटली–स्कॉटलैंड | सुबह 11 बजे |
| ओमान–जिम्बाब्वे | दोपहर 3 बजे |
| कनाडा–दक्षिण अफ्रीका | शाम 7 बजे |

## हाईलाइट

### अंडर-19 विश्व कप विजेता टीम का स्वदेश लौटने पर भव्य स्वागत

**मुंबई।** अंडर–19 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम का रविवार को यहां भव्य स्वागत हुआ जिसमें खिलाड़ियों के परिवार के सदस्य और बड़ी संख्या में प्रशंसक इन युवा नायकों का स्वागत करने पहुंचे। भारत ने शुक्रवार को जिम्बाब्वे के हरारे में हुए फाइनल में इंग्लैंड को 100 रन से हराकर रिकॉर्ड छठी बार खिताब जीता। मुंबई हवाई अड्डे पर कप्तान म्हात्रे और स्टार सलामी बल्लेबाज सूर्यवंशी ने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा जहां प्रशंसक और परिवार के सदस्य उनका स्वागत करने के लिए इंतजार कर रहे थे। म्हात्रे का पूरा परिवार मौजूद थे जिसमें उनके माता–पिता के अलावा चाची और बहनोई शामिल थे। म्हात्रे के पिता योगेश कमलाकर म्हात्रे ने कहा हमारे पास इस खुशी के लिए कोई शब्द नहीं हैं क्योंकि वे इतने साल से जो कड़ी मेहनत कर रहे थे, उसका फल आज मिला है।

### सूर्यकुमार यादव में आ गया धोनी जैसा ठहराव : हरमीत सिंह

**मुंबई।** दबाव के क्षणों में भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव का शांतचित्त आत्मविश्वास अमेरिका के स्पिनर हरमीत सिंह को महान महेंद्र सिंह धोनी की याद दिलाता है। अमेरिका के खिलाफ टी20 विश्व कप के पहले मैच में भारत को संकट से निकालकर सूर्यकुमार ने 49 गेंद में 84 रन की नाबाद पारी खेली और जीत के सूत्रधार रहे। यह पूछने पर कि क्या उन्होंने और सूर्यकुमार ने कभी सोचा था कि सूर्यकुमार का कैरियर इस तरह से आगे जायेगा, हरमीत ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा बेशक, हम यह सब सोचते थे लेकिन उन्हें सफलता देर से मिली। मुझे लगता है कि अब उनमें वह ठहराव आ गया है जो एमएस धोनी में भी उनके कैरियर के आखिरी दौर में था।

### तेजस्विन ने एशियाई इंडोर एथलेटिक्स में दिलाया स्वर्ण पदक

**तियानजिन (चीन)।** तेजस्विन शंकर ने एशियाई इंडोर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में पुरुषों की हेप्टाथलन स्पर्धा में भारत को स्वर्ण पदक दिलाया जिससे भारत की झोली में कुल पांच पदक गिरे। भारत पदक तालिका में छठे स्थान पर रहा। चीन ने दस स्वर्ण समेत 34 पदक जीतकर पहला स्थान हासिल किया। शंकर ने हेप्टाथलन में 5993 अंक बनाकर 2021 में अमेरिका में बनाया 5650 अंक का अपना राष्ट्रीय इंडोर रिकॉर्ड तोड़ा। उनके अलावा पूजा ने ऊंची कूद में रजत, तेजिंदर पाल सिंह तूर ने शॉटपुट में रजत और एंसी सोजन ने लंबी कूद में कांस्य पदक जीता। पहले दिन ऊंची कूद में आदर्श राम ने कांस्य जीता था। शंकर के नाम राष्ट्रीय डेकाथलन का भी रिकॉर्ड है जो उन्होंने पोलैंड में बनाया था। पुरुषों की शॉटपुट में तेजिंदर ने सत्र का सर्वश्रेष्ठ 20 .05 मीटर का थ्रो फेंक रजत पदक जीता।

# उलटफेर से बाल-बाल बचा इंग्लैंड नेपाल को चार रनों से हराया

## टी-20 विश्व कप : लोकेश बाम ने 20 गेंदों पर 39 रनों की पारी खेल बढ़ाया रोमांच

**मुंबई, एजेंसी**

दो बार की विश्व चैंपियन इंग्लैंड ने रविवार को यहां टी20 विश्व कप ग्रुप सी के बेहद रोमांचक मुकाबले में नेपाल की चुनौती से निपटते हुए अंत में चार रन की करीबी जीत दर्ज की। नेपाल इस मुकाबले में उलटफेर कर इतिहास रचने के बहुत करीब पहुंच गया था।

उसने इंग्लैंड के सात विकेट पर 184 रन के जवाब में छह विकेट पर 180 रन बनाए। लोकेश बाम (20 गेंद में नाबाद 39 रन) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नेपाल की उलटफेर भरी जीत की उम्मीद बनाए रखी, लेकिन आखिरी ओवर में जीत नहीं दिला सके।

आखिरी ओवर में नेपाल को जीत के लिए 10 रन की दरकार थी, लेकिन नेपाल के लिए बाउंड्री नहीं लग सकी। इस तरह बल्ले से उनका शानदार प्रदर्शन करीबी हार से खत्म हो गया। सैम करन ने अंतिम ओवर में लगातार यॉर्कर फेंकीं और नेपाल की टीम सिर्फ पांच रन ही बना पाई। लेकिन फिर भी 17,000 से ज्यादा प्रशंसक वानखेड़े स्टेडियम में मौजूद थे और उन्होंने नेपाल को अपनी क्षमता से कहीं बेहतर प्रदर्शन करते देखा।कप्तान रोहित पौडेल (39), दीपेंद्र सिंह ऐरी (39), कुशाल भुर्तेल (29) और लोकेश बसम (चार चौके, दो छक्के) ने शानदार जज्बा दिखाया लेकिन वे अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाए। नेपाल को आखिरी तीन ओवर में 46 रन चाहिए थे तब बाम ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। उन्होंने जोफ्रा आर्चर के 18वें ओवर में दो छक्के और 19वें ओवर में ल्यूक वुड पर लगातार दो चौके लगाए।

भुर्तेल ने शुरुआत में तेजी से रन जुटाए जबकि पौडेल और ऐरी के बीच तीसरे विकेट के लिए 82 रन की मजबूत साझेदारी ने नेपाल को मजबूती दी। नेपाल ने आसिफ शेख (07) के रूप में शुरुआती विकेट गंवा दिया था लेकिन भुर्तेल ने 17 गेंद में चार चौकों और एक छक्के की मदद से 29 रन बनाकर लय बनाई। लेकिन छठे ओवर में आउट हो गए।

14वें ओवर में पौडेल ने रन गति बढ़ाकर नेपाल को लक्ष्य की ओर अग्रसर किया। उन्होंने इंग्लैंड के सबसे सीनियर गेंदबाज राशिद खान के ओवर में छक्का और चौका लगाया। हालांकि ड्रिंक्स ब्रेक के बाद ऐरी और पौडेल की लय टूट गई। ऐरी ने 15वें ओवर में सैम करन की गेंद पर आउट हो गए। इसके तुरंत बाद पौडेल भी लियाम डॉसन की गेंद पर स्वीप शॉट खेलने की कोशिश में डीप मिडविकेट पर फिल साल्ट के हाथों कैच आउट हुए।

इससे पहले इंग्लैंड ने कप्तान हैरी ब्रूक (53 रन) और जैकब बेथेल (55 रन) के अर्धशतकों से सात विकेट पर 184 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। बाएं हाथ के युवा बल्लेबाज बेथेल ने टी20 विश्व कप पदार्पण में तेज अर्धशतक से शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 35 गेंद में चार छक्के और इतने ही चौके लगाए। कप्तान ब्रूक 32 गेंद में चार चौके और तीन छक्के की मदद से एक महत्वपूर्ण पारी खेलने के बाद आउट हो गए। उन्होंने बेथेल के साथ चौथे विकेट के लिए 71 रन की साझेदारी की।

नेपाल के गेंदबाजों ने अपनी तरफ से कड़ी चुनौती पेश की। शेर मल्ला ने अपने दूसरे ओवर की पहली गेंद पर फिल साल्ट (01) को कैच आउट करवाया तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। नंदन यादव ने पांचवें ओवर में जोस बटलर (26) का अहम विकेट लिया जो बेथेल के साथ मिलकर पारी को संभालने की कोशिश कर रहे थे।





लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाने से निराश नेपाल के बल्लेबाज लोकेश बाम। अखिरी ओवर में इंग्लैंड के लिए शानदार ओवर करने वाले सैम करन को बधाई देते साथी खिलाड़ी। एजेंसी

## कामिंदु, कुसल ने श्रीलंका को 163 रनों तक पहुंचाया

**कोलंबो।** कामिंदु मेंडिस के 19 गेंद में 44 रन और कुसल मेंडिस के नाबाद अर्धशतक के दम पर श्रीलंका ने खराब शुरूआत के बाद आयरलैंड के खिलाफ रविवार को टी20 विश्व कप के मैच में छह विकेट पर 163 रन बनाए। विकेटकीपर कुसल ने 43 गेंद में पांच चौकों की मदद से 56 रन बनाये और पांचवें विकेट के लिये कामिंदु के साथ 67 रन की साझेदारी की। कामिंदु ने अपनी पारी में चार चौके और दो छक्के लगाये। एक समय पर श्रीलंका का स्कोर 14वें ओवर में चार विकेट पर 86 रन था। श्रीलंका को आयरलैंड के खराब क्षेत्ररक्षण का भी फायदा मिला जिसने कुछ कैच टपकाये। पहले गेंदबाजी चुनने का आयरलैंड का फैसला सही साबित होता दिखने लगा जब श्रीलंका पहले चार ओवर में 28 रन ही बना सका और कामिल मिशारा (14) का विकेट भी गंवा दिया। मिशारा को एक जीवनदान भी मिला जिसका वह फायदा नहीं उठा सके और मार्क एडेयर की धीमी गेंद पर मिडआफ में कैच दे बैठे। सलामी बल्लेबाज पाथुम निसांका ने 23 गेंद में 24 रन बनाये। उन्होंने बायें हाथ के स्पिनर मैथ्यू हम्फ्रे को डीप स्क्वेयर लेग पर छक्का लगाया तो ऐसा लग रहा था कि वह बड़ी पारी खेलेंगे। कुसल मेंडिस ने बैरी मैकार्थी को छठे ओवर में तीन चौके लगाकर श्रीलंका को पावरप्ले के बाद एक विकेट पर 50 रन तक पहुंचाया। इसके बाद आयरलैंड के कप्तान पॉल स्टर्लिंग ने बायें हाथ के स्पिनर जॉर्ज डॉकरेल को गेंद सौंपी जिन्होंने पहले ओवर में चार ही रन दिए। डॉकरेल ने धीमी गेंद पर निसांका को ललचाया जो कवर में स्टर्लिग को कैच दे बैठे। इसके बाद उनका अगला शिकार पवन रत्नायके बने जो खराब शॉट खेलने के चक्कर में विकेट गंवा बैठे। श्रीलंका का स्कोर 11वें ओवर में तीन विकेट पर 68 रन था। डॉकरेल ने 17 रन देकर दो विकेट चटकाये। जेरेथ डेलानी ने दुनिथ वेलालागे को पवेलियन भेजकर श्रीलंका की मुश्किलें बढा दी। इसके बाद हालांकि कामिंदु और कुसल ने पारी को संभाला।



ताबड़तोड़ पारी के दौरान शॉट लगाते श्रीलंका के कामिंदु मेंडिस। एजेंसी

## सीफर्ट और गेंदबाजों ने न्यूजीलैंड को अफगानिस्तान पर जीत दिलाई

**चेन्नई, एजेंसी**

टिम सीफर्ट के तेजतर्रार अर्धशतक से न्यूजीलैंड ने आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप डी मैच में रविवार को यहां अफगानिस्तान को पांच विकेट से हराकर अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की।

अफगानिस्तान के 183 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड ने सलामी बल्लेबाज और विकेटकीपर सीफर्ट की 42 गेंद में तीन छक्कों और सात चौकों से 65 रन की पारी की बदौलत 17.5 ओवर में पांच विकेट पर 183 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। सीफर्ट ने ग्लेन फिलिप्स (42 रन, 25 गेंद, सात चौके, एक छक्का) के साथ तीसरे विकेट के लिए 47 गेंद में 74 रन की साझेदारी भी की जिससे न्यूजीलैंड की टीम दूसरे ओवर में 14 रन पर दो विकेट गंवाने के बाद वापसी करने में सफल रही।

अफगानिस्तान ने अनुभवी गुलबदिन नायब (63 रन, 35 गेंद, चार छक्के, तीन चौके) के शानदार अर्धशतक और सेदिकुल्लाह अटल (29 रन, 24 गेंद) के बीच उनकी तीसरे विकेट की 51 गेंद में 79 रन की साझेदारी से छह विकेट पर 182 रन बनाए। न्यूजीलैंड की ओर से लॉकी फर्ग्युसन सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 40 रन देकर दो विकेट चटकाए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरे न्यूजीलैंड को स्पिनर मुजीब उर रहमान (31 रन पर दो विकेट) ने दूसरे ओवर में सलामी बल्लेबाज फिन एलेन (01) और रचिन रविंद्र (00) को लगातार गेंदों पर बोल्ड करके दोहरा झटका दिया। सीफर्ट ने इसके बाद फिलिप्स के साथ मिलकर पारी को संभाला। उन्होंने ऑफ स्पिनर मोहम्मद नबी की गेंद पर छक्के के साथ 39 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। फिलिप्स ने अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान को निशाना बनाते हुए उनकी लगातार गेंदों पर चौका और छक्का मारा। राशिद ने फिलिप्स को बोल्ड करके इस साझेदारी को तोड़ा जबकि नवी ने सीफर्ट को अजमतुल्लाह उमरजई के हाथों कैच कराके अफगानिस्तान को वापसी दिलाने की कोशिश की। मार्क चैपमैन (28), डेरिल मिचेल (नाबाद 25) और कप्तान मिचेल सेंटनर (नाबाद 17) ने हालांकि न्यूजीलैंड की जीत सुनिश्चित की।

इससे पहले टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अफगानिस्तान को न्यूजीलैंड की अनुशासित गेंदबाजी के सामने मुश्किलों का सामना करना पड़ा। गुलबदिन और सेदिकुल्लाह ने अच्छी साझेदारी की लेकिन बल्लेबाज खुलकर रन नहीं बना पाए।



अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान।



शॉट लगाते न्यूजीलैंड के टिम सीफर्ट। एजेंसी

## पीसीबी से बात करने लाहौर पहुंचे आईसीसी के उपाध्यक्ष

**कराची, एजेंसी**

- भारत के खिलाफ मैच के बहिष्कार का मामला

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के उपाध्यक्ष इमरान ख्वाजा भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप मुकाबले के पाकिस्तान के प्रस्तावित बहिष्कार पर जारी गतिरोध को सुलझाने की कोशिशों के बीच पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अधिकारियों से मिलने के लिए लाहौर पहुंच गए। आईसीसी में सिंगापुर का प्रतिनिधित्व करने वाले ख्वाजा वैश्विक संचालन संस्था में एक प्रभावशाली व्यक्ति हैं और एसोसिएट सदस्य निदेशक के तौर पर बोर्ड में उनके पास मतदान का अधिकार है। पीसीबी के करीबी एक सूत्र ने पुष्टि की है कि ख्वाजा को आईसीसी बोर्ड ने इस विवादास्पद विषय पर मध्यस्थ के रूप में नामित किया है।

सूत्र ने कहा वह (ख्वाजा) पिछले कुछ समय से मोहसिन नकवी से बातचीत कर रहे हैं और वह आज लाहौर पहुंच रहे हैं जिससे कि आज शाम वर्चुअल बैठक से पहले पीसीबी प्रमुख और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम से बात कर सकें। अमीनुल पहले से ही लाहौर में हैं और रविवार को नकवी से मिल चुके हैं। उम्मीद है कि अमीनुल उन चर्चाओं का हिस्सा होंगे जिनका मकसद पाकिस्तान को 15 फरवरी को कोलंबो में भारत के खिलाफ नहीं खेलने के अपने फैसले पर फिर से विचार करने के लिए मनाना है। दोनों अधिकारी ख्वाजा और अमीनुल का हवाई अड्डे पर पीसीबी अधिकारियों ने स्वागत किया जो उन्हें गद्दाफी स्टेडियम ले गए जहां उन्हें बोर्ड प्रमुख मोहसिन नकवी से मुलाकात करनी है। पीसीबी के एक सूत्र ने बताया कि ख्वाजा और अमीनुल दोनों नकवी से बात करके बाद में आईसीसी संचालन बोर्ड के कुछ सदस्यों से वर्चुअल बात करेंगे। सूत्र ने कहा कि आईसीसी अपनी ओर से पूरी कोशिश कर रही है कि पीसीबी अपनी टीम को 15 फरवरी का मैच खेलने की अनुमति सरकार से दिलाए। नकवी ने भारत मैच के बहिष्कार के सरकार के निर्देशों पर ज्यादा टिप्पणी नहीं की है।

## भारत–नीदरलैंड्स के बीच पांचवां मैच होगा निर्णायक

**डेविस कप क्वालीफायर**

**बेंगलुरु, एजेंसी**

- युकी भांबरी और दक्षिणेश्वर सुरेश युगल मुकाबला जीते तो नागल उलट एकल हारे

युकी भांबरी और दक्षिणेश्वर सुरेश ने मैराथन युगल मुकाबला जीता लेकिन उलट एकल में सुमित नागल के हारने के बाद अब भारत और नीदरलैंड के बीच डेविस कप क्वालीफायर मुकाबले का फैसला निर्णायक पांचवें मैच से होगा।

नागल एक सेट जीतने के बाद दुनिया के 88वें नंबर के खिलाड़ी जेस्पर डि जोंग से करीब तीन घंटे तक मुकाबला 7-5, 1-6, 4-6 से हार गए। अब मुकाबला 2-2 से बराबर होने के बाद नजरें पांचवें मुकाबले पर लगी है जिसमें भारत के दक्षिणेश्वर सुरेश का सामना गाय डि ओडेन से होगा जिसने शनिवार को नागल को हराया था। इससे पहले युगल मुकाबले में दक्षिणेश्वर और भांबरी ने डेविड पेल और सैंडर एरेंड्स को 7-6, 3-6, 7-6 से हराकर भारत को 2-1 से बढत दिला दी थी। तीन घंटे तक चले बराबरी के मुकाबले में एन श्रीराम बालाजी की जगह दक्षिणेश्वर को उतारने का भारतीय कप्तान रोहित राजपाल का फैसला सटीक साबित हुआ। दोनों टीमों के लिये यह अहम मुकाबला था क्योंकि कल स्कोर 1-1 से बराबर था। भाम्बरी की सर्विस पर लगातार दबाव था खासकर सातवें गेम में जब उनकी पहली सर्विस कमजोर पड़ गई थी। जब स्कोर 30.30 से बराबर था तब 'डबल फॉल्ट' से नीदरलैंड को ब्रेक प्वाइंट मिला पर भाम्बरी ने सटीक रिटर्न से जवाब देकर खतरे को टाल दिया।



जश्न मनाते भारत के युकी भांबरी (बाएं से दूसरे) और दक्षिणेश्वर सुरेश (दाएं)। एजेंसी

## भारत ने बॉक्सैम एलीट 2026 में नौ स्वर्ण पदक जीते

**ला नूसिया (स्पेन)।** ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन और पूर्व युवा विश्व चैंपियन अरुंधति चौधरी की अगुआई में भारत ने बॉक्सैम एलीट इंटरनेशनल 2026 टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए नौ स्वर्ण पदक जीते। शनिवार को सात एलीट महिला फाइनल में भारतीयों ने प्रतिनिधित्व किया। वहीं 54 किग्रा वर्ग में फाइनल दो भारतीयों के बीच हुआ। भारतीय महिलाओं ने प्रत्येक में स्वर्ण पदक जीता। बॉक्सैम एलीट 2026 में 20 देशों के 200 से अधिक मुक्केबाजों ने भाग लिया। भारत नौ स्वर्ण, तीन रजत और सात कांस्य पदक के साथ प्रतियोगिता में सबसे सफल रहा।

भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा बॉक्सैम एलीट ने मुक्केबाजों को वैसा ही अनुभव दिया जिसकी हम सत्र के इस चरण में तलाश कर रहे थे।

**बदली किस्मत** | कभी इंग्लैंड में चलाते थे टैक्सी अब वर्ल्ड कप में कर रहे भागीदारी

## इटली टीम से धूम मचाने को तैयार पंजाब के जसप्रीत

**चेन्नई, एजेंसी**

चलो! हम हिंदी में बात करेंगे। इटली के एक क्रिकेटर के साक्षात्कार से पहले आपको यह पंक्ति अक्सर सुनने को नहीं मिलेगी। लेकिन जसप्रीत सिंह ने 22 साल पहले 10 साल की उम्र में अपने माता-पिता के साथ बर्गमो जाने के बावजूद ना तो अपनी भाषा और ना ही पंजाब के अपने गृहनगर फगवाड़ा से अपना जुड़ाव भुलाया है। इटली में शुरुआती दिन आसान नहीं थे क्योंकि उनके पिता तीरथ सिंह और मां जसवीर कौर को एक अनजान शहर में फैक्ट्री मजदूर के तौर पर काम करना पड़ा।

जसप्रीत ने पीटीआई को बताया जब हमें इटली जाने का मौका मिला तो यह मेरे परिवार के लिए एक बड़ा दिन था। लेकिन हम थोड़े चिंतित भी थे क्योंकि यह एक नया देश, नई भाषा और नई संस्कृति थी। सब कुछ हमारे लिए नया था। लेकिन मैं सोच रहा था कि क्रिकेट कैसे खेलूं जो मैं अपने शहर में बचपन में खेला करता था। क्रिकेट के मामले में इटली जैसे देश में जाना मुश्किल था क्योंकि इस यूरोपीय देश में शायद ही कोई उचित बुनियादी ढांचा था। वह स्थानीय बर्गमो क्रिकेट क्लब से जुड़ गए जो अधिक से अधिक एक मामूली सुविधा थी लेकिन उन्होंने अपने पिता के काम में मदद करने के लिए दो साल का इलेक्ट्रीशियन का कोर्स भी पूरा किया। हालांकि जसप्रीत को जल्द ही स्थानीय गुरुद्वारे में मिले कुछ भारतीय प्रवासियों की मदद से अपने क्रिकेट कौशल को बेहतर बनाने का एक तरीका मिल गया।

उन्होंने उसे टर्फ विकेट पर क्रिकेट खेलने के लिए इंग्लैंड जाने को कहा और बर्मिंघम में रहते हुए अपने खर्चों को पूरा करने के लिए उसे उबर ड्राइवर के तौर पर भी काम करना पड़ा। जसप्रीत ने कहा जब मैं बच्चा था तो भारत में क्रिकेट खेलता था और जब मैं इटली गया तो मैं वही करना चाहता था। लेकिन जब मैं इटली गया तो वहां क्रिकेट नहीं था, कोई असली स्टेडियम या ग्राउंड नहीं थे, जैसे मैंने पंजाब में देखे थे। बर्मिंघम एवं जिला प्रीमियर लीग में खेलने वाले 32 वर्षीय जसप्रीत ने कहा जब मुझे इसके बारे में पता चला तो मैं इंग्लैंड जाकर वहां खेलने लगा।




### हमारे लिए है एक अद्भुत एहसास

जसप्रीत ने कहा भारत की यात्रा सिर्फ अपनी मातृभूमि में वापसी नहीं है बल्कि देश में विश्व स्तरीय क्रिकेट सुविधाओं का अनुभव करने का भी एक मौका है। यह हमारे लिए एक अद्भुत एहसास है। मैं बचपन से इन मैदान को देखता आ रहा हूं। हमारे महान दिग्गज जैसे कपिल देव, सुनील गावस्कर, सचिन तेंदुलकर, महेंद्र सिंह धोनी और विराट कोहली इन मैदान में खेले हैं। जसप्रीत ने कहा यहां आकर उस माहौल में खेलना... चिदंबरम स्टेडियम (अभ्यास मैच), ईडन गार्डन्स, वानखेड़े। यह हम सभी के लिए एक सपने के सच होने जैसा है। हमें बहुत गर्व महसूस हो रहा है कि हम यहां तक पहुंचे हैं। उन्होंने कहा हम सिर्फ विश्व कप में हिस्सा लेने नहीं आए हैं, हम मुकाबला करने भी आए हैं।